हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 03.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 128 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 ~~रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### रुपया 42 पैसे टूटकर ₹89.95 प्रति डॉलर के सबसे निचले स्तर पर

**नयी दिल्ली :** भारतीय रुपया मंगलवार को दूसरी लगातार सेशन में भारी गिरावट के साथ अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 42 पैसे टूटकर 89.95 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह कुछ समय के लिए 90.00 के रिकॉर्ड स्तर तक भी फिसल गया। विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार ट्रेडर्स की बिकवाली, आयातकों की डॉलर डिमांड, विदेशी पूंजी की निकासी और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता—इन सभी कारणों ने रुपए पर भारी दबाव बनाया। दिन की शुरूआत में रुपया 89.70 पर खुला लेकिन कारोबार के दौरान 47 पैसे टूटकर 90.00 तक गिर गया। कोटक सिक्योरिटीज के करेंसी विशेषज्ञ अनिंद्य बनर्जी के अनुसार, 90 एक बड़ा मनोवैज्ञानिक स्तर है। अगर रुपया इसके ऊपर (कमजोर) जाता है, तो यह तेज गति से 91.00 या उससे भी ज्यादा के स्तर की ओर बढ़ सकता है।

### बिहार विधानसभा के निर्विरोध स्पीकर चुने गए प्रेम कुमार

**पटना :** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार निर्विरोध ही चुन लिये गए हैं। प्रेम कुमार के स्पीकर बनते ही सदन में मौजूद विधायकों ने जय श्री राम के नारे लगाये। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मिलकर उन्हें अध्यक्ष की कुर्सी तक लाया। दरअसल, बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र का मंगलवार को दूसरा दिन था। आज स्पीकर प्रेम कुमार चुन लिये गए। इस दौरान उनके स्पीकर बनने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें बधाई दी। साथ ही उनके काम की जमकर सराहना भी की। सीएम नीतीश कुमार ने इस दौरान सदन के सदस्यों को खड़े होकर नये अध्यक्ष को प्रणाम करने के लिये भी कहा। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन 7 विधायकों को छोड़ बाकी सभी विधायकों ने शपथ ले लिया था। ऐसे में आज 5 विधायकों ने शपथ ग्रहण किया। उन पांच विधायकों में मदन सहनी, विनय बिहारी, जीवेश मिश्रा, केदार नाथ सिंह और डॉ. सुनील कुमार शामिल हैं। जबकि 2 ऐसे विधायक हैं जो आज भी गैरहाजिर रहे। उन विधायकों में कुचायकोट के विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय और मोकामा के अनंत सिंह शामिल हैं।

### होमगार्ड कार्यालय का मुंशी पांच हजार घूस लेते गिरफ्तार

**सिमडेगा :** एसीबी रांची की टीम ने मंगलवार को सिमडेगा स्थित होमगार्ड वाहिनी कार्यालय के एक मुंशी को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामला सिमडेगा के शाहपुर डीपा टोली के निवासी बोनीफास डुंगडुंग से जुड़ा है। डुंगडुंग के अनुसार, होमगार्ड वाहिनी कार्यालय, सिमडेगा में कार्यरत मुंशी श्याम कुमार गुप्ता द्वारा उनसे ड्यूटी के संबंध में कमान-पत्र निर्गत करने के एवज में पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। बोनीफास डुंगडुंग रिश्वत देकर अपना काम नहीं करवाना चाहते थे, जिसके बाद उन्होंने एसीबी रांची में लिखित आवेदन देकर इसकी सूचना दी। आवेदन पर एसीबी द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया।

# संसद में आठ को वंदे मातरम और नौ दिसंबर को चुनाव सुधार पर होगी चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर चर्चा कराने के लिए तैयार हो गई है। लोकसभा में सोमवार, 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा होगी। इसके अगले दिन मंगलवार, 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा कराई जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह तय किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार, 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से लोकसभा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर और मंगलवार, 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। विपक्ष संसद के पिछले और मौजूदा सत्र में लगातार मतदाता सूची अपडेट करने की प्रक्रिया एसआईआर को लेकर हंगामा करता रहा है। सोमवार से शुरू हुई संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही इस मुद्दे पर लगातार दूसरे दिन भी बाधित हुई।

केन्द्रीय मंत्री ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अध्यक्ष की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक सार्थक रही और हम सभी इस बात पर सहमत हुए कि सोमवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा होगी। यह चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी और पूरे दिन चलेगी। इस बात पर भी सहमति बनी कि मंगलवार, 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। इसमें देश में चुनाव और उसकी प्रक्रिया से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा और संवाद हो सकता है। संसदीय लोकतंत्र के लिए चुनाव प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, चर्चा के लिए सहमति बन जाने से मामला सुलझ गया है और समय और तारीख तय हो गई है, मैं एक बहुत ही रचनात्मक और आकर्षक चर्चा की आशा करता हूं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों विषयों की सदन में चर्चा पूरी होने के बाद हम इसे राज्यसभा में उठाने का प्रस्ताव रखेंगे।



एसआईआर का विरोध करता विपक्ष

### एसआईआर पर विपक्ष क्या कह रहा है?

- चुनाव आयोग जल्दबाजी में एसआईआर करा रहा है।
- प्रक्रिया में पारदर्शिता और तैयारी की कमी।
- कड़े टाइमलाइन के कारण मतदाताओं और अधिकारियों को परेशानी।
- एसआईआर राजनीतिक दबाव में की जा रही कार्रवाई।
- संशोधित मतदाता सूची में गड़बड़ियों का आरोप।

### देश की एकता-अखंडता के खिलाफ गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस, पांच वर्षो में 23 संगठन अवैध घोषित : केंद्र

**नयी दिल्ली :** भारत सरकार किसी भी प्रकार की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस (शून्य सहनशीलता) नीति अपनाती है। पिछले पांच वर्षों में सरकार ने 23 संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत की गई है। यह जानकारी गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। गृह राज्यमंत्री राय ने बताया कि राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखंडता और सुरक्षा के विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त किसी भी संगठन के खिलाफ सख्त और सतत कदम उठाए जाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन पांच वर्षों के दौरान जिन 23 संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया गया है, उनमें एसआईएमआई, यूएलएफए, एटीटीएफ, विभिन्न मणिपुरी उग्रवादी संगठन, एनएलएफटी, एनएससीएन (के), हाइन्यूत्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल, एलटीटीई, इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन, पीएफआई और इसके सहयोगी संगठनों सहित जम्मू-कश्मीर के कई चरमपंथी संगठनों के नाम शामिल हैं। गृह राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की यह कठोर कार्रवाई देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने लोकसभा में बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को विश्वस्तरीय जांच एजेंसी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

### प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ', केंद्रीय सचिवालय होगा 'कर्तव्य भवन'

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शासन व्यवस्था में प्रशासनिक नहीं, बल्कि वैचारिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के नए परिसर का आधिकारिक नाम 'सेवा तीर्थ' घोषित किया है। इसी के साथ केंद्रीय सचिवालय को अब 'कर्तव्य भवन' के नाम से जाना जाएगा। सरकार ने कहा है कि ये बदलाव सत्ता के बजाय जिम्मेदारी और पद के बजाय सेवा की भावना को प्रबल करने वाले हैं। यह नया परिसर, जिसे सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' के नाम से विकसित किया जा रहा था, अब अंतिम चरण में है। इसी परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय तथा 'इंडिया हाउस' भी स्थित होंगे, जहां विदेश से आने वाले उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण वार्ताएं आयोजित की जाएंगी। सरकार ने देशभर के राजभवनों के नाम बदलकर 'लोक भवन' करने का निर्णय भी पहले ही लिया था। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कार्यालय का 'सेवा तीर्थ' और केंद्रीय सचिवालय का 'कर्तव्य भवन' नामकरण नागरिक-प्रथम प्रशासनिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है।

## सीए नरेश केजरीवाल से जुड़े ठिकानों पर ईडी की रेड, 65 लाख नकद जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सीए नरेश केजरीवाल व इससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान 65 लाख रुपये नकद और 55 लाख रुपये के सोना चांदी के सिक्के मिले हैं। साथ ही हवाला के सहारे पैसों को विदेश भेजने से संबंधित सबूत मिले हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार की सुबह छह बजे नरेश केजरीवाल व उससे जुड़े ठिकानों पर एफईएमए के तहत छापा मारा। छापेमारी के दौरान गिरधर केजरीवाल के ठिकानों से 30 लाख रुपये नकद मिले। अजय केजरीवाल के ठिकानों से 10 लाख रुपये और इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 25 लाख रुपये नकद मिले। इसके अलावा इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 55 लाख रुपये के सोना-चांदी के सिक्के मिले हैं।

छापेमारी के दौरान मिली इन चीजों को जब्त कर लिया गया है। ईडी द्वारा एफईएमए के तहत की जांच के दौरान इस बात के सबूत मिले थे कि हवाला के सहारे विदेशों में बनी शेल कंपनियों में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया। साथ ही करीब इतनी ही रकम विदेशों से डिजिटल ट्रांसफर के सहारे मंगाया। यह प्रक्रिया काले धन को ह्वाइट करने की एक सुनियोजित प्रक्रिया के तहत की गयी है। जांच में पाया गया कि केजरीवाल व उससे संबंधित लोगों द्वारा हवाला के सहारे यूएई, यूएसए, नाईजिरिया सहित अन्य देशों में भेजने का काम किया जाता है।

प्रवर्तन निदेशालय ने रांची के चर्चित चार्टर्ड अकाउंटेंट नरेश केजरीवाल और उसके भाई इंदर लाल केजरीवाल व उससे जुड़े लोगों के रांची, मुंबई और सूरत स्थित ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी के दायरे में कुल 12 ठिकानों को शामिल किया गया है। इसमें रांची के सात, मुंबई के दो और सूरत के तीन ठिकानें शामिल है। ईडी ने एफईएमए के तहत नरेश केजरीवाल और उसके भाई इंदर लाल केजरीवाल के कार्यालय और आवासीय परिसों पर छापा मारा। रांची में छापेमारी के दायरे में केजरीवाल के चर्च कंप्लेक्स स्थित कार्यालय और पंचवटी प्लाजा स्थित कार्यालय और लालपुर स्थित घर को शामिल किया गया है। ईडी ने नरेश केजरीवाल के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा की गयी छापेमारी के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर इस मामले में एफईएमए के तहत जांच शुरू की थी। ईडी द्वारा की गयी प्रारंभिक जांच के दौरान केरजीवाल द्वारा विदेशों में धन निवेश किये जाने के सबूत मिले हैं।

## इंडिगो की कुवैत-हैदराबाद फ्लाइट में बम की धमकी निकली झूठी, जांच शुरू




एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो के कुवैत-हैदराबाद फ्लाइट में बम की धमकी की सूचना जांच के बाद झूठी साबित हुई है। हालांकि इस मामले में बम की धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

मुंबई एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी मिलने के बाद प्रोटोकॉल के मुताबिक प्रोसीजर फॉलो किए गए। सिक्योरिटी एजेंसियों के एयरक्राफ्ट की जांच शुरू करने से पहले पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया।

मुंबई एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि कुवैत से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट को बम की धमकी मिलने के बाद मंगलवार सुबह मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। इसके बाद एयरक्राफ्ट ने सुबह 7.45 बजे इमरजेंसी लैंडिंग की और पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया। बाद में सिक्योरिटी स्क्रीनिंग के लिए उसे एक अलग बे में ले जाया गया। सीआईएसएफ, मुंबई पुलिस और बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस) की टीमों ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत एयरक्राफ्ट की पूरी जांच की। धमकी के सोर्स का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। इंडिगो के अधिकारियों ने कहा कि जांच के बाद, एयरक्राफ्ट को क्लियरेंस दे दिया गया है और उसे टर्मिनल पर खड़ा किया गया है।

## झारखंड के 1,61,55,740 मतदाताओं की मैपिंग सम्पन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं की पिछली एसआईआर के मतदाता सूची से मैपिंग के क्रम में 1 करोड़ 61 लाख 55 हजार 740 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) एएसडी सूची में 12 लाख मतदाताओं को सूचीबद्ध किया गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची के मैपिंग के अन्य कार्य प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन में कम पैतृक मैपिंग करने वाले विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ एवं सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पिछली एसआईआर के बाद राज्य में अन्य



राज्यों से आए मतदाता एवं जिन मतदाताओं की पिछली एसआईआर वाले मतदाता सूची से मैपिंग में कठिनाई आ रही है उनकी संबंधित राज्य के सीईओ वेबसाइट अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का उपयोग करते हुए मैपिंग सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि कम परफॉर्मेंस वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुए बैचवार ट्रेनिंग दें। इसके साथ ही मतदाताओं को भी पैतृक मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि वैसे बीएलओ जो पिछली एसआईआर के मतदाता सूची से मतदाता का विवरण नहीं ढूंढ पा रहे वे अपने जिले मुख्यालय के हेल्पडेस्क मैनेजर से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि बीएलओ को कार्यक्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों का आंकलन करते हुए उनकी सहायता करें, जिससे वे पैतृक मैपिंग के कार्य को आसानी से कर पाएं।


मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मैपिंग करते समय (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) एएसडी सूची से भी मिलान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का पैतृक मैपिंग का कार्य को प्राथमिकता देते हुए करें। अधिक से अधिक पैतृक मैपिंग से एसआईआर के समय कम से कम मतदाताओं को दस्तावेज समर्पित करना पड़ेगा एवं प्रक्रिया में आसानी आएगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से छुटे नहीं इसे ध्यान में रखकर कार्य करें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान अपना बंदरगाह छोड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाया : नौसेना प्रमुख

### अगले दशक में अपने रणनीतिक लक्ष्यों की साफ समझ के साथ आगे बढ़ रही है भारतीय नौसेना

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आक्रामक रवैया और कैरियर बैटल ग्रुप की तैनाती के तुरंत एक्शन ने पाकिस्तानी नौसेना को अपने बंदरगाह तक सीमित रहने के लिए मजबूर कर दिया था। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2029 तक हमें फ्रांस से चार राफेल मरीन का पहला सेट मिल जाएगा। एडमिरल त्रिपाठी ने एक साल की उपलब्धियों के बारे में कहा कि पिछले नौसेना दिवस के बाद से हमने एक सबमरीन और 12 वॉरशिप को कमीशन किया है।




आईएनएस उदयगिरि हमारा 100वां वॉरशिप था, जिसे हमारे अपने ब्यूरो ने डिजाइन किया था। सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस में नौसेना प्रमुख ने मई में हवाई संघर्ष के दौरान पाकिस्तानी नौसेना को शांत रखने के लिए कैरियर बैटल ग्रुप की तैनाती को भी क्रेडिट दिया। उन्होंने दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी चल रहा है और असल में खत्म नहीं हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव डाला है, क्योंकि लड़ाई के बाद बड़ी संख्या में मर्चेंट जहाजों ने उस देश की यात्रा करने से परहेज किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने इस्लामाबाद के सैन्य ढांचे को नष्ट कर दिया था, इसलिए पाकिस्तान जाने वाले जहाजों के इंश्योरेंस का खर्च भी बढ़ गया है। त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय नौसेना अगले दशक में अपने रणनीतिक लक्ष्यों की साफ समझ के साथ आगे बढ़ रही है।

भारतीय नौसेना की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में उन्होंने कहा कि नौसेना ने एक साल के भीतर लगभग 11 हजार शिप डे और 50 हजार फ्लाइंग घंटे पूरे किए हैं और यह सिलसिला जारी है। हमने 2008 से लगातार अदन की खाड़ी में एक शिप तैनात कर रखा है। जहाज को एंटी पायरेसी ड्यूटी के लिए स्टेशन पर रिलीव किया जाता है। आज तक इसके लिए 138 शिप तैनात किए गए हैं और उन्होंने सभी देशों और क्रू के 3,700 से ज्यादा मर्चेंट वेसल को सफलतापूर्वक एस्कॉर्ट किया है। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर से रेड सी संकट शुरू होने से पायरेसी की घटनाएं बढ़ गईं और हमने 62 समुद्री लुटेरों को पकड़ा है। खासकर हूथी उग्रवादियों जैसे नॉन-स्टेट एक्टर्स की बढ़ती एक्टिविटी के कारण हमारे 40 कैपिटल शिप, उनके जरूरी एसेट्स (हेलीकॉप्टर वगैरह) और कैपेबिलिटी के साथ तैनात किए गए हैं।

### नेशनल हाइवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में पहले ही मिलेगा अलर्ट

## एनएचएआई का जियो के साथ समझौता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** एनएचएआई ने नेशनल हाइवे उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा बढ़ाने और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए रिलायंस जियो के साथ मोबाइल आधारित सुरक्षा अलर्ट सिस्टम लागू करने के लिए समझौता किया है। इसके जरिए दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों, धुंध प्रभावित इलाकों, आवारा पशुओं वाले स्थानों और आपातकालीन मार्ग परिवर्तनों के पास पहुंचने पर यात्रियों को एसएमएस, व्हाट्सएप और उच्च प्राथमिकता कॉल के माध्यम से समय पर चेतावनी दी जाएगी। इसे एनएचएआई के डिजिटल प्लेटफॉर्म 'राजमार्ग यात्रा' ऐप और हेल्पलाइन के साथ चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जाएगा। इससे नेशनल हाइवे पर यात्रा और अधिक सुरक्षित हो जाएगी।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, इस सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को मोबाइल फोन पर पहले से चेतावनी दी जाएगी जब वे दुर्घटना-संभावित क्षेत्र, आवारा पशुओं वाले इलाके, धुंध प्रभावित क्षेत्र या आपातकालीन मार्ग परिवर्तनों के पास पहुंचेंगे। अलर्ट एसएमएस, व्हाट्सएप और उच्च प्राथमिकता वाले कॉल के जरिए भेजे जाएंगे। एनएचएआई के डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे 'राजमार्ग यात्रा' मोबाइल एप और आपातकालीन हेल्पलाइन 1033 के साथ इस सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से एकीकृत किया जाएगा। यह ऑटोमेटेड सिस्टम सभी जियो मोबाइल उपयोगकताओं के लिए काम करेगा और उन्हें खतरे वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले सुरक्षित निर्णय लेने में मदद करेगा। एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि यह पहल नेशनल हाइवे यात्रियों को समय पर भरोसेमंद जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे सुरक्षित ड्राइविंग कर सकेंगे।

## एक नजर

### चलकुशा पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चलकुशा :** थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार के नेतृत्व में लगातार की जा रही छापेमारी में चलकुशा थाना कांड संख्या 71/25 के अभियुक्त जीबलाल साव पिता मूर्ति साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जानवर चराने के विवाद में मारपीट तीन घायल



**बरही :** रानीचूआ पंचायत के चलांगा में जानवर चराने से मना करने को लेकर हुई विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कुंती देवी (50 वर्ष) पति लक्ष्मण पंडित, विजय कुमार (38 वर्ष) पिता लक्ष्मण पंडित एवं सुमंती देवी 29 वर्ष पति विजय पंडित शामिल है। तीनों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### तेली समाज का सबसे ज्यादा राजनीतिक शोषण करती है भाजपा : सुनील साहू

**बड़कागांव :** कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुंज बिहारी साव की अध्यक्षता में तेली साहू समाज संघर्ष समिति (टीएसफोर) की बैठक हजारीबाग परिसदन भवन के सभागार में सम्पन्न हुई । बैठक का संचालन पूर्व मुखिया सह जिला संयोजक नन्दलाल साव ने किया उक्त मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही समेत जिला के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए। उक्त आशय जानकारी कुंज बिहारी साव ने दिया। आगे बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि तेली समाज के लोग 95 प्रतिशत से भी अधिक वोट सिर्फ भाजपा को देते हैं , बदले में भाजपा लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मौके पर तेली समाज को टिकट नहीं के बराबर देती है। इतना ही नहीं राज्यसभा और विधान परिषद में भी तेली समाज की उपेक्षा बड़े पैमाने पर की जाती है ।स्पष्ट है कि तेली समाज का सबसे ज्यादा राजनीतिक शोषण भाजपा के द्वारा ही की जाती है। प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तेली समाज को सिर्फ 5 टिकट दिया वहीं आरजेडी ने बड़ा दिल दिखाते हुए तेली समाज को 5 टिकट दिया ।जबकि तेली समाज के लोग आरजेडी को 5 प्रतिशत भी वोट नहीं देते हैं।

### मौर्य पब्लिक स्कूल में 7वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कांडतरी में संचालित मौर्य पब्लिक स्कूल का सातवां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता निर्देशक रामचंद्र कुमार एवं संचालन मनजीत गंझु ने किया। इस अवसर पर निर्देशक रामचंद्र कुमार ने केक काटकर सभी को स्कूल की 7वीं स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि इस स्कूल खुलने से अब यहां के अभिभावकों को काफी सहूलियत हुई। कम फीस में बेहतर शिक्षा यहां के बच्चे प्राप्त कर रहे हैं। स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इस स्कूल खुलने से ,बच्चों को बड़े शहरों जैसा संस्कार युक्त व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जा रही है। बच्चों को शारीरिक मानसिक विकास हेतु स्कूल समय-समय पर कई तरह के खेल कूद का आयोजन करवाते रहते हैं।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में मरीज की मौत, सांसद ने जांच की मांग की

## परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन देने का गंभीर आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान पदमा निवासी चौधरी यादव नामक मरीज की मौत हो गई। चौधरी यादव 30 नवंबर की शाम में हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कीटनाशक दवा का सेवन करने के बाद भर्ती हुए थे। चौधरी यादव की उम्र लगभग 45 साल है एवं परिजनों ने आरोप लगाया है कि इलाज के दौरान लापरवाही से चौधरी यादव की मौत हुई है। चौधरी यादव की मौत के बाद उनके भतीजे रणधीर कुमार यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह आरोप लगाया कि डॉक्टर के द्वारा लिखे गए इंजेक्शन जो कि डॉक्टर के पर्चे में लिखा गया था उसके जगह पर गलत इंजेक्शन स्लाइन के माध्यम से मरीज को चढ़ा दी गई और जो मरीज



एकदम ठीक था और डॉक्टर से छुट्टी लेकर घर जाने की मांग कर रहे थे उन्हें एकाएक जलन की शिकायत होने लगी और उनकी मौत हो गई। इस मामले में वह सभी कसूरवारों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले की सूचना मृतक के परिजनों ने जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को दी गई तो वे संसद के शीतकालीन सत्र में होने के बावजूद उन्होंने उनसे बात की और अपने लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। जहां सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर मृतकों के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली और इस पूरे मामले के लिए उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से बहाल लोगों पर सवाल खड़ा करते हुए यह कहा कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और जो भी इस पूरे मामले में दोषी हैं उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि सांसद मनीष जायसवाल खुद हजारीबाग डीसी शशि प्रकाश सिंह से बात की है और जो भी इस मामले के लिए गुनहगार होंगे उसे पर कार्रवाई होगी। रंजन चौधरी ने सुप्रिटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति से मिलकर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद सुपरिंटेंडेंट के द्वारा तीन चिकित्सकों का एक टीम गठन कर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी भी यहां परिजनों संग डटे रहे। पोस्टमार्टम के बाद एम्बुलेंस व्यवस्था कराकर शव को उनके आवास भेजवाया गया। वही इस पूरे मामले पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट अनुकरण पूर्ति ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है जांच चल रही है और एक टीम बनाकर पोस्टमार्टम भी किया जा रहा है इस पूरे मामले में अगर कोई दोषी होगा तो उसे बक्शा नहीं जाएगा और उसे पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और मृतक चौधरी यादव के दो लड़के हैं एवं परिवार के सदस्य कार्रवाई के साथ-साथ मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं।

## एनएमओपीएस पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के विरोध में हजारीबाग में प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** नई पेंशन नीति के विरोध में पिछले 25 नवम्बर को जंतर मंतर न्यू दिल्ली में एनएमओपीएस राष्ट्रीय कमिटी के आह्वान पर आयोजित पेंशन संघर्ष महारैली के मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के विरोध में मंगलवार को पूरे झारखंड में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर के विरोध में हजारीबाग जिला में भी को एफआईआर की प्रतियां जलाकर केंद्र सरकार की दमनकारी नीति का विरोध किया गया। इसका समर्थन करते हुए झारखंड में भी झारोटेफ के राज्य कमिटी के आह्वान पर सभी विभागों के कर्मी एफआईआर की प्रति जलाकर विरोध किए। हजारीबाग में झरोटेफ के जिला अध्यक्ष रणजीत वर्मा एवं जिला सचिव किशोरी महतो के नेतृत्व मे सभी



विभागों में एफआईआर की प्रतियां जलाकर विरोध किया गया। सभी राज्यकर्मी अपने कार्यालय स्थल पर एफआईआर की प्रतियां जलाकर इसका फोटो तथा वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से पोस्ट करते हुए दिल्ली पुलिस के इस करवाई के खिलाफ विरोध दर्ज किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रणजीत वर्मा, जिला सचिव किशोरी महतो, सोशल मीडिया प्रभारी तुलसी कुमार दास, मथुरा प्रसाद, महिला अध्यक्षा अख्तरी खातून, शशिकांत शर्मा, संजय कुमार, कार्तिक पासवान, अशोक यादव, बबीता कुमारी आदि शामिल हुए।

## सीएस एवं मेडिकल कॉलेज सुप्रीडेंट ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज के सुप्रिटेंडेंट डॉ अनुकरण पूर्ति एवं सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण कर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से स्वास्थ्य व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अस्पताल से दी जाने वाली सारी स्वास्थ्य सबलविधाओं की जानकारी दी। साथ ही अस्पताल के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। टीम ने प्रसव कक्ष एवं आपातकालीन सेवा को और दुरुस्त बनाने का निर्देश दिया। इमरजेंसी परिसर को साफ सुथरा रखने तथा हाइजीन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर जांच के दौरान अस्पताल में उपलब्ध रहने वाली सारी दवाएं



मौके पर उपलब्ध दिखी। लैब एवं एक्सरे को और हाईटेक बनाने पर बल दिया गया। टीम ने डीएस को निर्देश दिया कि अस्पताल के मुख्य दीवार पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को फ्लैस किया जाय। ताकि आम जनता सरकार की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सके। टीम में शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज के सुप्रिटेंडेंट डॉ अनुकरण पूर्ति, प्रिंसिपल डॉ सुशील कुमार सिंह, सीएस डॉ अशोक कुमार, डॉ कपिल मुनि एवं नंदकिशोर दुबे शामिल थे। निरीक्षण के समय मौके पर डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, डॉ विक्रम कुमार, डॉ प्रवीण कुमार गौतम कुमार, जावेद अख्तर, कुलदीप कुमार, टीपू कुरैशी, प्रधान लिपिक सोनी रविदास, विजेंद्र कुमार, अनिता कुमारी कदंबनी दुबे आदि लोग मौजूद थे।

## सिकंदर कुमार की पहल पर आसिफ रजा को मिला प्रशासनिक संरक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** प्रखंड के करियातपुर पंचायत स्थित सलोन गांव के आसिफ रजा को अब जिला प्रशासन का संरक्षण मिल गया है। दादी के निधन के बाद आसिफ बिल्कुल अकेला पड़ गया था, जिससे उसके दादा मो. रफीक उसके भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे। स्थिति की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकताओं ने मामले को संज्ञान में लिया। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी तथा जिला उपायुक्त को ट्वीट के माध्यम से गुहार लगाई। ट्वीट के बाद



मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आसिफ की पढ़ाई और आवश्यक योजनाओं से जोड़कर मदद करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद जिला प्रशासन ने आसिफ को संरक्षण में लेते हुए स्पॉन्सरशिप योजना स्वीकृत कर दी है। अब आसिफ रजा प्रशासन की देखरेख में निश्चिंत होकर अपनी शिक्षा जारी रख सकेगा। आसिफ और उसके दादा मो. रफीक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन की इस पहल से उनके जीवन में नई उम्मीद जगी है। मौके पर करियातपुर पंचायत के मनोज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार, रतन लाल प्रजापति, मो. फिरोज, दिनेश प्रजापति सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## 35 पुड़िया ब्राउन सुगर के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** पुलिस अधीक्षक के गुप्त सूचना के आधार पर केरेडारी थाना क्षेत्र के कि पगार ओ०पी० अंतर्गत मुंडाटोली से जोरदाग जाने वाले रास्ते पर मोटरसाइकिल में कुछ लोग ब्राऊन शुगर खरीद बिक्री कर रहे थे,उनमें एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार दबोचा कर जेल भेज दिया पुलिस गेम सूत्र के अनुसार कई दिनों से वरुण शुगर का लेनदेन कर रहा था। गिरफ्तार अपराधी के पहचान जोरदाग गांव के मुंडा टोली निवासी रोहित कुमार( पिता प्रेम साव उर्फ खुदन साव ) के रूप में हुई है, इसके पास से 35 पुड़िया अवैध ब्रॉउन सुगर जिसका वजन 10 ग्राम, वीवो कम्पनी इनरैड मोबाइल, एक यामाहा कम्पनी के बाइक



जिसका निबंधन संख्या JH02 BX-4454 पुलिस ने बरामद की है। छापामारी दल का नेतृत्व बड़कागांव एसडीओ पवन कुमार ने किया। साथ मे विवेक कुमार, थाना प्रभारी केरेडारी, दिनेश कुमार मंडल, ओ०पी० प्रभारी, पगार, स०अ०नि०रंजीत कुमार पाण्डेय, पगार ओपी एवं पगार ओपी के सशस्त्र बल मौजूद थे।

# उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की, जिले में 2 लाख से अधिक लाभुकों को समय पर पेंशन वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शंकर प्रसाद के द्वारा उपायुक्त को रामगढ़ जिले में केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी दी गई। इस दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा बताया गया कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 25620 लाभुकों को सिंतबर 2025 तक पेंशन प्रदान कर दिया गया है। राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के तहत सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्तियों के लिए पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री ट्रांसजेंडर पेंशन योजना के तहत स्कूल 97227 लाभुकों को नवंबर 2025 तक का पेंशन उपलब्ध करा दिया गया है वहीं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 126718 लाभुकों को अक्टूबर 2025 तक का सम्मान राशि उपलब्ध करा दिया गया है। जिस पर उपायुक्त ने ससमय लाभुकों को सम्मान राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा सहित अन्य उपस्थित थे।

### नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई जिसके उपरांत उन्होंने अलग-अलग योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई एवं नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### केरेडारी प्रखंड शिक्षा विभाग के सेवा निवृत जहवार प्रसाद को विदाई दी गई



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड (हजारी बाग)से सेवानिवृत्त हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद को कन्या मध्य विद्यालय केरेडारी के प्रांगण में एक समारोह आयोजित कर भव्य तरीके से सम्मानित करते हुए शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। वे अपनी धर्म पत्नी,पुत्री, पुत्र व पुत्रवधु के साथ विदाई समारोह में पहुँचे थे। बीईईओ श्री प्रसाद केरेडारी बीआरसी में फरवरी 2023 में योगदान दिए थे वहीं 30 नवम्बर 2025 को सेवा नृवित हुए हैं। विदाई समारोह में बीडीओ विवेक कुमार व सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल भी मुख्य रूप से पहुँचे थे। इसी समारोह में हाल में सेवा नृवित हुए शिक्षक रामप्रसाद महतो, रामनाथ महतो, रामकेश्वर साव, मिथिलेश राम, परमेश्वर महतो व पारा शिक्षक लतिफुर रहमान, इजहार इमाम,उमेश प्रजापति, वीणा देवी को भी अंग वस्त्र ओढा कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व सेवा नृवित बीईईओ श्री प्रसाद को केरेडारी बंगला टांड प्रवेश द्वार से हिं गाजे-बाजे के साथ स्वागत कर समारोह स्थल तक ले जाया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्तायों ने इनके कार्यकाल के दौरान कार्य शैली की भ-भूरी प्रशंसा की। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, उमेश कुमार साव, बीपीएम अंकेश शर्मा, बीआरपी सुमित कुमार, विभूति भूषण, सीआरपी राजेश तिवारी, सुनील पांडे, शिक्षक तपेश्वरनाथ वर्मा, रामेश्वर राम, अनिल कुमार राणा, शिवचरण साहू, पूनम कुमारी, एमडीएम ऑपरेटर रमेश तिवारी ,राजा कुमार, आदेश पाल अजय कुमार, अजय राम, महावीर महतो आदि मौजूद थे।

### अलगडीहा के पूर्व सदर हाजी सिद्दीक साहब का इंतेकाल, जनाजे में उमड़ी भीड़



**बरही :** मंगवार को अलगडीह के पूर्व सदर हाजी सिद्दीक साहब का 95 वर्ष की आयु में इंतेकाल हो गया। लोगों की सेवा करना उनका जीवन का मूल धर्म था। वह हर वर्ष मजरो पर लोगों को ज़ियारत करवाने ले जाते थे। उन्होंने स्वयं चार बार उमरा और एक बार हज अदा किया था। इसके साथ ही वे कई लोगों को हज पर भी ले जाते रहे। अलगडीहा भंडारों कब्रिस्तान में उनकी सुपुर्द-ए-खाक की रस्म अदा की गई, जहाँ उनका जनाजा दोपहर 3 बजे पढ़ाया गया। हाजी सिद्दीक साहब, वर्तमान अलगडीहा सदर जनाब अब्दुल कैयूम के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में भारी तादाद में लोग उमड़ पड़े। जनाजे में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कैयूम, मौलाना, शेखावत साहब जयनगर, समाजसेवी पप्पू खान, पूर्व मुखिया शराफत साहब, मो. ताहिर, हाजी हाशिम साहब, हाजी शहीदुल्लाह साहब, मो. मंसूर आलम, इम्तियाज अंसारी, डॉ. खलील, जलील अंसारी, हाफिज तैयब, मौलाना तौफीक, मौलाना हसनैन, मौलाना अलीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिरकत की। हाजी सिद्दीक साहब की सेवाओं और उनके नेक कामों को क्षेत्रवासी लंबे समय तक याद रखेंगे।

### थाना प्रभारी के पहल पर मनोकामनेश्वर मंदिर में दहेज मुक्त आदर्श विवाह संपन्न



**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में मंगलवार को बरही थाना प्रभारी के पहल पर एक समाज के लिए अनुकरणीय विवाह संपन्न हुआ। यहां प्रेमी युगल ने अपने परिजनों की रजामंदी से बिना किसी दान-दहेज के सात फेरे लिए। जानकारी के अनुसार विवाह रसोइया धमना बरही निवासी तुलसी रविदास की पुत्री रंगीना कुमारी (24 वर्ष) तथा करोंजिया चंदवारा निवासी फूलचंद रविदास के पुत्र महेश रविदास (28 वर्ष) के बीच आदर्श विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह की सभी रस्में मंदिर के पुजारी अनुज शर्मा उर्फ छोटू बाबा द्वारा विधिवत रूप से कराई गई। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहिता दंपति को आशीर्वाद दिया और नए वस्त्र भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने ऐसे आदर्श विवाह को समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरणादायक बताया। विवाह आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता मो. तौकीर रजा, वार्ड सदस्य जमुनी देवी, जीरवा देवी सहित कई ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर बरही थाना से मालती कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एनटीपीसी मैती बरकागांव में उषा मार्टिन द्वारा कैरियर काउंसलिंग का आयोजन



**बड़कागांव :** एनटीपीसी मैती बड़कागांव में उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी, रांची के द्वारा कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना और आईटीआई से डिप्लोमा, बी टैक, एम टैक और पीएचडी उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने छात्रों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी,जैसे कि इलेक्ट्रिशियन, फिटर और वेल्डर,उन्होंने छात्रों को इन ट्रेडों में करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल और योग्यता के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों से अपने सवाल पूछे और अपने करियर के बारे में सलाह ली। उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने छात्रों को उनके करियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया ।एनटीपीसी मैती बरकागांव के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था ।उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने छात्रों को बहुत अच्छी जानकारी प्रदान की और उन्हें अपने करियर के बारे में सलाह दी, इस कार्यक्रम में एनटीपीसी मैती के कर्मचारी मो. इरफान, मुकेश कुमार, अमरेश विद्यार्थी, विकाश चौरसिया, शहीद अख्तर, शिवलाल महतो, श्री नाथ श्री, उपेंद्र कुमार, संजीत मेहता, प्रदीप गुप्ता,सुनील सिंह रवि कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### हेमन्त सरकार का राजद और कांग्रेस से हो रहा अलगाव : जेपी

**रांची :** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के नेता जेपी पांडेय ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार का अलगाव धीरे-धीरे राजद-कांग्रेस से हो रहा है। साथ ही सरकार का झुकाव केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से दिखाई दे रहा है। बिहार चुनाव 2025 में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )को अपने सहयोगी दलों (कांग्रेस-राजद) से कोई ठोस लाभ नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव 2025 में राजद और कांग्रेस ने झामुमो को एक भी सीट नहीं दिया। इसके कारण इंडी गठबंधन में दरार उभरी है। उन्होंने अनुमान जताते हुए कहा कि आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में राजनीतिक नेतृत्व में परिवर्तन होने की संभावना है और राज्य में पुन: भाजपा की सरकार बनने की संभावना बढ़ती दिख रही है।

### मारवाड़ी महाविद्यालय में एनसीसी दिवस समारोह संपन्न

**रांची :** मारवाड़ी महाविद्यालय में 4/3-एनसीसी कंपनी द्वारा मंगलवार को एनसीसी दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत और एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. अवध बिहारी महतो के संबोधन से हुई। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने कैडेटों को बधाई दिए और कहा कि एनसीसी जीवन में अनुशासन, एकता और व्यक्तित्व विकास का मार्ग दिखाता है। झारखंड बटालियन के नायब सूबेदार दिवेंद्र नायक और मिथुन तिर्की ने एनसीसी की स्थापना और महत्त्व पर जानकारी दी। कैडेटों ने अंग्रेजी व हिंदी में देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। भारतीय सेना की महत्त्व दर्शाती प्रस्तुति को खूब सराहना मिली। इस दौरान वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडेटों और रक्तदान करने वालों को सम्मानित किया गया। एएनओ डॉ. महतो ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर अंडर ऑफिसर अंकित कुमार, गरिमा सिंह समेत कई कैडेटों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर सीनियर अंडर ऑफिसर अंकित कुमार, सीनियर अंडर ऑफिसर गरिमा सिंह, अंडर ऑफिसर त्रिदेव कुमार, अंडर ऑफिसर आदित्य राम, अंडर ऑफिसर तलत नाज, अंडर ऑफिसर रिया कुमारी समेत अन्य शामिल थे।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का बजरंग दल ने किया स्वागत

**रांची :** बजरंग दल झारखंड प्रदेश के संयोजक रंगनाथ महतो ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें उसने कहा कि जो लोग इसाई धर्म अपना चुके हैं, उन्हें अनुसूचित जाति (एससी) का लाभ नहीं दिया जा सकता। महतो ने कहा कि यह देशभर के सभी प्रदेशों में होना चाहिए। रंगनाथ महतो ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अपने फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश में जो कोई भी ईसाई बन गए हैं, उन्हें अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का फायदा नहीं मिलना चाहिए। ऐसे मामलों को 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' बताते हुए न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की एकल पीठ ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह चार महीने में ऐसे मामलों में कार्रवाई करें। बताएं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का फायदा सिर्फ हिंदुओं, सिखों और बौद्धों को मिलता है, उन लोगों को नहीं जो धर्म बदलकर फायदे लेते हैं।

# अरशद हत्याकांड : आरोपी तौसीफ अंसारी गिरफ्तार, गाली-गलौज बनी हत्या का कारण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने एक दिसंबर की रात हुई अरशद अंसारी की हत्या के मामले में नामजद अभियुक्त तौसीफ अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई एक देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। यह घटना धुर्वा थाना क्षेत्र के सिठियो गांव में सोमवार रात में हुई। अरशद अंसारी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मृतक के भाई इरशाद अंसारी के लिखित आवेदन के आधार पर धुर्वा थाना में कांड संख्या 318/25 दर्ज किया गया।

अनुसंधान के दौरान, पुलिस ने नामजद अभियुक्त तौसीफ अंसारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तौसीफ अंसारी ने खुलासा किया। उसने बताया कि वह और मृतक अरशद अंसारी आपस में दोस्त थे। घटना की रात तौसीफ अंसारी अकेले घटनास्थल पर आग ताप रहे थे।

इसी बीच अरशद अंसारी वहां आया और नशे की हालत में था। अरशद ने तौसीफ को, उसके पिता को और बहन को गाली गलौज करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, अरशद ने अभियुक्त को गोली मारने की धमकी भी दी।

इस बात से आक्रोशित होकर, अभियुक्त तौसीफ अंसारी अपने घर गया, हथियार लेकर आया और गोली मारकर अरशद अंसारी की हत्या कर दी। सिटी एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंगलवार को यह जानकारी दी।

### सुखदेव नगर थाना प्रभारी और मुंशी सस्पेंड युवक आत्महत्या मामले में की गई कार्रवाई

**रांची :** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार को एसएसपी राकेश रंजन ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी ने थाने के मुंशी परशुराम को भी निलंबित कर दिया है। रांची आईजी मनोज कौशिक ने थानेदार और मुंशी के सस्पेंड होने की पुष्टि की है। गत 29 नवंबर को रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड नंबर 5 में शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई थी। दरअसल, नितेश पांडेय नामक युवक जो रेलवे में कार्यरत था उसकी शनिवार को ही शादी थी, लेकिन इससे पहले ही किशोरगंज से रोड नंबर 05 स्थित नितेश पांडेय ने अपने ही कमरे में खुदकुशी कर ली। नितेश द्वारा आत्महत्या को लेकर परिजनों ने सुखदेवनगर पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया था। नितेश के भाई नीरज पांडेय ने बताया था कि 26 नवंबर को उसका तिलक था। इसी बीच प्रियंका नाम की एक लड़की ने उस पर यौन शोषण का आरोप लगाकर केस कर दिया। थाना से बिना किसी जांच के नितेश को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे छोड़ने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों को मैनेज करने के नाम पर दस लाख रुपये भी वसूले गए।

## कंपनी हड़पने और धोखाधड़ी केस में रिमांड पर लिए गए विनय सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** वन भूमि और सेवाय भूमि घोटाला से जुड़े केस में जेल में बंद ऑटोमाबाइल कारोबारी विनय सिंह को पुलिस ने कांड संख्या 458/2025 में गिरफ्तार (रिमांड) कर लिया है। विनय सिंह को इस केस में रिमांड करने के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि फिलहाल वह चार मामलों में आरोपी हैं और सिर्फ शराब घोटाला से जुड़े एक मामले में उन्हें राहत मिली है। अन्य मामलों में उन्हें जमानत लेनी होगी। सभी मामलों में जमानत मिलने के बाद ही वह जेल की सलाखों से बाहर निकल पाएंगे।

### रांची के जगन्नाथपुर थाने में दर्ज है मुकदमा

विनय सिंह के विरुद्ध अउइ में तीन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं एक मामला रांची के जगन्नाथपुर थाना में दर्ज है। जिस मामले में उन्हें रिमांड पर लिया गया है, वह केस रांची के जगन्नाथपुर थाने में दर्ज हुआ है। प्राथमिकी में निलंबित आईएएस विनय चौबे और उनके करीबी व्यवसायी विनय सिंह सहित कुल सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और एक कंपनी को हड़पने का आरोप लगाया गया है।

इस मामले में विनय चौबे, विनय सिंह, स्निग्धा सिंह (विनय सिंह की पत्नी), अरविंद वर्मा, विशाल सिंह, राजेश कुमार सिन्हा और राजीव कुमार झा को भी आरोपी बनाया गया है। अरगोड़ा के दीपक कुमार ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि विनय चौबे और विनय सिंह ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर उनकी कंपनी पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजवा दिया था।


## रिम्स में फर्जी जाति प्रमाणपत्र प्रकरण : जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि, छात्रा का नामांकन रद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में एमबीबीएस पहली वर्ष (सत्र 2025-26) की छात्रा काजल ने कथित रूप से फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र दिखाकर प्रवेश लिया था। जांच में यह मामला सही पाया गया है, जिसके बाद रिम्स प्रबंधन ने एक दिसंबर को छात्रा का नामांकन रद कर दिया है। इससे पहले 20 नवंबर को छात्रा को निलंबित किया गया था।

जांच में सामने आई अनियमितताएं

जांच में पाया गया कि छात्रा काजल ने NEET UG 2025 में OBC NCL Central List के तहत परीक्षा दी थी। लेकिन जेसीईसीई बोर्ड के जरिए एससी श्रेणी में रैंक 01 के आधार पर रिम्स में प्रवेश लिया। जब रिम्स ने उसकी एडमिट कार्ड की मांग की, तो छात्रा ने कहा कि कार्ड खो गया है, जिससे संदेह और गहरा गया। इसके बाद 13 अक्टूबर 2025 को रिम्स ने जेसीईसीई बोर्ड और अंचल अधिकारी गिरिडीह से तथ्यात्मक जांच का अनुरोध किया।



अंचल अधिकारी की जांच में पाया गया कि छात्रा ने भैरो चमार नाम के किसी व्यक्ति का खतियान जमा किया था, जिसके आधार पर उसे एससी प्रमाणपत्र जारी किया गया था। जब असल परिवार से पूछताछ की गई तो पता चला कि काजल का उस परिवार से कोई संबंध नहीं है।

इसके अलावा, छात्रा द्वारा दिखाई गई वंशावली असली वंशावली से अलग थी। इस तरह कथित रूप से गलत तथ्यों और भ्रामक जानकारी के आधार पर काजल ने प्रमाणपत्र प्राप्त किया गया था।

## वार्ड 1 में सप्लाई पानी का पाइप फटा लोगों का पैदल चलना हुआ मुश्किल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के कांके स्थित जयपुर रोड वार्ड 1 की बदहाली अब लोगों की रोजमर्रा की परेशानी बन चुकी है। पानी का पाइप फटने से रोड पर जलजमाव हो गया है। इससे सड़क जर्जर हो गया है। अब यह रोड हजारों ग्रामीणों का दर्द बन चुकी है। कोंगे, खूटा टोगरी, जयपुर, चटकपुर समेत आसपास के गांवों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। यह पिछले एक साल से जर्जर हालत में है। करीब दो से तीन किलोमीटर तक जहां-तहां गड्ढा बन गया है।

सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। हिचकोला खाते हुए लोग आना-जाना कर रहे है। फटे पाइप से करीब एक साल से पानी बह रहा है, लेकिन मरम्मत की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। पानी के लगातार रिसाव से सड़क और तेजी से टूटती जा रही है। स्थानीय ग्रामीण महेश गाड़ी, अंकित लिंडा और निकीस उरांव ने बताया कि सप्लाई पानी का पाइप फट गया है। रोड पर पानी जमा हो गया है। इसकी वजह से रोड की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। पाइप फटने से जगह-जगह कीचड़ और फिसलन बन गया है। कई बाइक सवार चोटिल भी हो चुके हैं। 10-15 हजार की आबादी है। सभी इसी सड़क पर निर्भर है।

## कौशल प्रतियोगिता-सह -प्रदर्शनी में 59 विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जिले के 59 सरकारी उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न 10 ट्रेडों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत वर्ग 9 से 12 वीं के विभिन्न ट्रेड में अध्ययनरत बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल) रांची के सभागार में मंगलवार को किया गया।

इस प्रतियोगिता में 10 अलग-अलग ट्रेड में लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने ट्रेड में मॉडल का प्रदर्शन किया। कई बच्चों ने साइबर सिक्योरिटी और एप डेवलप करने का भी प्रदर्शन किया। कई बच्चों की ओर से रिटेल मैनेजमेंट और अपेरीयल डिजाइनिंग में भी अलग-अलग मॉडल प्रदर्शित किया गया।

मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार की ओर से प्रतियोगिता में बच्चों की ओर से निर्मित मॉडल का अवलोकन किया और बच्चों का मार्गदर्शन किया गया एवं पारितोषिक दिया गया। जिला स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन में प्रभाग प्रभारी सतीश कुमार मिश्र, अखिलेश कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार और जिला स्तर पर कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं 10 ट्रेड के विजेता बच्चों को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# दिल्ली में 14 दिसंबर की रैली में झारखंड से 5000 लोग होंगे शामिल : केशव महतो कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि देश में भय का माहौल व्याप्त है। लोग आशंकित हैं। आम जनता को देश से लोकतंत्र समाप्त होने का डर सता रहा है। तय रणनीति के साथ केंद्र सरकार जनता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है।

वे मंगलवार को कांग्रेस भवन में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आम जनता एसआईआर की जटिल प्रक्रिया समझने में परेशान है। दशकों पूर्व का कागज खोज रही है।

काम के दबाव में बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं। देश की जनता पर राजशाही जुल्म हो रहा है। इसका पूरा विरोध होगा। 14 दिसंबर की रैली में झारखंड से 5000 लोग शिरकत करेंगे।




### केंद्र सरकार नागरिकों का छिन रही अधिकार

केंद्र सरकार की जिम्मेदारी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है लेकिन अपनी जिम्मेदारी से दूर केंद्र सरकार उनके अधिकारों को छीन रही है। चुनाव आयोग के माध्यम से देश में एसआईआर द्वारा विपक्ष के समर्थक मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। फर्जी मतदाताओं का नाम जोड़कर राज्यों के चुनाव में वोट चोरी किए जा रहे हैं। बैठक में आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की तैयारी को लेकर गहन चर्चा हुई। रैली में अधिक से अधिक भागीदारी झारखंड से हो इस पर जिलावार समीक्षा की गई। साथ ही झारखंड में एसआईआर के तहत होने वाले मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया का विरोध करने पर भी चर्चा की गई।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में मंत्री दीपिका पांडे सिंह, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, डा रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, अनादि ब्रह्म, ब्रजेंद्र सिंह, सुल्तान अहमद, भीम कुमार, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खालखो, आलोक कुमार दूबे, प्रेम प्रकाशनाथ शाहदेव, राजेश गुप्ता, रोशन लाल भाटिया, चंद्रशेखर शुक्ला, विजय चौबे, विजय सिंह, अनुकुलचंद्र मिश्रा, मदन महतो, विनय सिन्हा दीपू, तनवीर आलम, सुरेंद्र सिंह, संजीव श्रीवास्तव, साहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महादेव सट्टा ऐप की तर्ज पर राज्य के युवाओं को सट्टेबाजी की ओर धकेला जा रहा : बाबूलाल




**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के महादेव सट्टा ऐप की तर्ज पर अब झारखंड के युवाओं को भी सट्टेबाजी की ओर धकेला जा रहा है। पलामू में 40,000 करोड़ के सट्टा बाजार नेटवर्क का उद्भेदन हुआ है। यह जिला झारखंड के नए आपराधिक केंद्र के रूप में उभरता दिखाई दे रहा है। सरकार के संरक्षण में कहीं अवैध लॉटरी का जाल फैलाया जा रहा है, तो कहीं ऑनलाइन-ऑफलाइन सट्टेबाजी तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश में व्याप्त घोर बेरोजगारी के कारण युवा आसानी से इस गलत रास्ते की ओर आकर्षित होते हैं। सटोरियों के प्रभाव में आकर कई तरह की बुरी आदतों के शिकार बन जाते हैं। सीएम से कहा कि नशीली दवाओं के खरीद फरोख्त, सट्टेबाजी, लॉटरी पर सख्त कार्रवाई कर युवाओं को नशे और जुए की लत से बचाईए।

### श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 181 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। मंत्री विष्णु चौधरी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मंत्री विष्णु चौधरी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुन: श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, मंत्री विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, रिषभ कुमार, हर्ष कृष्णा, अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

### झारखंड में चक्रवाती तूफान दितवाह का प्रभाव हुआ खत्म, मौसम हुआ साफ



**रांची :** बंगाल की खाडी में उठा चक्रवाती तूफान दितवाह कमजोर पड गया है। इससे चक्रवाती तूफान का प्रभाव मंगलवार को समाप्त हो गया। इससे रांची सहित राज्या के सभी जिलों में मौसम पूरी तरह से साफ हो गया। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। मौसम साफ होने से रांची में तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई और सुबह में भारी कनकनी महसूस की गई। हालांकि दोपहर में धूप में तल्खी महसूस की गई, लेकिन इसके बाद आसामन में आंशिक बादल छा गए। इससे कनकनी में पुन: वृद्धि हो गई। वहीं सुबह और देर रात में कुहासा छाया रहा। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोडडा में 27.3 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि रांची सहित राज?य के कई जिलों में आनेवाले दिनों में तडके सुबह और रात में मध?यम दर्जे का कुहासा छाया रहेगा। उल्लेखनीय है कि चक्रवाती तूफान दितवाह के चलते रांची सहित राज्य भर में मंगलवार को बादल छाये हुए थे। इससे अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी जो सामान्य तापमान से तीन डिग्री कम था। तापमान में कमी होने से दिन में भी लोगों को ठंड का एहसास हो रहा था। वहीं मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री, जमशेदपुर में 20.3 और 13.2, डालटेनगंज में 27 और 10.5 डिग्री, बोकारो में 24.5 डिग्री और 12.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### मारवाड़ी धर्मशाला का नाम यथावत रखे प्रशासन : सुरेशचंद्र

**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने लोहरदगा के उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद्र को ज्ञापन भेजकर सन 1945 से मारवाड़ी समाज की ओर से संचालित खेमराज स्मृति भवन मारवाड़ी धर्मशाला का नाम यथावत रखने और इसे वंशजों के कब्जे से मुक्त कराकर समाज को वापस दिलाने की मांग की है। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल और महामंत्री विनोद कुमार जैन ने उपायुक्त को पत्र लिखकर इस बाबत कार्रवाई करने की मांग की है। सुरेश चंद्र ने बताया कि धर्मशाला दानदाताओं ने समाज को जनसेवा के उद्देश्य से दी गई थी और तब से यहां स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा, खेल, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर 2018 को वंशजों के पुत्रों ने जबरन धर्मशाला का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया और भवन पर लिखे सन 1945 और धर्मशाला जैसे ऐतिहासिक चिन्हों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामला कोर्ट में गया जहां 26 अगस्त 2021 को अनुमंडल पदाधिकारी ने मारवाड़ी समाज के पक्ष में फैसला दिया, लेकिन विपक्ष ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी, जो विचाराधीन है। वहीं नगर परिषद की ओर से धर्मशाला का नाम बदलने संबंधी विज्ञापन जारी किया गया है, जिसके विरोध में सम्मेलन ने रोक लगाने की मांग की है।

### जीईएल चर्च कैंपस में लगा बाइबल पुस्तक मेला, पुस्तक प्रेमियों की उमड़ी भीड़

**रांची :** जीईएल चर्च स्थित एचआरडीसी सभागार हॉल में बाइबल पुस्तक मेले का आयोजन किया गया, जहां पुस्तक प्रेमियों की भारी भीड़ देखने को मिली। मेले में करीब 2000 से अधिक बाइबल और आध्यात्मिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। यह सभी पुस्तकें देशभर के प्रमुख प्रकाशकों से लाई गई हैं, जिनमें कई दुर्लभ बाइबल संस्करण भी शामिल हैं। यहां किताबों की कीमत 50 रुपये से 5000 रुपये तक है। ग्राहकों को 10 से 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जिसके चलते लोग उत्साह के साथ खरीदारी कर रहे हैं। वर्ड ऑफ क्राइस्ट के जैसुआ ने बताया कि वे पिछले 15 वर्षों से रांची में बाइबल पुस्तक मेले का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब बाइबल पढ़ने वाले पाठकों की संख्या बढ़ी है और रांची में पुस्तक प्रेमियों की संख्या सबसे अधिक है।

## एक नजर

### ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत मुआवजा देगी कंपनी

**बोकारो** : बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में हुए हादसे में मजदूर आशुतोष कुमार (25) की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। आशुतोष पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में फिटर के पद पर कार्यरत था। हादसे के बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मूल रूप से सिवान (बिहार) का निवासी था और बालीडीह की झोपड़ी कॉलोनी में रहता था। घटना की जानकारी मिलते ही फैक्ट्री परिसर में स्थानीय लोगों और मजदूरों की भीड़ जमा हो गई। मजदूरों ने मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन और स्थानीय नेताओं के बीच वार्ता हुई। इस दौरान मृतक के पिता को 13 लाख रुपये का मुआवजा देने पर सहमति बनी। इसके अलावा अंतिम संस्कार के लिए एक लाख रुपये अलग से दिए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने इंडस्ट्रियल एरिया में लगातार हो रहे हादसों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि कई कंपनियों में मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कराया जाता है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन और उद्योग प्रबंधन से सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग की। वहीं पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के एजीएम असीम चक्रवर्ती ने बताया कि आशुतोष ने सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया था, लेकिन स्टेपन पर फंसने के कारण वह नीचे गिर गया। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन मृतक के परिजनों के साथ खड़ी है और मुआवजा देने का निर्णय इसी संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर लिया गया है।

### सीसीटीवी कैमरे से लैस होगा रामगढ़ थाना होगी सटीक निगरानी

**रामगढ़** : शहर में चौक-चौराहों और दुकानों के साथ-साथ थाना परिसर भी सीसीटीवी कैमरे से लैस होगा। इससे सुरक्ष की सटीक निगरानी हो पाएगी। शहर में आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एसपी अजय कुमार की पहल पर कई स्थानों पर बेहतर क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बैंक परिसर के अंदर और बाहर भी कैमरे मुख्य मार्ग को फोकस कर लगाए गए हैं। आनेवाले दिनों सदर थाना परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसे लेकर मंगलवार को थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने एसपी को पत्र लिखा है। पत्र में थाना परिसर के अंदर और बाहर दोनों जगह पर हाई रेजोल्यूशन कैमरा लगाने का आदेश देने का आग्रह किया गया है। पत्र में थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने अक्तूबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट से मिले आदेश का भी हवाला दिया है। जिसमें थाना परिसर में आवश्यक रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया था।

### तालाब से मिला लापता युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम** : जिले के कमलपुर थाना क्षेत्र के बिड़रा पंचायत अंतर्गत दगड़ीगोड़ा गांव में मंगलवार की सुबह एक तालाब (लाया गाड़िया) से लापता युवक का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान दगड़ीगोड़ा निवासी अश्विनी महतो (45) के रूप में की गई है, जो पिछले गुरुवार की शाम से लापता था। जानकारी के अनुसार अश्विनी गुरुवार की शाम जमशेदपुर से घर लौटने के बाद काटिन (काटने का औजार) लेने के बहाने बाहर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने शुक्रवार को कमलपुर थाना में उसकी गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया था। पुलिस और परिजन उसकी तलाश में जुटे थे, इसी बीच मंगलवार सुबह तालाब में शव तैरता देख गांव की एक महिला ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी, जिसके बाद पुलिस को खबर की गई।

# प्रधान जिला जज ने बैंक व विभागीय अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में आगामी 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विभिन्न बैंक अधिकारियो के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने की । प्रधान जिला जज ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। उन्होंने विभागों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की । साथ ही साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से पक्षकारों को नोटिस करें ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके । प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियो को पक्षकारों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की ताकि न्यायालय द्वारा भी अपने स्तर से उन्हें अपने मामले के निष्पादन के लिए सूचित किया जा सके। मौंके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, डी एफ ओं स्वमित्र शुक्ला, नीलम पत्र अधिकारी अभिषेक वर्मा, शाखा प्रबंधक पी एन वी अमित राज, इंडियन बैंक धीरेन्द्र कुमार ठाकुर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अमित कुमार अग्रवाल, एस बी आई हरे राम कुमार, बी ओं आई शशि भूषण कुमार, उत्पात विभाग शिव सागर महतो, महाराष्ट्र बैंक मनीष कुमार पाण्डेय, एम् भी आई जोसेफ टोप्पो, जे आर जी वी वर्षा कुमारी, यूको बैंक रीना कुमारी न्यायालयकर्मी प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार सहित अन्य कई मौजूद थे।

## बच्छेडीह में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों को नि:शुल्क गेहूं बीज वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो** : नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत में मंगलवार को बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच गेहूं बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख डॉ सत्यनारायण यादव उपस्थित थे। वहीं मुखिया वीणा देवी की अध्यक्षता में गेहूं बीच वितरण किया। इस दौरान बीटीएम रुपलाल प्रसाद के द्वारा किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और कहा कि कोई भी समस्या कृषि से संबंधित हो तो मुझसे सम्पर्क कर सकते है। साथ ही कृषक मित्र किशोर यादव ने किसान भाइयों से कहा कि समय-समय पर सरकार के द्वारा जो भी बीज मिलेगा वह आपलोगों तक पहुंचाया जाऐगा। मौके पर उपमुखिया शकुंतला देवी, रामेश्वर यादव, बीरेंद्र यादव, पंकज राणा, विकास साव, वार्ड सदस्य युसूफ अंसारी, दुली साव, आशा देवी, हरदेव साव,सुरेंद्र यादव, गोपाली यादव, विजय यादव, कंचन देवी पूनम देवी, उषा देवी, गुलाबी देवी, मुन्नी देवी समेत कई किसान मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं अधिकारियों को कार्रवाई का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जिला प्रशासन की ओर से हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम के तहत मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता की शिकायत और समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं रखीं। जनता दरबार में डीसी अजय नाथ झा ने एक-एक शिकायतकर्ता से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान कई मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों को आवश्यक प्रक्रिया के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया।जनता दरबार में भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास, राशन कार्ड, बिजलीझपानी, राशन वितरण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर मुआवजा, रोजगार संबंधी आवेदन, बैंक पेंशन भुगतान, लगान रसीद संशोधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, झारखंड आंदोलनकारी से जुड़े मामले और चास नगर निगम क्षेत्र में भूमि की चारदिवारी से संबंधित मुद्दा प्रमुख रूप से सामने आए। डीसी ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि लोगों को उनका अधिकार समय पर मिले और किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। जनता दरबार में लगभग 50 ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। सभी आवेदनों को आवश्यक निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया और डीसी ने अधिकारियों को कार्रवाई की जानकारी आवेदकों को देने का निर्देश दिया।

## बजरंग बली मोड़ 'एक्सीडेंट जोन' घोषित, ब्रेकर निर्माण की मांग तेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चंदवारा** : चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग बली मोड़ इन दिनों स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। यह मोड़ क्षेत्र के व्यस्ततम मार्गों में से एक है, लेकिन यहाँ स्पीड ब्रेकर न होने के कारण वाहन चालक तेज रफ़्तार में गुजरते हैं, जिससे प्रतिदिन दुर्घटना होने की गंभीर संभावना बनी रहती है। तेज रफ़्तार का आतंक बजरंग बली मोड़ एक महत्वपूर्ण मोड़ है जहाँ कई दिशाओं से ट्रैफिक का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरस्पीडिंग यह सीधी सड़क होने के कारण, कई वाहन चालक (विशेषकर दोपहिया और छोटे चारपहिया वाहन) मोड़ पर भी अपनी रफ़्तार धीमी नहीं करते। बच्चों और पैदल यात्रियों को खतराः आस-पास रिहायशी इलाके और छोटी दुकानें होने के कारण यहाँ बच्चों और पैदल चलने वालों की आवाजाही अधिक रहती है। तेज रफ़्तार वाहन इन लोगों के लिए जानलेवा खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ब्रेकर के अभाव में यहाँ हर दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएँ होती रहती हैं, जो किसी भी दिन किसी बड़ी जानलेवा त्रासदी में बदल सकती है। स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। निवासियों की मुख्य मांग है कि : तत्काल ब्रेकर का निर्माणः बजरंग बली मोड़ के दोनों ओर मानक अनुरूप स्पीड ब्रेकर का निर्माण तुरंत किया जाए, ताकि वाहनों की गति को नियंत्रित किया जा सके। चेतावनी बोर्डः मोड़ के पास 'खतरा क्षेत्र' या 'ब्रेकर आगे है' जैसे चेतावनी बोर्ड लगाए जाएँ। कोडरमा जिला प्रशासन और पथ निर्माण विभाग से विनम्र अपील करता है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार न करें। जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बजरंग बली मोड़ पर तत्काल ब्रेकर निर्माण का कार्य शुरू किया जाए, ताकि लोगों की जान सुरक्षित रहे।

## कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत स्क्रीनिंग का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : राज्य कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, झारखण्ड के निदेर्शानुसार लेप्रोसि कैसेस डेटेक्त कंपैगन 2025-26 १२३ राउंड (10 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025) तक के अन्तर्गत कुष्ठ जागरूकता खोज अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 02.12.2025 को डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन, रामगढ़ और डॉ० तुलिका रानी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, रामगढ़ के निदेर्शानुसार कुष्ठ रोग खोज अभियान के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कैंथा, रामगढ़ में कुष्ठ रोग की जाँच एवं स्कीनिंग विधिवत रूप किया गया। साथ ही सभी को कुष्ठ रोग के बारे में एवं इससे बचाव से संबंधित जागरूकता किया गया जहां विद्यालय के प्राचार्या अलपना कुमारी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक / शिक्षिका के उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया। गठित टीम में सावन कुमार ठाकुर, काय चिकित्सक, एन०एल०ई०पी०, रामगढ़, सुनिल कुमार, Reginal Coordinator IEC/BCC, रामगढ़ और पंकज कुमार सिंहा, पी०एम०डब्लू०, न०एल०ई०पी०, सदर प्रखण्ड, रामगढ़ शामिल थे।

# उपायुक्त महोदय नगर परिषद की समस्या के समाधान के लिए संज्ञान ले : पिंकी जैन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया** : नगर परिषद को शहर की साफ सफाई एवं आम जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है नगरवासी एवं दुकानदारों से जबरदस्ती टैक्स वसूली ही एकमात्र उसका कार्य है। जबकि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना, ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाना ही उसका प्रथम कार्य है। उसके विपरीत शहर में गंदगी का जगह-जगह अंबार है राजगढ़िया रोड में सड़क पर बीच चौराहा पर ही टेंपो और टोटो का स्टैंड बना दिया गया है प्रतिदिन लड़ाई झगड़ा ट्रैफिक जाम आदि की समस्या बनी रहती है जनता परेशान परेशान है परंतु नगर परिषद को अपने कर्तव्य एवं आम जनों के सुविधा स्वास्थ्य से कोई लेना देना नहीं है वार्ड नंबर 10 की वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि कचरा फैलाने वाले पर ना कोई कार्रवाई होती है ना कोई जुमार्ना उनको नगर परिषद के द्वारा प्रश्रय दिया जा रहा है शहर में चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा रहता है। नियमित सफाई नहीं होती है कोई ठोस विजन नहीं है। सफाई के लिए बार-बार बोलने एवं आवेदन के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती है। पूरे शहर की सफाई व्यवस्था चौपट है सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है राजगढ़िया रोड गौरी शंकर मोहल्ला स्कूल रोड मेडिकल लाइन मे मेडिकल वेस्ट का कचरा रोड पर फेंका रहता है जिसे आवारा पशु मुंह लगाते हैं एवं छोटे-छोटे बच्चे हाथ से उठाते हैं जबकि प्रतिदिन जिले से हजारों लोग स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए इस मेडिकल हब पर आते हैं। परंतु नगर परिषद के द्वारा प्रतिदिन कचरे का उठाव नहीं होता है सप्ताह में एक या दो दिन सफाई मित्र आते हैं वार्ड के जो नियमित सफाई कर्मचारी है उनको दूसरे स्थान पर भेज दिया जाता है। जबकि घनी आबादी वाला शहरी एरिया एवं मेडिकल हब होने के कारण हजारों लोगों का आवागमन इस पथ पर होता है गंदगी बहुत अधिक होती है रात्रि सफाई भी कभी-कभी होती है लोग मेडिकल कचरे खून से भर सूई सिरिंज बैंडेज प्लास्टिक में आग लगा देते हैं। जिसके जहरीले धुएं से दम घुटने से लोगों की जाने जा सकती है बीमारी फैल सकती है। परंतु नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सिटी मैनेजर एवं सफाई व्यवस्था से जुड़े लोगों को को बार-बार फोन व्हाट्सएप एवं आवेदन के द्वारा सफाई व्यवस्था सुचारू ढंग से करने के लिए समस्या के समाधान के लिए बोला जाता है परंतु इस समस्या के निदान के लिए नगर परिषद का कोई ध्यान नहीं है। जनहित में उपायुक्त महोदय एसडीओ मैडम प्रशासन ही इस समस्या पर ध्यान देकर इसका समाधान कर सकते हैं शहर के आम जनों को गंदगी एवं ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिला सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चोपनाडीह पंचायत में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक, पंचायत कमेटी का हुआ गठन



**कोडरमा** : मरकच्चो प्रखंड के चोपनाडीह पंचायत में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व कांग्रेस नेता रविशंकर सिंह और अध्यक्षता रामेश्वर यादव ने की जबकि संचालन महिला नेत्री नूरेशा खातून ने किया। बैठक में चोपनाडीह पंचायत कमेटी का गठन किया गया, जिसमें मुस्तकीम को पंचायत अध्यक्ष और निजामुद्दीन नवाज अंसारी को पंचायत उपाध्यक्ष घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रजक ने बुके देकर किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रजक ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश को सिर्फ जुमलों के भरोसे छोड़ दिया है। महंगाई, बेरोजगारी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं पर सरकार पूरी तरह विफल है। जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस ही देश को सही दिशा दे सकती है। कांग्रेस नेता रविशंकर सिंह ने भी संगठन विस्तार और जन-समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं को मजबूत भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में शाहजहां अंसारी, जावेद अंसारी, नेमतुल्लाह अंसारी, राजू अंसारी, अरसह अंसारी, भोला यादव, जागो महतो, रामचंद्र महतो, सिबन महतो, मुन्ना अंसारी, जेनबा अंसारी खातून, मंजूर आलम समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन रामचंद्र महतो ने किया।

### नवलशाही थाना परिसर में चौकीदार के सेवानिवृति होने पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**मरकच्चो**: नवलशाही थाना परिसर में सोमवार देर शाम को चौकीदार के सेवानिवृति होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृति चौकीदार को बाजे - गाजे के साथ विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुमन कुमार ने की। सेवानिवृत चौकीदार नागेश्वर तुरी की सेवानिवृत्ति पर थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कहा कि सेवानिवृत चौकीदार नागेश्वर तुरी स्वभाव से काफी सरल हैं, जिम्मेदारी को निर्धारित समय में पूर्ण करना, अनुशासन के दायरे में रहने के साथ - साथ आपस में काफी प्रेम भाव से रहते थे। वहीं एसआई नितायचंद्र, एसआई मदन मिश्रा, एसआई दसमत किस्कू, ए एसआई संजय प्रकाश पुरी और मनोज पासवान ने सेवानिवृत्त चौकीदार को माला पहनाकर व शोल देकर सम्मानित किया। मौके पर मुंशी अक्षय कुमार, मुंशी मुर्शिद, प्रकाश राय, ज्योति प्रसाद यादव, कमख्या सिंह, मनोज पासवान, मुंन्द्रिका सिंह, विकास पाण्डेय, रामविलास पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बसों में आग लगने की घटनाओं पर झारखंड मानव अधिकार संघ ने जताई चिंता

**जमशेदपुर** : हाल के दिनों में देश भर में ए.सी.एवं नॉन ए.सी.स्लीपर बसों में आग लगने की अनेकों घटनाएं हुई हैं। जिसमें अनेकों यात्रियों की बस में ही मौत हो गई है। यह घटना दिल को झकझोर देने वाली एवं अमानवीयपूर्ण घटना है। यह अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अनुच्छेद 21 का पूर्णता उल्लंघन है। इस अनुच्छेद में किसी भी नागरिक को गरिमा पूर्ण तरीका से जीवन जीने एवं मृत्यु का अधिकार प्राप्त है। एक जीवित व्यक्ति का इस तरीका से जलकर मर जाना और मुट्ठी भर राख में तब्दील हो जाना अति संवेदनहीन एवं अमानवीय है तथा किसी भी नागरिक के गरिमा पूर्ण जिंदगी जीने एवं करने के अधिकार का हनन करता है। उपरोक्त घटना को स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग,भारत सरकार के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने देश के सभी राज्यों के प्रमुख सचिवों को पत्र लिखकर तत्काल सुरक्षात्मक उपाय करने का आदेश दिया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार संघ, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित झारखंड मानव अधिकार संघ के अध्यक्ष, मनोज किशोर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर से मिलकर प्रमुख सचिव झारखंड सरकार को प्रेषित पत्र सौंपा। पत्र में विस्तार पूर्वक घटनाओं का कारण एवं उसके रोकथाम हेतु उपाय का उल्लेख किया गया है। झारखंड मानव अधिकार संघ यह मांग करता है कि तत्काल प्रभाव से जमशेदपुर एवं प्रदेश में संचालित सभी बसों का सेफ्टी ऑडिट किया जाए तथा इन घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसका उपाय किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में मनोज किशोर अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह महासचिव धनंजय शुक्ला सुनील प्रकाश श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### होमगार्ड जवान की पत्नी ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**पश्चिमी सिंहभूम** : जिला स्थित खूंटपानी प्रखंड के पंड्राशाली गांव की रानी कुई (42) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। यह घटना सोमवार की है। मृतका के पति सीराम पूर्ति, जो होमगार्ड में कार्यरत हैं और गुवा में तैनात हैं, ने बताया कि घटना के वक्त वह अपने माता-पिता के घर बड़ा टोला गए थे। उसी समय उनके दोनों बच्चे ( 12 और 13 वर्षीय) स्कूल में थे और रानी कुई घर में अकेली थीं। इसी दौरान उन्होंने कथित रूप से फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। स्कूल से लौटे बच्चों ने अपनी मां को फंदे से लटका देखा और तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। इसके बाद ग्राम मुण्डा ने पंड्राशाली ओपी को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पति सीराम ने बताया कि रानी कुई का मानसिक संतुलन कुछ समय से ठीक नहीं था और वह एक विद्यालय में रसोईया के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने कहा कि घर में किसी प्रकार का विवाद या मनमुटाव नहीं था। हालांकि ग्रामीणों ने आत्महत्या और किसी साजिश को लेकर शंका व्यक्त की है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और मामले का उद्भेदन जल्द कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### सविता महतो ने कांड्रा-चांडिल मार्ग मरम्मती कार्य का किया भूमिपूजन

**चांडिल :** पथ निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत कांड्रा चांडिल मार्ग मरम्मती कार्य का भूमि पूजन मंगलवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि लोगों का बहु प्रतीक्षित मांग को पूरा किया गया। उन्होंने कहा 4 माह में 8 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से कांड्रा चांडिल मार्ग चांडिल गोलचक्कर से गिद्दीबेड़ा तक 6.3 किमी सड़क का राइडिंग क्वालिटी सुधार कार्य होगा। उन्होंने कहा सड़क का निर्माण होने से लोगों को यातायात में काफी सुविधा होगी। विधायक ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, चारुचांद किस्कु, ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, मुखिया सुबोधिनी माहली, महताब आलम, राजू किस्कू, अरुण टुडू, समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### सर्पदंश से मृत्यु के बाद परिवार को मिला दो लाख रुपये का लाभ

**जलडेगा :** बैंक ऑफ इंडिया शाखा जलडेगा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत टाटी पंचायत के परबा टोनिया निवासी मुन्ना बघेल पुत्र को उनके स्वर्गीय मां सुकरमनी बघेल के मृत्यु के बाद दो लाख रुपये का मुआवजा राशि मंगलवार को प्रदान किया गया, शाखा प्रबंधक विकाश कुमार सहित बैंक के कर्मचारियों ने मुन्ना बघेल को दो लाख रुपए का चेक सौंपा, शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में सिर्फ 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम देना होता है, बीमाधारक की मृत्यु पर नॉमिनी को दो लाख रुपये का लाभ मिलता हैं, उन्होने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 20 रुपये के प्रीमियम पर दो लाख रुपये का कवर मिलने सहित कई बैंक द्वारा संचालित विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी दी तथा प्रति परिवार को बीमा कराने की अपील की, इस दौरान मुन्ना बाघेल ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व उसकी मां का सर्पदंश से मौत हो गई थी, मुन्ना बाधेल ने चेक पाकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं शाखा प्रबंधक को धन्यवाद दिया तथा पैसा का सदुपयोग कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की बात कही। मौके पर बैंक कर्मी पुनीत प्रफुल्ल टोप्पो, पंकज मिंज, मिनी स्टेफी लुगुन, अजित तोपनो सहित कई अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

### भुरकुंडा परियोजना की बलकुदरा खदान में खनन कार्य शुरू

**रामगढ़ :** सीसीएल भुरकुंडा परियोजना की बलकुदरा खुली खदान में बीते पांच नवंबर से बंद कोयला खनन कार्य को मंगलवार को पुन: चालू कर दिया गया। अवसर पर परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी ने विधिवत नारियल फोड़ कर खनन कार्य प्रारंभ किया। काम पुन: चालू होने से माइंस में कार्यरत कर्मियों में हर्ष का माहौल है। बताया जाता है कि बीते पांच नवंबर को दूसरी पाली के प्रोडक्शन के बाद से आउटसोर्सिंग कंपनी पीएसएमई ने अंदरूनी मामलों की वजह से खनन काम बंद कर दिया था। वहीं काम पुन: चालू कराने को लेकर सीसीएल प्रबंधन ने कंपनी को नोटिस भी जारी किया था और खनन कार्य पुन: चालू कराने के प्रयास में जुटी हुई थी। इधर, मंगलवार को आउटसोर्सिंग कंपनी पुन: खनन कार्य में जुट गई है। बताते चलें कि अप्रैल माह तक माइंस का संचालन होना है और तकरीबन ढाई से तीन लाख टन कोयले का उत्पादन किया जाना है। मौके पर परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, मैनेजर राजेश कुमार सिंह, अविनाश चंद्रा, सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार सिंह, भुरकुंडा सर्वे ऑफिसर धीरेंद्र कुमार, कोलफील्ड मजदूरी यूनियन शाखा सचिव पप्पू सिंह, शैलेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, नौशाद आलम, शनिचरवा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# सिमडेगा पुलिस का 'ऑपरेशन रेड हंट' सफल 135 वारंट निष्पादित, पांच लाल वारंटी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिलान्तर्गत सिमडेगा पुलिस के द्वारा ऑपरेशन रेड हंटः सिमडेगा पुलिस के तहत विशेष अभियान चलाकर, अब तक कुल 60 लोगों का गिरफ्तार किया गया जिनपर 83 वारंट निर्गत थे। 26 लोगों को मृत पाया गया जिनके विरूद्ध कुल 29 वारंट निर्गत थे, जिसके संबंध में प्रतिवेदन मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ कोर्ट को समर्पित किया गया, 09 लोगों ने पुलिस के दबाव में आत्मसमर्पण किया जिनके विरूद्ध कुल 17 वारंट निर्गत थे, 06 लोगों का वारंट विभिन्न कारणों यथा पूर्व से जेल में होने, अन्य जिला का होने एवं जमानत मिलने के कारण कोर्ट को वापस किया गया। इस प्रकार अब तक कुल 135 वारंट का निष्पादन किया गया। अभियान के इस चरण में काफी दिनों से फिरार चल रहे चार (05) स्थायी(लाल) वारंटी जिसपर कुल 06 स्थायी वारंट निर्गत है, को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है। सिमडेगा थाना- 1. 22 वर्षों से फिरार अभियुक्त सीताराम यादव, पिता- बैशाख यादव, सा0- महपुरटोली, थाना, जिला- सिमडेगा जिनपर वाहन दुर्घटना कारित करने के आरोप में जी0आर0- 715/03 सरायकेला खारसावां के चांडिल थाना से संबंधित कांड दर्ज है। अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भाग कर बैंगलोर में रह रहा था। पिछले कुछ दिनों पहले ही कुस्नाटोली बंगरू आया हुआ था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया एवं सरायकेला जेल अग्रसारित किया गया। कोलेबिरा थाना- 1. 35 वर्षों से फिरार अभियुक्त प्रताप खड़िया, पिता- केलेमेंट खड़िया, सा0- सकोरला, थाना-कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा, जिनके विरूद्ध जी0आर- 242/90 , धारा- 394 भा0द0वि0 दर्ज है। अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भाग गया था तथा जगह बदल-बदल कर रह रहा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया। 2.17 वर्षों से फिरार अभियुक्त पासकल टोपनो उर्फ तोते, पे0- लाला टोपनो, सा0- शाहपुर घाघटोली, थाना- कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा, जिनके विरूद्ध मारपीट करने एवं हत्या का प्रयास के आरोप में, 1. कोलेबिरा थाना काण्ड सं0- 14/08, धारा-341/ 323/ 307/ 302/ 201 भा0द0वि0 एवं, 2. सिमडेगा थाना काण्ड सं0- 102/08, धारा- 224/225/454/120 बी भा0द0वि0 दर्ज है। अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भाग कर गोवा चला गया था। पिछले 10 दिनों पहले ही कुस्नाटोली बंगरू आया हुआ था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया। 3.31 वर्षों से फिरार अभिुक्त प्रहर्सव तोपनो, पे0- मसीहदास तोपनो, सा0- टिटलिंग, पो0- बड़ईबिग्गा, थाना- कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा, जिनके विरूद्ध कंप्लेन केस पपप 152/94, धारा- 47 नाप-तोल अधि0 दर्ज है। अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भाग गया था तथा जगह बदल-बदल कर रह रहा था। वर्तमान में पोगलोया महतोटोली में अपने परिवार के साथ रह रहा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया।

## ऑपरेशन सतर्क में आरपीएफ मुरी की बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मुरी :** -रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने सोमवार के दिन मुरी पोस्ट के इंस्पेक्टर इनचार्ज संजीव कुमार के नेतृत्व में ऑपरेशन सतर्क के तहत गैरकानूनी शराब बरामद किया। ऑपरेशन के दौरान 12 बोतलें बियर की एवं 19 बोतलें शराब की बरामद की गई, जिनकी कुल कीमत लगभग 15330 रुपए आंकी गई। रेलवे पुलिस के द्वारा तकरीबन संध्या 6 बजे प्लेटफार्म संख्या एक पर सघन चेकिंग चलाया गया उसी दरमियान चार व्यक्तियों को संदिग्ध तरीके से बैठे हुए देखा गया,जिनके पास पीट्ठू बैग और झोले थे जो काफी भारी दिख रहे थे।पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उनलोगों ने अपना नाम अनिल कुमार,गोविंद कुमार,चंदन कुमार और राहुल कुमार सभी बिहार के समस्तीपुर के रहने वाला बताया। तत्पश्चात बैग और झोले की जांच करने पर अलग अलग ब्रांड की अवैध शराब और बीयर बरामद हुआ। पुलिस द्वारा शराब से संबंधित वैध कागजात मांगा गया परंतु वे कोई वैध कागजात नहीं दिखा पाए, जिससे मौके पर ही आरपीएफ के अवर निरीक्षक बसंत मल्लिक और रवि शंकर ने मौजूद गवाहों के मौजूदगी में शराब को जप्त करते हुए चारों व्यक्तियों को उचित कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट लाया तथा उनलोगों को आगे की कार्रवाई हेतु आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया गया।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने बिरसानगर में 24 लाख की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में विधायक पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को बिरसानगर के विभिन्न इलाकों में लगभग 24 लाख रुपये की विकास योजनाओं का विधिवत उद्घाटन किया। इनमें हरि मंदिर (जोन नंबर-5) में रोड एवं नाली निर्माण, जोन नंबर-4 में सड़क मरम्मतीकरण, जोन नंबर-1 में इंडियन गैस गोदाम के सामने सड़क मरम्मतीकरण, जोन नंबर-1 बी में जयदीप डे के घर से अशोक खामरूई के घर तक तथा मनीराम के घर से ईचागुटू के घर तक नाली निर्माण, साथ ही जोन नंबर-2 ए में मुकेश के घर से शर्मा के घर तक सड़क निर्माण जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएँ शामिल रहीं। उद्घाटन के मौके पर विधायक पूर्णिमा साहू ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की भी जानकारी ली। वहीं, स्थानीय लोगों ने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के प्रति उनकी सक्रियता की सराहना की। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों में जनसुविधाओं को मजबूत करने हेतु विकास कार्यों को तीव्र गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। आने वाले दिनों में कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएँ भी जनता को समर्पित की जाएँगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, भाजपा बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, जितेंद्र मिश्रा, बोल्टु सरकार, मनीष पांडेय, मृणाल बनर्जी, तापस कर्मकार, बापन बनर्जी, चंटू दास, खोखन मंडल, भानु प्रकाश, रतन साहू, रूपू साहू, रवि दत्ता, ओंकार सिंह, निर्मल हेंब्रम, विकास डे, बादल खामरी, मुकेश मिश्रा, सुजीत धारा, सुशीला दास, सुमन बनर्जी, सुषमा एक्का समेत बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरायकेला-खरसावां में गृह रक्षकों के 446 पदों पर भर्ती, महिलाओं के लिए 50% आरक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** जिला प्रशासन ने झारखंड गृह रक्षा वाहिनी में ग्रामीण एवं शहरी गृह रक्षकों के कुल 446 रिक्त पदों पर नव-नामांकन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। इन पदों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जिससे महिलाओं की सहभागिता को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 3 दिसंबर 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक सक्रिय रहेगी। उम्मीदवार https://recruitment.jharkhand.gov.in के लिंक पर जाकर अपना आवेदन भर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन पूर्ण करने के बाद उसका प्रिंटआउट तथा सभी आवश्यक अनुलग्नक अभ्यर्थी को इसी अवधि में जिला समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, सरायकेला-खरसावां के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। नव-नामांकन के लिए न्यूनतम आयु सीमा 19 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष (1 जनवरी 2025 के अनुसार) निर्धारित की गई है। ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए कक्षा 7 उत्तीर्ण जबकि शहरी गृह रक्षकों के लिए मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा तथा चिकित्सकीय परीक्षण शामिल होंगे। रिक्तियों, आरक्षण, योग्यता, चयन प्रक्रिया और अन्य दिशा-निर्देश भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध हैं। विस्तृत विज्ञापन जिला वेबसाइट "https://seraikela.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिला प्रशासन ने सभी योग्य युवाओं से निर्धारित समयावधि में आवेदन करने और आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रिंटआउट जमा करने की अपील की है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## सात दिसंबर को झारखंड कुरमी महासभा प्रदेश कमेटी का होगा चुनाव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** रांची आर टी सी बीएड महाविद्यालय बूटी में आगामी 7 दिसंबर दिन रविवार को झारखंड कुरमी महासभा प्रदेश कमेटी के सांगठनिक चुनाव किया जाएगा। प्रदेश चुनाव समिति की बैठक प्रदेश कार्यालय बड़ागाई, रांची में हुई। जिसमें मुख्य चुनाव पदाधिकारी डॉ. भुवनेश्वर महतो, सहायक चुनाव पदाधिकारी मुनेश्वर महतो एवं देवकी महतो ने संयुक्त रूप महासभा का चुनावी घोषणा कार्यक्रम की रुपरेखा जारी किया। जिसमें दोपहर 12.00 बजे से 3.30 बजे तक चुनावी प्रक्रिया चलेगी। 1. आवेदन प्राप्त करने का समय दोपहर 12.00 बजे से 12.30 बजे तक। 2.आवेदन जमा करने का समय अपराहन 12.31 बजे से 1.00 बजे तक। 3.आवेदन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी का समय अपराहन 1.01 बजे से 1.30 बजे तक। 4.मतदान का समय अपराहन 1.31 बजे से 2.00 बजे तक। 5.मतों का गिनती का समय अपराहन 2.05 बजे से 3.00 बजे तक। 6. परिणाम की घोषणा अपराहन 3.01 बजे से 3.15 बजे तक। 6. प्रमाणपत्र एवं शपथग्रहण अपराहन 3.16 बजे से 3.30 बजे तक। प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो ने बताया कि इसकी सूचना सभी जिला अध्यक्षों को अपने जिला के सामान्य, महिला प्रकोष्ट एवं युवा प्रकोष्ट के अध्यक्ष महासचिव एवं कोषाध्यक्ष को इसकी सूचना दें और भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इससे संगठन के संगठनात्मक ढांचा को मजबूत किया जा सकेगा। इससे पहले जिलावार चुनाव किया जा चुका है। इसमें सभी नवनिर्वाचित जिला के पदाधिकारियों को विशेष आमंत्रण है।

# डॉ. रविंद्र कुमार राय : आंदोलन से सत्ता तक का सफर, जो तुच्छ राजनीति की भेंट चढ़ गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** झारखंड की मिट्टी से निकला एक नाम, डॉ. रविंद्र कुमार राय, जो कभी एक छोटे से गांव बिरनी प्रखंड के मारागोड़ा में सपनों की बीज बोता था, आज उसी राजनीति के जाल में उलझकर खामोश हो गया है। यह कहानी है एक ऐसे योद्धा की, जो झारखंड आंदोलन का प्रतीक बनकर उभरा, प्रदेश की राजनीति को अपनी मेहनत से रोशन किया, लेकिन अंत में तुच्छ साजिशों और गुटबाजी का शिकार हो गया। मारागोड़ा का वह साधारण लड़का, जिसने रांची विश्वविद्यालय से एमए और पीएचडी की डिग्री हासिल कर ज्ञान की रोशनी फैलाई, राजनीति में कदम रखते ही एक तूफान बन गया। 1958 में जन्मे रविंद्र राय ने झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई, जहां वे न सिर्फ एक नेता बल्कि एक आंदोलन का नाम बन गए। लोगों की आवाज बनकर वे आगे बढ़े, और भाजपा के साथ जुड़कर विधायक बने। बाबूलाल मरांडी की सरकार में खनन एवं खनिज मंत्री तथा अर्जुन मुंडा सरकार में उद्योग एवं श्रम मंत्री के रूप में उन्होंने प्रदेश के संसाधनों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी, गरीबों और आदिवासियों के हक के लिए आवाज उठाई।समय बदला, और रविंद्र राय की ऊंचाइयां बढ़ती गईं। वे झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने, जहां उनकी नेतृत्व क्षमता ने पार्टी को नई दिशा दी। 2014 में कोडरमा से सांसद चुने गए, लोकसभा में 66 बहसों में हिस्सा लिया, 389 सवाल उठाए, लेकिन कभी निजी स्वार्थ नहीं साधा। हमेशा झारखंड की मिट्टी, उसके लोगों और विकास की बात की। कैबिनेट मंत्री से सांसद तक का सफर, यह किसी परीकथा से कम नहीं था एक गांव से निकलकर दिल्ली की संसद तक पहुंचना, जहां वे कोडरमा की आवाज बने। लेकिन राजनीति की कुटिल चालें कहां रुकती हैं? 2024 के झारखंड विधानसभा चुनावों में जब उन्हें कोडरमा से टिकट नहीं मिला, तो लगा जैसे उनकी वर्षों की तपस्या को तुच्छ गुटबाजी ने निगल लिया। पार्टी ने उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर शांत करने की कोशिश की, लेकिन यह महज एक दिखावा था। चुनाव बाद, 2025 में उन्हें उस पद से भी हटा दिया गया, और आदित्य साहू जैसे नए चेहरों को आगे कर दिया गया। क्या यही इनाम है एक आंदोलनकारी का जो कभी झारखंड की आजादी के लिए लड़े, आज अपनी ही पार्टी की साजिशों में कैद हो गए। वे अब भी खामोश हैं, लेकिन उनकी विरासत आंदोलन की वह ज्वाला कभी नहीं बुझेगी। क्या झारखंड उन्हें न्याय देगा, या तुच्छ राजनीति की यह कहानी यूं ही जारी रहेगी? समय बताएगा, लेकिन उनके जैसे योद्धाओं की उपेक्षा हमेशा खलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ईचागढ़ कांड के गांजा तस्करी में दो को 10 साल का कठोर कारावास व एक लाख का जुर्माना

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना कांड संख्या 79/2023 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त धनबाद के झरीया थाना क्षेत्र के कतरास निवासी 27 वर्षीय करन कुमार गुप्ता एवं उत्तर प्रदेश के बरेली जिला अन्तर्गत शेरगढ़ थाना के गोटिया निवासी 21 वर्षीय वाहिद खान को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सरायकेला-खरसावां द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष की कठोर कारावास एवं एक लाख का जुमार्ना का सजा सुनाई गई है। मालूम हो कि तत्कालीन थाना प्रभारी गौरव? कुमार मिश्रा के स्वलिखित बयान? के आधार पर अवैध गांजा तस्करी करने एवं परिवहन के खिलाफ वाहन संख्या युपी 25 सीटी 3786 के साथ 27 बोरियों में 3030 किलो ग्राम गांजा को जप्त कर मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधानकर्ता एस आई गुंजन कुमार के अनुसंधान एवं जप्त मादक पदार्थों के जांच प्रतिवेदन व? साक्ष्य के आधार पर दोनों प्राथमिकी अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई।

### पर्यावरण को प्रदूषण के जहर से बचाएं : राकेश सत्यार्थी



**रामगढ़ :** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्री अग्रसेन स्कूल के विद्यार्थियों ने भुरकुंडा के बलकुदरा स्थित इको पार्क और सोलर प्रोजेक्ट का दौरा किया। सैकड़ों विद्यार्थियों ने पार्क में लगे विभिन्न प्रजाति के पौधों का अवलोकन किया। साथ ही कृत्रिम तालाब, बटरफ्लाई गार्डन, कचरा प्रबंधन मॉडल, प्रदूषण नियंत्रण उपायों को देखा। दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की वास्तविक समझ देना था। सीसीएल द्वारा निर्मित यह पार्क अपने स्वच्छ वातावरण, समृद्ध हरियाली और प्रकृति संरक्षण के अनूठे प्रयोगों के लिए प्रसिद्धि पा रहा है। इको पार्क की विशेषताओं से विद्यार्थी काफी प्रभावित हुए। विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रदूषण के कारण वायु, जल, ध्वनि, मिट्टी, मानव जीवन, पारिस्थितिकी तंत्र सभी को नुकसान पहुंच रहा है। पार्क में बने स्टेडियम में भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। श्री सत्यार्थी ने कहा कि यह पार्क सीसीएल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह अभी शुरूआती अवस्था में है। अगले कुछ वर्ष में जब यहां लगे पौधे बड़े हो जाएंगे तब इसकी खूबसूरती देखते बनेगी। सीसीएल द्वारा इको पार्क बनाने का मुख्य उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में हरियाली को पुनर्जीवित करना और पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करना है। कोयला खनन से उत्पन्न धूल, ध्वनि और भूमि प्रदूषण को कम करने के लिए हरित क्षेत्र विकसित किए गए हैं, ताकि आसपास के लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। यहां पर पांच मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट का कार्य भी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया प्रदूषण की मार झेल रही है। हमें अपने पर्यावरण को प्रदूषण के जहर से बचाना है। हमारा वातावरण जितना शुद्ध होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही उत्तम रहेगा। इसलिए आज हर किसी को पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने की जरूरत है। यदि बच्चे अभी से जागरूक बनेंगे, तो आने वाला कल निश्चित ही सुरक्षित बनेगा।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

ज्ञापांक: 2517 दिनांक: 02.12.2025

**निविदा संबंधी सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 2457, दिनांक 14.11.2025 द्वारा प्रकाशित ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या KNP/06/2025-26 जिसका PR No. 366095 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है।

ह0/-
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 367529 Urban Development(25-26)#D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम-पूजा मुण्डा, उम्र-26 वर्ष, उँचाई-6 फीट, रंग-गोरा, साथ में इनके दो बच्चें बसन्ती मुण्डा, उम्र-6 वर्ष एवं मनीष मुण्डा, उम्र-3 वर्ष

उपरोक्त लापता महिला पूजा मुण्डा, उम्र-26 वर्ष, साथ में इनके दो बच्चें बसन्ती मुण्डा, उम्र-6 वर्ष एवं मनीष मुण्डा, उम्र-3 वर्ष, पति-डाक्टर मुण्डा, गॉव-धोआसोर, थाना-चाकुलिया, जिला-पूर्वी सिंहभूम जो दिनांक-21.10.2025 को अपनी मौसी घर से लौटने के दौरान चाकुलिया रेलवे स्टेशन से बगैर बताए कहीं चली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति थाना सनहा संख्या-11./2025, दिनांक-20.11.2025 दर्ज कर इनकी खाजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रॉची। - 9431706137
थाना प्रभारी, अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति रॉची। - 9431709009

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 367521 Police(25-26).D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।**

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DMFT/MID/RANCHI/F2-29/2025-26

पत्रांक- दिनांक-

1. विज्ञानपनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची
2. परिमाण विपत्र (BOQ)बिक्री की तिथि :- 15.12.2025 एवं 16.12.2025 कार्यालय अवधि
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 17.12.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 17.12.2025 को 03:30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची
6. निविदा खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची
7. कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | बेड़ो प्रखण्ड अन्तर्गत UPG Primary School, Nehalu, Tikaratoli के लिए दो कमरों का निर्माण। | 24,36,500.00 | 5000.00 | 49,000.00 | छः माह |

नोट:- 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।
3. इस निविदा में जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।

PR 367540 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

# समाज को बदलना होगा दिव्यांगों के प्रति नजरिया

तीन दिसंबर को देश-दुनिया में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। आजादी के 78 वर्ष बाद भी देश में दिव्यांगों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ हैं। दिव्यांग लोग आज भी समाज में बराबरी के अधिकारों के लिये संघर्षरत हैं। सरकारी स्तर पर भी कागजी कार्रवाई ज्यादा हुई है। धरातल पर आज भी दिव्यांगों की स्थिति दयनीय है। समाज में उनका मजाक उड़ाया जाता है। ऐसी ही एक घटना से नाराज होकर कुछ दिनो पूर्व देश के उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने पर विचार करने को कहा । न्यायालय ने एसएमए क्योर फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई करते हुये केंद्र सरकार से दिव्यांगों और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों का उपहास करने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को अनुसूचित जाति-अनुसूचित जन जाति अधिनियम की तर्ज पर दंडनीय अपराध बनाने के लिए एक कानून बनाने को कहा है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अभद्र, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की आवश्यकता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस बारे में न्यायालय को सूचित किया कि सरकार में कुछ दिशा-निर्देश बनाने पर विचार हो रहा है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हास्य किसी की गरिमा की कीमत पर नहीं हो सकता। याचिका में इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट समय रैना और सोशल मीडिया पर प्रभावशाली लोगों, विपुन गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के चुटकुलों की निंदा की गई थी। अदालत ने उन्हें भविष्य में अपने आचरण के प्रति सावधान रहने का निर्देश दिया। न्यायालय ने हास्य कलाकार रैना और अन्य को दिव्यांग व्यक्तियों, विशेष रूप से स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए धन जुटाने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों की सफलता की कहानियों पर प्रत्येक माह दो कार्यक्रम या शो आयोजित करने का भी निर्देश दिया। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर इस वर्ष का विषय है सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में हर वर्ष 3 दिसंबर को अंतरग्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की थी। तब से सरकार ने देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनाई हैं। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेंशन की योजना भी शुरू की है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं महज एक मजाक बनकर रह गई हैं। इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है। इसको मनाने का उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक 'दिव्य क्षमता' है और उनके लिए 'विकलांग' शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है।

# घुसपैठ और शरणार्थी समस्या पर अमेरिका की दोहरी नीति

**रमेश शर्मा**

घुसपैठ और शरणार्थी समस्या पर अमेरिका की दोहरी नीति सामने आई है। संयुक्त राज्य नागरिकता और आव्रजन सेवाएं (यूएससीआईएस) ने 19 देशों के सभी नागरिकों को अपने देश से निकालने का अभियान छेड़ दिया है। यूएससीआईएस अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की एक एजेंसी है। यह देश में नागरिकता और आव्रजन प्रणाली का प्रबंधन करती है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य अमेरिका आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने भारत में शरणार्थियों की पहचान करने की कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया है और उन्हें भारत में ही बसाने का दबाव भी बनाया है। नवंबर में अमेरिका से आए दो समाचार विश्व मीडिया में सुर्खियां बने। एक समाचार नवंबर के अंतिम सप्ताह का है। इसमें कहा गया कि यूएससीआईएस ने 19 देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकालने की कार्रवाई तेज करने की है। यह संस्था अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के बाद सक्रिय हुई जिसमें कहा गया कि वे "थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज" से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, और जो आ गये हैं उन्हें अमेरिका से बाहर करेंगे।



"थर्ड-वर्ल्ड" के रूप में अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मध्य एशिया के देश माने जाते हैं। यूएससीआईएस ने 19 देशों की एक सूची भी जारी की है। इनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला हैं। इन देशों में विकास की गति धीमी है। यहां के नागरिक अपनी गरीबी और बेरोजगारी दूर करने केलिये अन्य देशों में जाते हैं। अमेरिका उनकी पहली प्राथमिकता होता है। ट्रंप ने इन देशों के नागरिकों को "अमेरिका के लिये चिंताजनक" माना है। इनको अपने यहां से निकालने की तैयारी भी कर ली है। इसकी तैयारी तो जून 2025 से ही हो रही थी लेकिन हाल ही दो अमेरिकी सैनिकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रशासन ने यह काम अपनी पहली प्राथमिकता में ले लिया है। यह हमलावर अफगानिस्तानी नागरिक रहमनुल्लाह लाकनवाल था। इसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस हमले में अमेरिकी नेशनल गार्ड्स के एक सैनिक की मृत्यु हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ था।

इस हमले के बाद राष्ट्रपति ने इन देशों से अमेरिका आने वाले नागरिकों पर तीखी टिप्पणी की। राष्ट्रपति की इस घोषणा के बाद यूएससीआईएस के निदेशक जो एडलो ने कहा कि राष्ट्रपति के निर्देश पर यह जांच "पूरी तरह कठोर और फुल-स्केल" होगी। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति यह खुली घोषणा कर रहे हैं कि जो लोग अमेरिका से प्यार नहीं करते उन्हें निकाला जायेगा वहीं अमेरिकी सरकार की ही एक अन्य संस्था यूएससीआईआरएफ भारत में घुसपैठियों की जांच पर आपत्ति जता रही है। यह संस्था अमेरिका सहित संसार के विभिन्न देशों में धार्मिक की स्वतंत्रता के सार्वभौमिक अधिकार पर अपनी रिपोर्ट तैयार करती है। वार्षिक रिपोर्ट के अतिरिक्त भी समय-समय पर इसके पदाधिकारियों की टिप्पणियां आती हैं। संस्था ने इसवर्ष अपनी रिपोर्ट भारत-मुस्लिम समाज पर केंद्रित की है और बहुसंख्यक हिन्दुओं एवं भारत सरकार पर मुसलमानों को धार्मिक आधार पर उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। इस रिपोर्ट में नागरिकता के सत्यापन और घुसपैठियों को बाहर करने की कार्रवाई को मुसलमानों के धार्मिक अधिकार से जोड़कर तीखी आलोचना की गई है।

रिपोर्ट में भारतीय सुरक्षा एजेंसीज की आतंकवादियों और अपराधियों पर की जाने वाली कार्रवाई को भी मुसलमानों के धार्मिक अधिकार से जोड़कर आपत्तिजनक माना गया है। दुनिया के किसी भी देश में अपराधी अथवा आतंकवादी को धार्मिक आधार पर बचाव नहीं किया जाता। अमेरिका में भी नहीं। लेकिन भारत में अपराधी के धार्मिक और मानवाधिकार दिखते हैं। भारत में एक भी ऐसी घटना नहीं घटी जहां बहुसंख्यक समाज ने किसी अल्पसंख्यक को धार्मिक आधार पर उत्पीड़ित किया हो। यहां तो इसके बिलकुल विपरीत होता है। धार्मिक आधार पर बहुसंख्यकों पर हमले होते हैं। वे भयभीत होकर मकान दुकान बेचकर अन्यत्र भाग रहेहैं। लेकिन यह अमेरिकी रिपोर्ट यह भी लिखती है कि भारत सरकार, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर, धार्मिक अल्पसंख्यकों के विरुद्ध व्यापक उत्पीड़न और हिंसा को बर्दाश्त करती है और कभी-कभी उसे बढ़ावा भी देती है।

रिपोर्ट में कमिश्नर स्टीफन श्नेक ने कहा है कि मुसलमानों को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए मजबूर करना उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर व्यक्तियों को सीधे निशाना बनाना है और नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों पर अंतरग्राष्ट्रीय संधि के तहत भारत के दायित्वों का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि "हम ट्रंप प्रशासन से आग्रह करते हैं कि वह भारत सरकार के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों में धार्मिक स्वतंत्रता को शामिल करे और मुस्लिम आबादी और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दे।"

यूएससीआईआरएफ ने भारत में रोहिंग्या घुसपैठियों की तलाश कर उन्हें वापस भेजे जाने पर भी आपत्ति की है और कहा है कि उन्हें शरणार्थी माना जाना चाहिए। अध्यक्ष विकी हार्टजलर ने इसे अंतरराष्ट्रीयकानून और गैरवापसी के सिद्धांत की घोर अवहेलना माना है। इस संस्था को पाकिस्तान और बंगलादेश में हिन्दुओं की हत्या और घटती आबादी नहीं दिख रही, लेकिन भारत पर उंगली उठाई जा रही है। इसकी रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधा गया है और कहा है कि यह संगठन धार्मिक परिवर्तन रोकने का प्रयास करता है। रिपोर्ट की यह पंक्ति परोक्ष रूप से उन तत्वों की करतूतों पर परदा डालने वाली है जो भारत में छल प्रपंच से धर्मांतरण का अभियान चलाये हुये हैं। इस रिपोर्ट में गोहत्या रोकने के प्रयास और पाठ्य पुस्तकों से मुस्लिम शासकों से जुड़े संदर्भ हटवाने के लिये भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा गया है। यह रिपोर्ट जिस समय आई है और जिस प्रकार प्रस्तुतिकरण किया गया है, वह भारत के निवासियों की धार्मिक स्वतंत्रता का विश्लेषण नहीं अपितु भारत में घुसपैठ, आतंकवाद और अलगाववाद को संरक्षण देने का कुचक्र लगता है। इन दिनों भारत में मतदाता सूचियों का सत्यापन कार्य (एसआईआर) चल रहा है। कुछ दल और कुछ कट्टरपंथी इस सत्यापन का विरोध कर रहे हैं। वे घुसपैठियों को मतदाता बनाये रखने का अभियान चला रहे हैं। इस रिपोर्ट में भारत विरोधी ऐसे ही अभियान की स्पष्ट झलक दिखाई दे रही है। भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाली एवं भारत की एकता को तोड़ने वाले कट्टरपंथियों और आतंकवादियों को प्रोत्साहित करने वाली यह पहली रिपोर्ट नहीं है। इससे पहले भी इस संस्था की कुछ रिपोर्ट भारत के विरुद्ध आईं हैं। भारत सरकार ने गत वर्ष भी इस संस्था की रिपोर्ट को खारिज कर दिया था और इस वर्ष भी तथ्यहीन बताकर खारिज कर दिया है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# डॉ राजेंद्र प्रसाद 432 दिनों तक हजारीबाग सेन्ट्रल जेल में बंद रहे थे

**विजय केसरी**

भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के दौरान देश के प्रथम राष्ट्रपति,देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद 432 दिनों तक हजारीबाग सेंट्रल जेल में एक बंद रहे थे। हजारीबाग सेंट्रल जेल में बंद के समय उनका अपने साथी स्वाधीनता सेनानियों से और हजारीबाग से गहरा लगाव हो गया था। इस बात का जिक्र उन्होंने अपनी आत्मकथा में भी दर्ज किया। वे जीवन के अंतिम क्षणों तक हजारीबाग, सेंट्रल जेल और जेल के साथियों को याद करते रहे थे। हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह से जेल में बंद के दौरान ही दोनों गहरे मित्र बन गए थे। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनकी दोस्ती उसी तरह कायम रही थी। डॉ राजेंद्र प्रसाद बराबर पत्र लिखकर अपने मित्रों का हाल-चाल लिया और दिया करते थे। डॉ राजेंद्र प्रसाद के हाथों द्वारा लिखित के कई पत्र आज भी बाबूराम नारायण सिंह के सुपौत्र डॉ प्रमोद सिंह के पास संरक्षित हैं। डॉ प्रमोद सिंह ने कहा कि 'जब भी उनके दादा बाबू राम नारायण सिंह राष्ट्रपति भवन गए, उन्होंने बड़े ही आदर के साथ बातचीत किया था। इस दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद झारखंड के राजनीतिक, सामाजिक और पारिवारिक विषयों पर बातचीत किया था। झारखंड का मौसम, अबोहवा व हरियाली उन्हें बहुत पसंद थी। खासकर हजारीबाग की हरियाली की तारीफ करते थकते नहीं थे।'

डॉ राजेंद्र प्रसाद 1932 से लेकर 1944 तक तीन बार हजारीबाग के सेंट्रल जेल में लगभग 432 दिनों तक बंद रहे थे। इस जेल यात्रा में उनके साथ खान अब्दुल गफ्फार खां, डॉ राहुल सांस्कृत्यायन, महामाया प्रसाद सिंह, कृष्ण बल्लभ सहाय, बाबू राम नारायण सिंह, जगत नारायण लाल, स्वामी सहजानंद सरस्वती, विपिन बिहारी शर्मा, रामवृक्ष बेनीपुरी सहित कई स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े नेता बंद थे। इस जेल यात्रा के दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद का ज्यादातर समय अध्ययन, सूत काटने और जेल में बंद स्वाधीनता सेनानियों के साथ जेल से निकलने के बाद स्वाधीनता आंदोलन को कैसे और तेज गति दी जाए, के विचार विमर्श में बीतता था। इसी कालखंड में उन्होंने अपने साहित्यिक मित्रों राहुल सांस्कृत्यायन, रामवृक्ष बेनीपुरी, बाबू राम नारायण सिंह आदि के साथ मिलकर एक हस्तलिखित पत्र भी निकाला था। इस हस्तलिखित पत्र में स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े क्रांतिकारियों के नाम संदेश दर्ज होता था। मैंने जेल प्रशासन और उस कालखंड में बंद क्रांतिकारियों के परिवार से उक्त हस्तलिखित पत्र के उपलब्ध होने की खोज भी की, लेकिन वह हस्तलिखित पत्र उपलब्ध नहीं हो सका। इस पर इतिहास के खोजकर्ताओं को विशेष रूप से काम करने की जरूरत है। यह हस्तलिखित पत्र स्वाधीनता आंदोलन के दस्तावेज के रूप में बहुत ही बहुमूल्य साबित होगा। इस संदर्भ में एक बात यह लिखना जरूर समझता हूं कि डॉ राजेंद्र प्रसाद ने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान एवं राष्ट्रपति बनने के बाद झारखंड के कई मित्रों को पत्र लिखे थे। अगर उन पत्रों का खोज किया जाए तो एक पत्र स्मारिका पुस्तक बन सकती है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में हजारीबाग जेल यात्रा का बहुत ही शानदार तरीके से उल्लेख किया है। आज भी हजारीबाग सेंट्रल जेल में उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर जिस कमरा में डॉ राजेंद्र प्रसाद बंद रहे थे, उन्हें याद किया जाता है। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनका हजारीबाग जेल में बंद क्रांतिकारियों से संबंध बना रहा था। हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह के साथ उनका बराबर पत्र व्यवहार होता रहता था। आज भी ये पत्र उनके पौत्र डॉ प्रमोद सिंह के पास सुरक्षित हैं। हजारीबाग सहित झारखंड के कई स्वाधीनता संग्राम से जुड़े नेता गण राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं को लेकर डॉ राजेंद्र प्रसाद से मिला करते थे। राष्ट्रपति भवन सदैव झारखंड के स्वाधीनता सेनानियों के लिए खुला रहता था। डॉ राजेंद्र प्रसाद झारखंड के हर एक नेता से बहुत ही शालिनता और सम्मान के साथ मिलते थे। वे, उनसे देश की राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं पर चर्चा किया करते थे। इन राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं का निदान कैसे हो? इस पर भी डॉ राजेंद्र प्रसाद मार्ग प्रशस्त किया करते थे।

डॉ राजेंद्र प्रसाद संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन और राष्ट्र के नवनिर्माण में बीता था। आज के नेताओं को डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों निराला था। उनका जीवन सदा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। देश के सबसे शीर्ष राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के बावजूद उनके व्यवहार में कोई कमी नहीं आया था। वे राष्ट्रपति बनने से पूर्व जिस तरह रहते थे, राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनका रहन-सहन उसी तरह बना रहा था। उनकी वेशभूषा में कोई तब्दीली नहीं हुई थी। वे आमजन के नेता थे। वे जीवन के अंतिम क्षण तक आमजन के ही नेता बने रहे थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर वे वकालत से सदा सदा के लिए त्यागपत्र देकर सीधे स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े थे। बापू की तरह डॉ राजेंद्र प्रसाद भी सत्य अहिंसा के प्रबल समर्थक थे। वे आजीवन सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते रहे थे। स्वाधीनता आंदोलन में कूदने के पश्चात आंदोलन ही उनके जीवन का सहचर बन गया था। अगर वे चाहते तो वकालत कर एक बेहतर जीवन जी सकते थे। उन्होंने इस बेहतर जीवन का त्याग कर स्वाधीनता संघर्ष का ही मार्ग चुना था। इससे प्रतीत होता है कि उनके मन में राष्ट्र भक्ति कूट-कूट कर भरी थी। भारतीय राजनीति में उनका प्रवेश एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में हुआ था। उनकी विलक्षण प्रतिभा और कर्तव्य परायणता ने उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया था । जब सुभाष चंद्र बोस ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था। ऐसे वक्त में पुनः डॉ राजेंद्र प्रसाद को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का बनाया था। वे दो - दो बार अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। उन्होंने कांग्रेस संगठन को बहुत ही तीव्र गति से आगे बढ़ाया था। वे देखने में जितने साधारण, सहज और सरल लगते थे। उनका निर्णय उतना ही सटीक और सार्थक होता था। वे विपरीत परिस्थितियों में भी बिल्कुल घबराते नहीं थे। वे धैर्य और संयम के साथ अपने कदम को आगे बढ़ाते थे। जब डॉ राजेंद्र प्रसाद अपनी बातों को सार्वजनिक मंचो से रखते थे। श्रोता बिल्कुल शांत होकर उनकी बातों को सुना करते थे।

राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने कई ऐसे दृष्टांत छोड़े जो बाद में उनके प्रवृत्तियों के लिए उदाहरण बन गया था। यहां यह लिखना जरूरी समझता हूं कि भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को उनकी बहन भगवती देवी का निधन हो गया था। लेकिन वे भारतीय गणराज्य की स्थापना की रसम के बाद ही दाह संस्कार में भाग लेने गए थे। राजेन्द्र प्रसाद, राष्ट्रपति के रूप में 12 वर्षों तक कार्य किया था। उन्होंने 1962 में अपने अवकाश की घोषणा की थी। जब वे विदाई के बाद राष्ट्रपति भवन से निकले थे, तो उनके बख्शा में चार जोड़ी कपड़े और कुछ पुस्तकों के अलावा कुछ भी न था। पूरी दिल्ली उनकी विदाई पर अश्रुपूरित हो गई थी । जब डॉ प्रसाद, दिल्ली छोड़ कर जा रहे थे, तो उनको देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी। दिल्लीवासी भींगे पलकों से उन्हें विदा कर रहे थे।

आज के बदली परिस्थिति में जहां चंहुओर भ्रष्टाचार परिवारवाद और भाई भतीजा वाद का बोलबाला है। हर एक भारतवासियों को डॉ राजेंद्र बाबू के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनकी सहजता, सरलता, कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। सच्चे अर्थों में यही संकल्प उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सूडोकु नवताल- 7632

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7631 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# भारत का मेजर ताकत बनना बड़ी उपलब्धि, सुपर ताकत बनना बड़ी चुनौती

**डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा**

आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी संस्था द्वारा जारी एशिया पॉवर इंडेक्स 2025 में भारत का मेजर पॉवर का दर्जा हासिल करना इस मायने में महत्वपूर्ण है कि भारत शक्तिशाली देशों की कतार में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। लोवी द्वारा जारी इंडेक्स में मेजर पॉवर का दर्जा हासिल करने वाला भारत एकमात्र देश है जबकि सुपर पॉवर के रुप में अमेरिका और चीन अपना दबदबा बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। भारत ने मेजर पॉवर का दर्जा हासिल कर लिया है पर सुपर पॉवर का दर्जा हासिल करने में अभी भारत को लंबा समय और कड़ी मेहनत व प्रयास करने होंगे।

दरअसल, 8 पेरामीटर्स में 100 में से 70 से अधिक अंक अर्जित करने वाले देश ही सुपर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और अमेरिका इसमें 80.5 अंक प्राप्त कर सुपर पॉवर बना हुआ है। वहीं, चीन भी अमेरिका के पीछे-पीछे 73.7 अंकों के साथ दूसरा सुपर पॉवर बना हुआ है। डोनाल्ड ट्रम्प के आने के बाद अमेरिका ने बहुत कुछ खोया है फिर भी पहले स्थान का ताज आने वाले सालों में भी छिनता हुआ नहीं लगता है। भारत ने अवश्य जापान को पछाड़ कर तीसरा स्थान बनाया है और 40 अंक प्राप्त कर मेजर पॉवर तो बन ही गया है।

40 या 40 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले देश मेजर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और यह दर्जा प्राप्त करने वाला भारत अकेला देश बन गया है। एशिया प्रशांत के 27 देशों से शेष 23 देश मिडिल पॉवर व उससे नीचे की श्रेणी में हैं। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान इस इंडेक्स में पहले दस में भी स्थान नहीं बना पाया है। पाकिस्तान सूची में 16 वें स्थान पर रहा है। निश्चित रुप से यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि और इंटरनेशनल जगत में भारत के बढ़ते दबदबे का स्पष्ट संकेत है।

ऑपरेशन सिन्दूर और इससे पहले भी जिस तरह से भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया है और इंटरनेशनल डिप्लोमेसी में भारत की अग्रगामी भूमिका तय की गई है उसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। आर्थिक क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने इसे तीसरे पायदान पर लाने में खासी भूमिका तय की है। भारत आज दुनिया के देशों में बड़ी आर्थिक शक्ति के रुप में उभरा है और दुनिया के देशों में सबसे अधिक यानी कि विदेशी निवेश में भारत ने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है।

आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी द्वारा 2018 से एशिया पॉवर इंडेक्स जारी करना आरंभ किया है। 2025 में एशिया पॉवर इंडेक्स का सातवां संस्करण जारी किया है। लोवी द्वारा 8 पेरामीटर्स के आधार पर अंक जारी किये जाते हैं। इसमें सैन्य क्षमता, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक शक्ति, अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध, कूटनीतिक व सांस्कृतिक संबंध, लचीलापन, भविष्य के संसाधन आदि पेरामीटर्स के आधार पर 27 देशों का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑपरेशन सिन्दूर ने भारत की सैन्य शक्ति और ताकत से दुनिया के देशों को झकझोर कर रख दिया है। सैन्य संसाधनों में आज भारत आत्मनिर्भर होता जा रहा है। इसके साथ ही जिस तरह से भारत की इकोनोमी तेजी से आगे बढ़ती जा रही है उससे दुनिया के देशों में भारत ने अलग ही स्थान अर्जित कर लिया है। भारत में देसी-विदेशी निवेश का जिस तरह का माहौल बना है और जिस तेजी से विपरीत वैश्विक हालातों के बावजूद और यहां तक कि ट्रंप की टैरिफ नीति के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था व विकास का स्तर लगातार बने रहना बड़ी उपलब्धि है।

ऑपरेशन सिन्दूर, आर्थिक क्षेत्र में बढ़ती साख, सैन्य क्षमता में बढ़ोतरी भारत की ताकत बन गई है। भारत के साथ सबसे बड़ी ताकत स्थिर और कड़े निर्णय लेने में भी सक्षम सरकार होना एक सकारात्मक पक्ष है तो दूसरी और जेन जेड और उसके बाद की जैनरेशन की बड़ी भूमिका हो गई है। आज तकनीकी रुप से भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत युवाओं का देश हो गया है। सैन्य क्षमता, कूटनीतिक प्रभाव, इकोनोमिक क्षमता और प्रौद्योगिकी, डिजिटलाइजेशन, कूटनीतिक और सांस्कृतिक रिलेशन आदि क्षेत्र में भारत ने पिछले साल की तुलना में अधिक अंक अर्जित किये हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत का वैश्विक स्तर पर आत्मविश्वास बढ़ा है और इसी का परिणाम है कि भारत आज आंख से आंख मिलाकर बात करने और आंतरिक व बाहरी निर्णय लेने में सक्षम और स्वतंत्र देश के रुप में उभरा है।


हालांकि भारत के सामने अभी चुनौतियां बहुत है। सबसे बड़ी चुनौती जो विषय से अलग हटकर है वह है हमारे ही लोगों द्वारा विदेशी मीडिया व विदेशी धरती पर देश की छवि खराब करना। होना यह चाहिए कि लाख राजनीतिक मतभेदों के बावजूद विदेश की धरती पर एक रहना और एक रहने का संदेश देना जरुरी हो जाता है। रक्षा नेटवर्क को और अधिक विस्तारित करने की चुनौती के साथ ही कूटनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। अमेरिका की ट्रंप की देशी-विदेशी नीति के कारण अमेरिका के अंकों में गिरावट दर्ज की गई है। देखा जाए तो भारत की सैन्य क्षमता के साथ साथ इकोनोमी के क्षेत्र में क्षमता का तेजी से विकास हुआ है। हालांकि रक्षा नेटवर्क के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किया जाना है।

एशिया पॉवर इंडेक्स 2025 में भारत का मेजर पॉवर बनना और तीसरा स्थान बनाना भारत की दुनिया के देषों में बढ़ती साख का परिचायक है। निश्चित रुप से यह बड़ी उपलब्धि है पर अब भारत को इसे बनाये रखने और अन्य पेरामीटर्स के क्षेत्र में भी योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना है। चुनौतियां बहुत हैं पर चुनौतियों से पार पाते हुए ही कुछ अधिक अर्जित करना बड़ी बात हो जाती है। मेजर पॉवर से सुपर पॉवर बनना बड़ी चुनौती है पर सकारात्मक प्रयासों से सुपर पॉवर बनने के लक्ष्य के साथ ही भारत को आगे बढ़ना होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**3 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.29 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मकर | 09.34 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.20 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 12.53 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मेष | 14.24 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 16.04 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 18.02 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.15 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.31 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कन्या | 00.43 बजे से |
| | | तुला | 02.54 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.09 ब.से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 337 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत** 1947
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 12.26 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 18.00 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 16.57 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 12.26 बजे तदनन्तर गर 22.34 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 06'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872547
**जूलियन दिन** 2461012.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 11

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी में शामिल हुए डीएसई

**साहिबगंज** : जिला के बोरियो प्रखंड मुख्यालय स्थित आरके प्लस टू स्कूल में शिक्षकों की मासिक गुरू गोष्ठी आज मंगलवार को बीइओ तरूण कुमार घाटी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गुरू गोष्ठी में डीएसई कुमार हर्ष शामिल हुए। डीएसई ने उपस्थित शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएसई ने बच्चों की उपस्थिति पचास प्रतिशत से उपर लाने, एमडीएम के एसएमएस प्रतिदिन तीन बजे से पहले करने, विद्यालय नियमित संचालन करने, किचेन गार्डन, शिशु पंजी, बच्चों का स्वास्थ्य जांच, एसडीपी, शौचालय, एनआईएलपी उल्लास एप्प, ई-कल्याण पोर्टल पर बच्चों का डाटा इंट्री करने आदि का निर्देश दिए। डीएसई ने शिक्षकों को ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन दोनों अवकाश लेने को कहा।मौके पर बीइओ तरूण घाटी, बीपीओ राजेश्वरी सिन्हा, बीआरपी माखन लाल यादव, सीआरपी फैजल अफरोज, सुल्तान आलम, एकाउंटेंट विलाश दास, जेठा टुडू आदि उपस्थित थे।

## साइन इन्फोटेक कंप्यूटर सेंटर ने मनाया विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस

**पाकुड** : जिले के हिरणपुर प्रखण्ड में मंगलवार को कंप्यूटर सेंटर शाइन इन्फोटेक ने छात्रों के साथ मिलकर उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस मनाया। सनद रहें कि आज की दुनिया में डिजिटल कौशल मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर छात्रों के बीच क्विज कंपटीशन करवाया गया और पुरस्कार वितरण भी किया गया। मौके पर डायरेक्टर सुदीप कुमार ने बच्चों को विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के बारे में बताया। वहीं ब्रांच हेड ललित दत्ता, शिक्षक राहुल कुमार साहा, इशरत परवीन, बबीता साहा द्वारा बच्चों के बीच में कंप्यूटर को अपने दैनिक जीवन में जोड़कर किस तरह से अपने भविष्य को बेहतर बनाया जा सकता है इस पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

## सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**सिमडेगा** : उपायुक्त, सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी के निदेशानुसार, आज दिनांक 02.12.2025 को केरसई प्रखंड अंतर्गत केरसई चौक एवं किनकेल चौक पर वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 19 (उन्नीस) वाहनों के विरुद्ध कुल 7700 राशि का ऑनलाइन चालान किया गया।

## कृषि विभाग ने किसानों में चना-सरसों बीज का किया वितरण

**खरसावां** : खरसावां प्रखंड मुख्यालय में कृषि विभाग द्वारा किसानों के बीच ₹बीज वितरण₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 30 किसानों के बीच 660 केजी चना बीज वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, एटीएम, बीटीएम, बीएओ सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इसी क्रम में चांडिल प्रखंड अंतर्गत हेसाकोचा पंचायत में ₹बीज वितरण₹ कार्यक्रम संचालित किया गया, जहाँ 65 किसानों के बीच 130 केजी चना और 130 केजी सरसों बीज का वितरित किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में भी स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा किसानों को योजनाओं एवं तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया।

# उपायुक्त ने की मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा** : उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय सिमडेगा पहुँचीं और पुस्तकालय की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण कीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र- छात्राओं को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप पुस्तकें वितरित कीं। उपायुक्त ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा दी गई सूची के आधार पर अधिकतर पुस्तकें उपलब्ध करा दी गई हैं, जबकि कुछ पुस्तकों की कमी है। इन पुस्तकों को शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। पुस्तकालय में प्रतियोगिता परीक्षा के लिए एन सी ई आर टी की स्तरीय पुस्तकों की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया।जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के मानक पुस्तकों की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया जिससे राज्य स्तरीय परीक्षाओं के लिए उनकी तैयारी मुक्कमल हो। उपायुक्त ने स्थानीय प्रकाशकों से संपर्क कर उनकी विभिन्न स्तर के प्रतियोगी पुस्तकों की जानकारी छात्रों के बीच लाने का सुझाव दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पुस्तकालय परिसर के चारों ओर भ्रमण किया और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर को हमेशा स्वच्छ रखा जाए ताकि अध्ययन हेतु बेहतर वातावरण तैयार हो सके। साथ ही, पुस्तकालय में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सिटिंग क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया। उपायुक्त ने अतिरिक्त चेयरझटेबल लगाने और क्षतिग्रस्त संसाधनों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने परिसर में बने नए भवन का भी निरीक्षण किया। नए भवन में साफझसफाई कराने और वहां भी अध्ययन हेतु आवश्यक फर्नीचर, जैसे टेबल और चेयर, उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सुविधा मिल सके। युवाओं ने पुस्तकालय में हाथ मुँह धोने के लिए चापानल ठीक कराने तथा नल की व्यवस्था करने, संध्या समय विद्युत लाइन कटने पर वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था करने, पुस्तकालय खुलने एवं बंद करने का समय बदलकर अवधि विस्तार करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने सभी आवश्यक सुविधा बहाल करने का निर्देश दिए। जिला प्रशासन युवाओं की शिक्षा एवं तैयारी के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने पुस्तकालय कर्मियों को भी जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। समग्र रूप से उनके दौरे का उद्देश्य पुस्तकालय सेवाओं को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाना है,ताकि प्रतियोगिता परीक्षा के प्रतिभागी उसका सही उपयोग कर सकें। मौके पर नजारत उप समाहर्ता -सह- सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : पुलिस अधीक्षक कार्यालय, साहिबगंज में आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में त्वरित, सटीक एवं प्रभावी डाटा प्रबंधन, साथ ही पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना था। कार्यक्रम के तहत निम्न प्रमुख विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। ईडीएआर पोर्टल के माध्यम से दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया, सभी थानों द्वारा आईआरएडी/ईडीएआर पोर्टल पर दुर्घटना डेटा की समय पर एवं सटीक प्रविष्टि सुनिश्चित करना, एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजिमाध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की मानक प्रक्रिया, हिट एंड रन मामलों के प्रभावी प्रबंधन से संबंधित दिशा-निर्देश, नेक नागरिक से संबंधित प्रावधान एवं उनके संरक्षण के नियमों का प्रशिक्षण। इस अवसर पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, आईआरएडी/ईडीएआर मैनेजर मनोज कुमार, एनआईसी साहिबगंज टीम, तथा जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

## पूर्व फल व्यवसायी वृद्ध की हत्या, हाथ-पैर बंधा शव पुलिस ने की बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : नगर थाना क्षेत्र के गोपाल पुल के पास बुधवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। क्षेत्र के पूर्व फल व्यवसायी विश्वनाथ गुप्ता (उम्र लगभग 75 वर्ष) की उनके ही तीन मंजिला घर में हत्या कर दी गई। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह वृद्ध अपने कमरे में सोए हुए थे। सुबह जब भतीजे की बहन उन्हें जगाने गई, तो देखा कि वे जमीन पर गिरे पड़े हैं। इसके बाद भतीजा चंदन कुमार और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वृद्ध के चेहरे, हाथ और पैर पर पैकिंग टेप से लिपटा हुआ था। उनका सिर फटा हुआ था। गले से सोने का चेन और अंगूठी गायब थे। घर का अलमारी टूटा हुआ मिला। परिजनों ने तुरंत नगर थाना में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनीश पांडेय, जीरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, गंगा थाना प्रभारी लव कुमार, तथा मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने बारीकी से जांच की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की खोज कर फुटेज सुरक्षित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। देर शाम तक दुमका से डॉग स्क्वाड टीम पहुंच कर छानबीन शुरू की। डीएसपी विजय कुशवाहा ने बताया कि पुलिस हर संभावित कोन से मामले की जांच कर रही है। चोरी, आपसी रंजिश और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तहकीकात जारी है। खबर लिखे जाने तक पुलिस की जांच प्रक्रिया जारी थी।

## लोको पायलट व सहायक लोको ने कई मांगो को लेकर 48 घंटे का सामुहिक उपवास पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज:** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने मंगलवार को क्रू लॉबी कार्यालय के समक्ष लोको पायलट, सहायक लोको के द्वारा कई मांगो को लेकर 48 घंटे के उपवास पर गए है। नेतृत्व सहायक सचिव गोपाल कुमार ने किया है। साहिबगंज रेलवे लोको चालकों ने विरोध जताते हुए कहा कि रनिंग स्टॉफ को हंगर फास्ट क्यों जरूरी है ? टीए के सापेक्ष रनिंग अलाउंस 25 फीसदी बढ़ोत्तरी दिनांक एक जनवरी 2024 के नही होना, रनिंग माइलेज में इनकम टैक्स में 70 फीसदी की छूट, पीआर रेस्ट 30+16=46 नहीं मिलना, किसी गाड़ी का सुरक्षित संचालन उस गाड़ी के सबसे आगे तैनात लोको पायलट एवं सहायक लोको का होता हैं। सभी मौसम में एक परहेदार के रूप में कार्य करता है। यदि कोई परिणामी दुर्घटना नहीं भी हुई है तब भी एसपीएडी के आरोप में लोको पायलट/सहायक लोको पायलट को बर्खास्त कर दिया जाता हैं।मान्यता प्राप्त यूनियन भी रनिंग स्टॉफ के साथ भेदभाव कर रहे हैं। रेलकर्मियों ने कहा कि अगर भारत सरकार और रेलवे बोर्ड इसे लागू नहीं करते है तो आगे चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। मौके पर कॉमरेड दिवाकर कुमार, संतोष कुमार, विनय कुमार, कुंदन कुमार, ब्रजेश कुमार, जे एस विद्यार्थी, कुमुद रंजन, सुभाष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत, चार घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया, फोर लेन सड़क पर सोमवार को देर रात दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे एक घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान बाहर ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हसन टोला निवासी परवेज शेख (21), नजरूल शेख (27) बाइक से राजमहल की तरफ आ रहा था और शहर के रजवाड़ा निवासी वसीम शेख (18), रेहान शेख उधवा की तरफ जा रहा था। तभी फोर लेन सड़क के पास दोनों बाइक चालक के बिच आमने-सामने की टक्कर हो गया। जिससे सभी चारों बीच सड़क पर गिरकर बूरी तरह से घायल हो गया। सभी घायलों को अपने-अपने परिजनों एवं समाजसेवी नसरुद्दीन आलम के द्वारा टोटो के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां डिप्टी में मौजूद डॉक्टर गुफरान आलम ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में चारों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। एंबुलेंस के द्वारा पश्चिम बंगाल इलाज के लिए लेकर जाने के क्रम में हसन टोला निवासी नजरुल शेख (27) उधवा के पास दम तोड़ दिया। जहां मंगलवार को अनुमंडल अस्पताल में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में डॉ कुमार सौरव के द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। रात में ही घटना की सूचना मिलते ही थाना के एएसआई सनातन हेंब्रम दल-बल के साथ अस्पताल पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए थे। घटनास्थल से पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर लिया है।

एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का हुआ भव्य आयोजन

# मुख्यमंत्री जी युवाओं के रोजगार को लेकर सदैव संवेदनशील : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय सह मांडल कैरियर सेंटर, पाकुड़ द्वारा मंगलवार को बाजार समिति परिसर में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेले में आठवीं से लेकर स्नातक उत्तीर्ण तक के सैकड़ों युवा उत्साहपूर्ण तरीके से शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ अतिथियों द्वारा किया गया। मेले में कुल 23 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। कुल 968 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 327 अभ्यर्थियों का ऑन द स्पॉट चयन किया गया,जबकि 212 अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। इस अवसर पर विधायक निसात आलम, उपायुक्त मनीष कुमार, राजेडी जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया, कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार, राजेडी जिला अध्यक्ष, राजेडी सचिव रंजीत कुमार सिंह एवं जिला नियोजनालय पदाधिकारी राहुल कुमार उपस्थित रहे। उपायुक्त ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पहली नौकरी जीवन की शुरूआत भर है, यह अंतिम लक्ष्य नहीं। युवा आरंभ में ही अत्यधिक वेतन की अपेक्षा करते हैं, परंतु करियर अनुभव और कौशल से आगे बढ़ता है। आज भी हजारों लोग छोटे स्तर से शुरू करके उच्च पदों तक पहुंचे हैं—इसलिए कोई भी नौकरी छोटी नहीं होती। कौशल ही करियर की असली पूंजी है; इसी उद्देश्य से सक्षम केंद्र और कौशल विकास केंद्रों को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जेपीएससी काउंसलिंग 5 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है। जिले में उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से उच्च स्तरीय कोचिंग निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। रेलवे, एसएससी, सीडीएस, लोको पायलट आदि परीक्षाओं के लिए भी विशेष प्रशिक्षण चल रहा है।जिले के पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और डिजिटल लाइब्रेरी निर्माण का कार्य तेज गति से प्रगति पर है। उपायुक्त मनीष कुमार ने युवाओं से आग्रह किया कि वे सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखें, अवसरों का लाभ उठाएँ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। वहीं विधायक निसात आलम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए रोजगार सृजन हेतु निरंतर प्रयासरत है। प्रदेशभर में नियमित रोजगार मेलों का आयोजन इसी प्रतिबद्धता का परिणाम है। पाकुड़ जिले में आयोजित अबतक के रोजगार मेलों में लगभग 1000 युवा विभिन्न कंपनियों में सफलतापूर्वक रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। आनेवाले समय में भी ऐसे आयोजनों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि प्रत्येक योग्य युवा को रोजगार का अवसर मिल सके।

संक्षिप्त खबरें

## बीडीओ ने प्रखंड सभागार में एस.आई.आर को लेकर बीएलओ के साथ की बैठक



**साहिबगंज**: जिला के बरहेट प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ अंशु कुमार पांडे की अध्यक्षता में एस.आई.आर को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। वहीं बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ, प्रभारी शिक्षक और आंगनबाड़ी सेविका सहित अन्य ने मुख्य रूप से शामिल हुए। बीडीओ ने एस.आई.आर को लेकर बैठक में उपस्थित लोगों की जानकारी दी, कहा चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें 2003 की मतदाता सूची के आधारित है। सभी बीएलओ प्रभारी सत प्रतिशत इमानदारी के साथ कार्य करें। साथ ही प्रतिदिन कार्यों की जानकारी दे। मौके पर बीएफटी आदित्य भगत, राजू कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुनील दास, के अलावा अन्य मौजूद थे।

## मालदा मंडल ने धमधमिया स्टेशन पर जबरन लेआउट हटाकर बढ़ाई सुरक्षा और यात्रा की दक्षता

**साहिबगंज**: मालदा मंडल रेल खंड अंतर्गत, 2 दिसंबर 2025 को परिचालन सुरक्षा मजबूत करने और ट्रैक ज्यामिति में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, पूर्वी रेलवे के मालदा मंडल ने 30 नवम्बर 2025 को यूपी लाइन पर धमधमिया स्टेशन की सीमा में प्वाइंट संख्या 54ए पर जबरन लेआउट को सफलतापूर्वक हटा दिया। ट्रैक सुधार गतिविधि के दौरान, प्वाइंट संख्या 54ए को धमधमिया की ओर 3 मीटर स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे मोड़ समाप्त हो गए और यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ, जिसके परिणामस्वरूप ट्रेन का आवागमन अधिक सुचारू और सुरक्षित हो गया। यह कार्य मालदा मंडल की इंजीनियरिंग टीम द्वारा किया गया, जिससे सुरक्षा, विश्वसनीयता और बुनियादी ढांचे के विस्तार के प्रति डिवीजन की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। मालदा मंडल द्वारा किए गए ऐसे निरंतर प्रयास, पूरे नेटवर्क में निर्बाध रेल यातायात सुनिश्चित करने के लिए परिचालन सुरक्षा, दक्षता और ट्रैक विश्वसनीयता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के प्रति पूर्वी रेलवे की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं।

## मालदा मंडल में टिकट जांच अभियान : बिना टिकट यात्रियों से 1.41 करोड़ से अधिक दंड वसूला




**साहिबगंज**: पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा अपने मंडलाधिकार क्षेत्र में अनुशासित, जिम्मेदार एवं यात्री-अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास जारी हैं। मंडल रेल प्रबंधक मालदा, मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मालदा, कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में नवंबर 2025 के दौरान व्यापक टिकट जांच अभियान एवं यात्री जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किए गए। नवंबर माह के दौरान कुल 20,127 बिना टिकट एवं अनियमित यात्राओं के मामले दर्ज किए गए तथा लगभग 1,41,98,507/- की राशि दंड के रूप में वसूल की गई। यह व्यापक जांच अभियान प्रमुख स्टेशनों तथा विभिन्न ट्रेनों में वाणिज्य निरीक्षकों, टिकट जांच कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से संचालित किया गया। यात्रियों की सुगम आवाजाही एवं सुव्यवस्थित यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु मालदा मंडल द्वारा भीड़भाड़ वाले स्टेशनों एवं ट्रेनों में टिकट जांच गतिविधियों को और अधिक सघन किया गया है। साथ ही यात्रियों को वैध टिकट के साथ यात्रा करने तथा टिकट काउंटरों पर अंतिम समय में भीड़ से बचने हेतु जागरूकता अभियान भी निरंतर जारी हैं।इसके अतिरिक्त, यात्री सुविधा बढ़ाने एवं डिजिटल टिकटिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न बड़े स्टेशनों, मालदा टाउन, न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, भागलपुर, सुल्तानगंज एवं जमालपुर पर - रेलवन ऐप, यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप तथा एटीवीएम मशीनों के उपयोग से संबंधित विशेष जागरूकता एवं प्रचार कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि टिकट बुकिंग को अधिक सुविधाजनक, कैशलेस एवं परेशानी-रहित बनाया जा सके। वैध टिकट के बिना यात्रा करना भारतीय रेलवे अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। मालदा मंडल की ओर से सभी यात्रियों से अपील है कि वे वैध टिकट के साथ यात्रा करें तथा निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित यात्रा वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में संत जेवियर स्कूल ने 121 रन से जीत हासिल की

**साहिबगंज**: क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत मंगलवार को संत जेवियर स्कूल ए बनाम रेलवे स्कूल के बीच मैच खेला गया। संत जेवियर स्कूल ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 275 रम बनाये। शांतनु कुमार ने 71, अभिषेक कुमार ने नाबाद 72 व यश कुमार ने नाबाद 22 रन की पारी खेली। रेलवे स्कूल के गेंदबाज शाहजेब अहमद ने 4 व शिवम गुप्ता ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे स्कूल की टीम 17 ओवर में 154 रन बना कर ऑल आउट हो गई। उमंग आनंद ने 36, अमन अंसारी ने 19, अनस अंसारी ने 14 रन की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज आदित्य यादव ने 3 व सूरज राज ने 2 विकेट लिए। संत जेवियर स्कूल ने 121 रन से जीत हासिल की। संत जेवियर के खिलाड़ी अभिषेक कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## जामटोला में सात वर्षीय मासूम से दुष्कर्म आरोपी भारत चंद्र महतो गिरफ्तार

**मुरी/सिल्ली**: जामटोला गांव में सात वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। पीड़िता के परिजनों द्वारा दी गई शिकायत पर मुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान भरत चंद्र महतो, पिता गुणाधर महतो, निवासी जामटोला के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम तत्काल हरकत में आई और छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया। उसे मुरी ओपी लाकर कांड के संबंध में पूछताछ की गई तथा आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में रांची जेल भेज दिया गया।पीड़िता को चिकित्सकीय जांच और उपचार उपलब्ध कराया गया है। इस अमानवीय घटना ने गांव के लोगों को झकझोर दिया है,और ग्रामीण आरोपी को कठोरतम सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।मुरी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है और पीड़िता को संपूर्ण न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# यात्री वाहन बिक्री में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, मारुति सुज़ूकी अग्रणी

### - जीएसटी कटौती और मांग ने दिया बड़ा सहारा

**नई दिल्ली ।**

नवंबर 2025 में भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री लगभग 4,25,000 इकाई रही, जो पिछले साल की इसी अवधि में 3,52,000 वाहनों से 20.7 फीसदी अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा की गई जीएसटी कटौती और त्योहारी सीजन की मांग ने इस वृद्धि को मजबूती दी है। भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम के अनुसार, अक्टूबर में भी घरेलू थोक बिक्री 17.2 फीसदी बढ़कर 460,739 वाहन रही। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार मजबूत मांग और जीएसटी कटौती के कारण भारत का वाहन बाजार तेजी से बढ़ रहा है। मारुति सुज़ूकी की घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री, जो डीलरों को भेजी गई एक साल पहले के मुकाबले 21 फीसदी 1,70,971 इकाई हो गई। मारुति सुज़ूकी इंडिया (एमएसआईएल) के एक वरिष्ठ कार्य अधिकारी ने कहा कि दिसंबर में थोक बिक्री भी अच्छी रहने की उम्मीद है क्योंकि उत्पादन टीम उच्च मांग को पूरा करने के लिए ओवरटाइम काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस साल नवंबर में वाहन उद्योग की यात्री वाहनों की थोक बिक्री लगभग 4,25,000 गाड़ियों की रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में करीब 3,52,000 गाड़ियां बिकी थीं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में वाहन उद्योग की कुल यात्री वाहनों की बिक्री 5 से 6 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद है। भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम ने 14 नवंबर को कहा था कि त्योहारी सीजन और जीएसटी में कमी के बीच उच्च मांग के कारण इस साल अक्टूबर में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 17.2 फीसदी बढ़ी हैं और 460,739 गाड़ियां बिकी हैं। नवंबर में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री के मामले में दूसरे नंबर पर रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा की घरेलू यात्री वाहनों थोक बिक्री 56,336 इकाई रही, जिसमें कि एक साल पहले के मुकाबले 21.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। ह्युंडै मोटर इंडिया की घरेलू पीवी थोक बिक्री नवंबर में एक साल पहले के मुकाबले 4.3 फीसदी बढ़कर 50,340 इकाई हो गई।

# रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में किया बदलाव

### - ओवरलिमिट के नाम पर नहीं चलेगा बैंक का खेल

नई दिल्ली । डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के बीच देश में क्रेडिट कार्ड का उपयोग तेजी से बढ़ा है। लेकिन कई बार ग्राहक अनजाने में अपनी निर्धारित कार्ड लिमिट से अधिक खर्च कर लेते हैं, जिसके कारण बैंकों द्वारा भारी ओवरलिमिट शुल्क लगाया जाता है। ऐसे बढ़ते मामलों को देखते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अब क्रेडिट कार्ड से जुड़े अहम नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ये नए नियम करोड़ों कार्ड उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आए हैं। आरबीआई ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अब कोई भी बैंक या कार्ड जारीकर्ता ग्राहक की स्पष्ट सहमति के बिना ओवरलिमिट फीचर सक्रिय नहीं कर सकेगा। पहले कई बैंक इस सुविधा को स्वतः सक्रिय कर देते थे, जिससे ग्राहक अनजाने में अपनी लिमिट से अधिक खर्च कर बैठते थे और बाद में उन्हें भारी ओवरलिमिट चार्ज चुकाना पड़ता था। आरबीआई ने इस प्रथा पर पूरी तरह रोक लगा दी है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी कार्ड जारीकर्ताओं को अपने मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर एक ट्रांजैक्शन कंट्रोल फीचर उपलब्ध कराना होगा। इस फीचर के माध्यम से ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार ओवरलिमिट सुविधा को ऑन या ऑफ कर सकेंगे। यह विकल्प 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि ग्राहक ने ओवरलिमिट की अनुमति नहीं दी है, तो कार्ड किसी भी स्थिति में निर्धारित लिमिट से अधिक खर्च की अनुमति नहीं देगा।

# रिलायंस रिटेल ने अपने उपभोक्ता कारोबार का पुनर्गठन पूरा किया




### - एफएमसीजी कारोबार अब नई इकाई न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड में

**नई दिल्ली ।**

रिलायंस रिटेल ने अपने उपभोक्ता कारोबार का पुनर्गठन पूरा कर लिया है। इसके तहत एफएमसीजी (दैनिक उपभोग की वस्तुएं) ब्रांड व्यवसाय को नई इकाई न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (न्यू आरसीपीएल) में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह कदम 1 दिसंबर 2025 से प्रभावी हो गया है। अब न्यू आरसीपीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की प्रत्यक्ष सहायक कंपनी बन गई है। न्यू आरसीपीएलएल में आरआईएल का हिस्सा 83.56 प्रतिशत होगा, जबकि आरआरवीएल में अन्य निवेशकों की हिस्सेदारी 16.44 प्रतिशत रहेगी। आरआरवीएल के शेयरधारकों को न्यू आरसीपीएलएल में शेयर आवंटित किए जाएंगे, दर के अनुसार आरआरवलीएल के दो शेयर न्यू आरसीपीएलएल का एक शेयर। इस प्रक्रिया के तहत आरआरवीएल की पूर्व-योजना की चुकता शेयर पूंजी रद्द और कम कर दी जाएगी। आरआईएल ने 17 अक्टूबर को अपने नवीनतम आय विवरण में कहा था कि आरसीपीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 9,850 करोड़ रुपये का सकल राजस्व दर्ज किया। रिलायंस ने 2022 में एफएमसीजी बाजार में प्रवेश किया।

उसके बाद से इसने कैंपा कोला सहित कई ब्रांड का अधिग्रहण किया और कई नए ब्रांड पेश किए हैं। इसकी उपस्थिति कोला से लेकर साबुन, स्टेपल, डिशवॉशिंग लिक्विड, डिटर्जेंट और फ्लोर क्लीनर तक के एफएमसीजी खंड में है। आरआरवीएल ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 3.30 लाख करोड़ रुपये का एकीकृत कारोबार किया था।

# पोस्ट ऑफिस की टीडी योजनाः निवेश एक लाख, पांच वर्ष में ब्याज रिटर्न 44,995 रुपए

### - पांच वर्षीय टीडी पर 7.5 फीसदी ब्याज दर लागू



**नई दिल्ली ।**

पोस्ट ऑफिस की पांच वर्षीय टाइम डिपॉजिट (टीडी) योजना उन निवेशकों के लिए आदर्श है, जो शून्य जोखिम वाले निवेश की तलाश में हैं। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा समर्थित है और निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर रिटर्न देती है। इस योजना में निवेशक 1, 2, 3 या 5 वर्ष के लिए निवेश कर सकते हैं, जिसमें पांच वर्षीय टीडी सबसे लोकप्रिय है। पांच वर्षीय टीडी निवेशकों को स्थिर और गारंटीड रिटर्न के साथ टैक्स लाभ भी देता है।

निवेशक आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक की टैक्स छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो लंबी अवधि में सुरक्षित रिटर्न चाहते हैं। निवेश करने के लिए अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस में टीडी खाता खोलना होगा। आवश्यक केवायसी दस्तावेज़ जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड और फोटो जमा करना अनिवार्य है। खाता नकद, चेक या बैंक ट्रांसफर के जरिए तुरंत खोला जा सकता है। खाता सिंगल या जॉइंट भी हो सकता है।

वर्तमान में पोस्ट ऑफिस की पांच वर्षीय टीडी पर 7.5 फीसदी ब्याज दर लागू है। 1,00,000 रुपये निवेश करने पर 5 वर्षों में कुल रिटर्न 44,995 रुपये होगा और मेच्योरिटी राशि 1,44,995 रुपये तक पहुंच जाएगी। ब्याज सालाना भुगतान होता है, लेकिन गणना त्रैमासिक आधार पर की जाती है।

# सरकार का बड़ा फैसलाः सभी नए स्मार्टफोनों में 'संचार साथी' ऐप अनिवार्य

### - 'संचार साथी' ऐप उपयोगकर्ताओं द्वारा हटाया नहीं जा सकेगा

**नई दिल्ली ।**

भारत सरकार ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नया आदेश जारी किया है। इसके तहत अब देश में बिकने वाले सभी नए स्मार्टफोन में 'संचार साथी साइबर सेफ्टी ऐप' पहले से इंस्टॉल होना अनिवार्य होगा। साथ ही इसे यूज़र द्वारा हटाया नहीं जा सकेगा। जो फोन पहले से सप्लाई चेन में हैं, उनके लिए यह ऐप सॉफ़्टवेयर अपडेट के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार का मानना है कि साइबर धोखाधड़ी, फोन चोरी, सिम कार्ड के दुरुपयोग और अन्य साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। 'संचार साथी' ऐप इन जोखिमों से सुरक्षा बढ़ाने में मदद करता है। इसे अनिवार्य बनाकर हर यूज़र इसके सुरक्षा फीचर्स का लाभ उठा सकेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम फोन निर्माता कंपनियों की प्रीलोडेड ऐप पॉलिसी, सॉफ्टवेयर कस्टमाइजेशन और डेटा सुरक्षा अनुपालन पर असर डाल सकता है। कंपनियों को अपने सिस्टम अपडेट और फ्रेमवर्क में बदलाव करना होगा। चूंकि ऐप हटाया नहीं जा सकेगा, कई यूज़र्स इसे बाध्यकारी ऐप के रूप में देख सकते हैं। सरकार का दावा है कि यह कदम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है।




## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिक डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 41 पैसे की गिरावट के साथ ही 89.94 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की व्यापक मजबूती और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर 89.85 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार कंपनियों, आयातकों और विदेशी निवेशकों द्वारा डॉलर की मजबूत मांग ने रुपये पर अतिरिक्त दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 89.70 पर खुला था, जो जल्दी ही नए निचले स्तर पर फिसल गया। सोमवार को यह 89.79 प्रति डॉलर तक गिरने के बाद 89.53 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 99.41 पर स्थिर दिखा।



## सुप्रीम कोर्ट ने की रिलायंस और अधिकारियों की याचिका खारिज

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और उसके दो अधिकारियों की याचिका खारिज कर दी। याचिका प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सेट) के फैसले के खिलाफ थी, जिसमें जियो-फेसबुक सौदे के बारे में शेयर बाजार को तुरंत स्पष्टीकरण न देने पर सेबी का 30 लाख रुपये का जुर्माना बरकरार रखा गया था। सेबी ने पाया कि आरआईएल और उसके अधिकारी अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) का तत्काल खुलासा करने में विफल रहे। जुर्माने का निर्णय जून 2022 में लिया गया था और सेट ने इसे दो मई 2025 को बरकरार रखा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि सेट के निष्कर्ष हस्तक्षेप योग्य नहीं हैं और इसमें कोई कानूनी सवाल नहीं है।

## दिल्ली-मुंबई एयरपोर्ट में सफर करना हो सकता है महंगा

### - विवादित आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के इंदिरा गांधी और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर यात्रियों से वसूले जाने वाले यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) में भारी वृद्धि हो सकती है। यह टेलीकॉम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट एंड अपीलेट ट्रिब्यूनल (टीडीएसएटी) के हालिया आदेश के कारण सामने आया है, जिसमें 2009-2014 के एयरलाइन टैरिफ की गणना का फॉर्मूला दोबारा तय किया गया है। दिल्ली में घरेलू यात्रियों के लिए यूडीएफ 129 रुपए से बढ़कर 1,261 रुपए और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए 650 से 6,356 रुपए तक हो सकता है। मुंबई में घरेलू यात्रियों के लिए यह 175 से 3,856 रुपए और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए 615 से 13,495 रुपए तक पहुंच सकता है। भारतीय और विदेशी एयरलाइंस ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

## टाटा स्टील का पोर्ट टैलबॉट प्लांट में बड़ा बदलाव, आय प्रभा वित

### - टाटा स्टील की पुरानी भट्टी बंद कर नई इलेक्ट्रिक भट्टी लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली ।**

टाटा स्टील का पोर्ट टैलबॉट प्लांट सितंबर 2024 में अपनी आखिरी पारंपरिक भट्टी बंद कर चुका है। इसके स्थान पर कंपनी इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) लगा रही है, जो बिजली से चलेगी और कम प्रदूषण करेगी। इस नई भट्टी की कुल लागत 1.25 बिलियन पाउंड है, जिसमें से 500 मिलियन पाउंड सरकार दे रही है। नया प्लांट 2027 के अंत तक तैयार होने की उम्मीद है। जब तक नया प्लांट नहीं बनता, टाटा स्टील यूके दूसरे देशों से स्टील स्लैब मंगाकर काम चला रही है। इससे लॉजिस्टिक व्यवस्था कठिन हो गई है और उत्पादन खर्च बढ़ गया है। वहीं वैश्विक बाजार में स्टील की कीमतें गिरने से कंपनी की कमाई पर सीधा असर पड़ा है। कंपनी पिछले साल 200 मिलियन पाउंड बचा चुकी थी और इस साल भी उतना ही बचाने की योजना है। कुल तय लागत में से लगभग 40 फीसद की कटौती की गई है। कर्मचारियों की संख्या कम की गई, कई कॉन्ट्रेक्ट दोबारा किए गए और दफ्तर में खर्च पर रोक लगाई गई है। फिर भी, बाजार की कमजोरी के कारण ये बचत पूरी तरह लाभकारी नहीं हो रही। ब्रिटेन में फ्लैट स्टील की मांग 2018 से 33 फीसद कम हो गई है, जबकि आयात की सीमा 20 फीसदी बढ़ गई है। इससे विदेशी सस्ता स्टील बाजार में भर गया और घरेलू कीमतें गिर गईं। टाटा स्टील का कहना है कि अगर सरकार यूरोप जैसी कठोर आयात नीतियां अपनाए, तो उद्योग की स्थिति जल्दी सुधर सकती है।


# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 503, निफ्टी 143 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवारा को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 503.63 अंकों टूटकर 85,138.27 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स 143.55 अंक नीचे आकर 26,032.20 अंकों पर बंद हुआ। आज बैंकिंग स्टॉक्स सहित सेंसेक्स और निफ्टी की ज्यादातर कंपनियों के शेयर नीचे आये थे। वहीं गत दिवस भी बाजार हल्की गिरावट पर बंद हुआ था।

आज सेंसेक्स की 30 में से केवल 10 कंपनियों के शेयर भी तेजी के साथ में बंद हुए और शेष सभी 20 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसी तरह निफ्टी की 50 में से केवल 15 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए और शेष सभी 35 कंपनियों के शेयर गिरे। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एशियन पेंट्स के शेयर सबसे ज्यादा 3.17 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि आईसीआईसीआई बैंक के शेयर आज सबसे ज्यादा 1.14 फीसदी नीचे आकर बंद हुए।



इनके अलावा, आज सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में भारती एयरटेल , मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस , हिंदुस्तान यूनिलीवर , एनटीपीसी , टेक महिंद्रा, ट्रेंट , टीसीएस और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक , एचडीएफसी बैंक, बीईएल , एलएंडटी, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स , महिंद्रा एंड महिंद्रा , आईटीसी , टीएमपीवी, एचसीएल टेक , टाटा स्टील , कोटक महिंद्रा बैंक , के शेयर गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार` गिरावट के साथ खुले। शुरुआत में सेंसेक्स 300 से अधिक अंक टूटकर 85,325 पर खुला। हालांकि इसके बाद कुछ रिकवरी देखने को मिली। इसी तरह निफ्टी भी कमजोरी के साथ 26,087 पर खुलने के कुछ देर बाद यह 57.85 अंक की गिरावट के साथ 26,117 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजारों की बात करें तो मंगलवार को एशियाई इंडेक्स में मजबूती दिखी। कोस्पी 1.02 फीसदी मजबूती के साथ बंद हुआ। जापान का निक्केई 225 शुरुआती कारोबार में 0.54 फीसदी चढ़ा, हालांकि जापानी सरकारी बॉन्ड यील्ड में उछाल आया और 10-वर्षीय यील्ड 1.88 फीसदी तक पहुंच गई, जो 2008 के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। उधर, वॉल स्ट्रीट पर क्रिप्टो-प्रेरित बिकवाली से निवेशकों की धारणा कमजोर रही। एसएंडपी 500 में 0.53 फीसदी, नैस्डैक में 0.38 फीसदी और डॉव जोन्स में 0.9 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।

## रिलायंस ने स्टार इंडिया का जियोस्टार में विलय पूरा किया

### - संयुक्त कंपनी का मूल्य लगभग 8.5 अरब अमेरिकी डॉलर




**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी अनुषंगी कंपनी स्टार टेलीविजन प्रोडक्शंस लिमिटेड (एसटीपीएल) का जियोस्टार के साथ विलय पूरी कर ली है। एसटीपीएल 'स्टार' ब्रांड की मालिक है और समूह कंपनियों को इसे लाइसेंस देती है। रिलायंस ने 14 नवंबर 2024 को इस विलय योजना की जानकारी दी थी। जियोस्टार ने 30 नवंबर 2025 को सूचना दी कि विलय अब प्रभावी हो गया है। जियोस्टार, रिलायंस के मीडिया कारोबार और वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के विलय के बाद बनी संयुक्त कंपनी है। संयुक्त कंपनी का मूल्य लगभग 8.5 अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया है। यह भारत का प्रमुख मीडिया और मनोरंजन मंच बन चुका है। जुलाई-सितंबर तिमाही में जियोस्टार ने 7,232 करोड़ रुपये का राजस्व और 1,322 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। फरवरी में जियोसिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार का विलय कर नया ओटीटी प्लेटफॉर्म 'जियोहॉटस्टार' लॉन्च किया गया था। इस विलय से रिलायंस मीडिया कारोबार को और मजबूत और व्यापक टीवी व ओटीटी प्लेटफॉर्म का नेतृत्व हासिल होगा।

# विप्रो ने हरमन की डीटीएस इकाई का 37.5 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण किया

### - विप्रो की बड़े पैमाने पर नवाचार करने की क्षमता बढ़ेगी

**नई दिल्ली।**

बेंगलुरु मुख्यालय वाली आईटी सेवा कंपनी विप्रो ने हरमन की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस (डीटीएस) कारोबार इकाई का अधिग्रहण नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद पूरा कर लिया है। यह अधिग्रहण 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 3,270 करोड़ रुपये) में हुआ। कंपनी ने 21 अगस्त 2025 को इस सौदे की घोषणा की थी। विप्रो ने कहा कि डीटीएस का अधिग्रहण कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमताओं, इंजीनियरिंग नवाचार और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी)उत्कृष्टता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विप्रो की एंड-टू-एंड इंजीनियरिंग सेवाओं की पेशकश मजबूत होगी और बड़े पैमाने पर नवाचार करने की क्षमता बढ़ेगी। विप्रो के प्रबंध साझेदार और इंजीनियरिंग के वैश्विक प्रमुख ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी को जटिल व्यावसायिक बदलावों को समर्थन देने और मापनीय व्यावसायिक मूल्य प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। डीटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि विप्रो की वैश्विक पहुंच और उन्नत तकनीकी क्षमताएं नए उद्योगों में विस्तार और ग्राहकों को बेहतर समाधान देने का आधार प्रदान करेंगी। इस अधिग्रहण के साथ, विप्रो ने अपनी तकनीकी और नवाचार क्षमता को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है, जिससे यह उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करेगा।

wipro

## वेकफिट का आईपीओ आठ दिसंबर को खुलेगा

### - मूल्य दायरा 185-195 रुपये प्रति शेयर

**नई दिल्ली ।** घरेलू सामान एवं फर्नीचर बनाने वाली कंपनी वेकफिट इनोवेशंस ने अपने 1,289 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 185-195 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बेंगलुरु स्थित कंपनी का आईपीओ आठ दिसंबर को खुलेगा और 10 दिसंबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक पांच दिसंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 377.18 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और करीब 912 करोड़ रुपये मूल्य के 4,67,54,405 शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इससे कुल मिलाकर इसका आकार 1,289 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी के शेयर 15 दिसंबर को बाजार में सूचीबद्ध होंगे।



# चीन, सऊदी समेत गल्फ कंट्री में लड़कियों की तस्करी

## भारत-नेपाल बॉर्डर से 180 दिनों में 100 से अधिक लड़कियां गायब, एन.एच.आर.सी. पहुंचा मामला

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों से पिछले 6 महीनों में 100 से अधिक लड़कियों और महिलाओं के गायब होने का मामला मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। मानवाधिकार मामलों के वकील एसके झा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। वकील झा ने बताया कि मोतिहारी से सटे भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय तस्कर बड़ी संख्या में एक्टिव हैं। ये तस्कर लड़कियों को देश के अलावा नेपाल, चीन, ब्राजील और सऊदी अरब जैसे देशों में करोड़ों रुपए में बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये मामला काफी संवेदनशील और मानवता को शर्मसार करने वाला है। साथ ही ये पुलिस की कार्यशैली और प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़ा करता है। झा की ओर से आयोग से मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग भी की गई है। राष्ट्रीय और बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग में दी गई याचिका में क्या कहा? पटना स्थित राज्य मानवाधिकार आयोग में दी गई याचिका में झा की ओर से कहा गया है कि 30 नवंबर के मोतिहारी एडिशन में बॉर्डर क्षेत्र से 6 माह में 100 लड़कियां गायब शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया। जिसकी तह तक जाने पर ये



जानकारी हुई कि अपने देश के अलावा नेपाल, चीन, ब्राजील, सऊदी अरब में करोड़ों में बेटियां बेची जा रही है। लड़कियों के गायब होने के मामले बॉर्डर इलाकों के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। रक्सौल, आदापुर, रामगढ़वा और हरपुरथाना क्षेत्र से लड़कियों के गायब होने के मामले सामने आए हैं। इनमें आदापुर के चैनपुर के एक ही परिवार की 4 लड़कियां गायब थीं, जिनका रेस्क्यू थानाध्यक्ष की तत्परता से हो गया। लेकिन अन्य स्थानों से गायब लड़कियों का रेस्क्यू अब तक नहीं हो सका है। हरैया थाना और रक्सौल थाना में दर्ज मामलों में विवाहित महिलाएं भी शामिल हैं। रामगढ़वा बाजार सगायब महिला का मायका रामगढ़वा में है, जबकि नेपाल में उसकी ससुराल है। महिला रामगढ़वा बाजार से तीन महीने पहले यानी 6 जून को गायब हुई थी। रक्सौल के रतनपुर के रहने वाले विजय पांडेय की बेटी के गायब होने का मामला 10 जून को रक्सौल थाना में दर्ज हुआ। बॉर्डर पर मानव तस्करी के खिलाफ काम करने वाली एनजीओ के अनुसार, सरोगेसी, शादी और बॉडी पार्ट्स की खरीद-फरोख्त के लिए भी लड़कियों की बड़े पैमाने पर विदेशों में तस्करी किए जाने का खुलासा हुआ है। 6 माह में सीमा क्षेत्र से 100 से अधिक लड़कियां गायब हो चुकी हैं। बॉर्डर पर अपने देश के अलावा नेपाल, चीन, ब्राजील, सऊदी अरब आदि देशों के मानव तस्करों के सिंडिकेट सक्रिय हैं। जो इन लड़कियों की लाखों-करोड़ों में डील करते हैं। पिछले दिनों इनमें से महज एक दर्जन लड़कियों को रेस्क्यू किया गया था, बाकी अब भी लापता हैं। रेस्क्यू की गई लड़कियों में चार लड़कियां एक ही परिवार की थी। मानव तस्करी नियंत्रण के लिए बॉर्डर पर कार्यरत 'स्वच्छ रक्सौल' के अध्यक्ष रंजीत सिंह, 'प्रयास' संस्था की कोऑर्डिनेटर आरती और एसएसबी इंस्पेक्टर विकास कुमार ने बताया कि नशा कारोबारियों की ओर से लड़कियों

**तमाम सुरक्षा फिर बॉर्डर कैसे पार करती हैं लड़कियां**



का इस्तेमाल नशीले पदार्थ की तस्करी में किया जाता है। जिन लड़कियों की तस्करी की जाती है या जिनके गायब होने का मामला सामने आया है, उनमें अधिकतर की उम्र 18 से 25 साल के बीच की होती है। ये लड़कियां नेपाल के रिमोट एरिया यानी दूर वाले गांव से आती हैं। मानव तस्करी गैंग में शामिल लड़के इन लड़कियों को सोशल मीडिया के जरिए टारगेट करते हैं। उन्हें लालच देकर, सपने दिखाकर प्यार के जाल में फंसाते हैं। फिर फ्यूचर की चकाचौंध दिखा कर बॉर्डर पार करा लेते हैं। बॉर्डर क्रॉस कराने के बाद कुछ लड़कियों से शादी कर ली जाती है, जबकि कुछ लड़कियों को रेड लाइट एरिया में जबरन बेच दिया जाता है। बॉर्डर पर काम कर रही मानव तस्कर विरोध संस्थाओं के मुताबिक, पहले इन लड़कियों को लड़के उनके एरिया में जाकर ले आते थे, लेकिन अब चलन बदल गया है। लड़कियों को अकेले बॉर्डर पर बुलाया जाता है, फिर उन्हें उनके सोशल मीडिया फ्रेंड बॉर्डर पार कराते हैं। अगर किसी को शक हुआ तो लड़के भाग जाते हैं। ज्यादातर मामलों में लड़के पकड़ में नहीं आते नेपाल में ज्यादातर लड़कियां 10वीं, 12वीं पास होती हैं। कुछ की परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं होती कि वे आगे की पढ़ाई कर पाए, कुल मिलाकर इनका फैमिली बैकग्राउंड आर्थिक तौर पर कमजोर होता है। ऐसी लड़कियां नौकरी करना भी चाहती हैं, लेकिन नेपाल में उन्हें मन मुताबिक जॉब नहीं मिल पाता। इसी का फायदा मानव तस्कर गैंग में शामिल लड़के उठाते हैं। सोशल मीडिया के जरिए ही ऐसी लड़कियों को टारगेट कर उन्हें नौकरी का झांसा दिया जाता है। गैंग में पहले से शामिल लड़कियों से वीडियो कॉल पर बातचीत कराई जाती है, ताकि इन लड़कियों को शक न हो। वीडियो कॉल पर बात करने वाली लड़कियां अच्छी कमाई का लालच देती हैं, इसलिए लड़कियां इनके झांसे में आ जाती हैं नेपाल में पहाड़ी इलाकों में रहने वाले परिवारों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होती है, ऐसे में कुछ परिवार अपनी बेटियों को मजदूरी के नाम पर ठेकेदारों को बेच देते हैं, इसके बदले में लड़कियों के माता-पिता को कुछ अच्छे पैसे मिल जाते हैं। इसके बाद लड़कियों के बदले उनके माता-पिता को रुपए देने वाले इन्हें कभी ईंट-भट्ठों पर, तो कभी ढाबों पर मोटी रकम लेकर उनका सौदा कर देते हैं। इसके बाद ये लड़कियां शारीरिक से लेकर मानसिक शोषण की शिकार हो जाती हैं। सोशल साइट के माध्यम से मानव तस्कर लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर शादी और नौकरी का झांसा देते हैं। इसके बाद उन्हें घर से भगाकर बॉर्डर पार ले जाते हैं और देसी-विदेशी एजेंटों को मोटी रकम लेकर बेच देते हैं। कई बार नशा खिलाकर भी उन्हें बेचा जाता है। इसके अलावा, इन लड़कियों की हत्या कर उनकी किडनी तक बेची जाती है। जिस अनुपात में लड़कियां गायब हो रही हैं, उसके मुकाबले उनका रेस्क्यू बेहद कम, करीब पांच प्रतिशत ही हो पा रहा है, जबकि बॉर्डर पर इसे रोकने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। बॉर्डर पर काम कर रहे NGO के सदस्यों का कहना है, अगर मानव तस्करी का कोई मामला आता है तो हम लोग लोकल पुलिस को कार्रवाई के लिए देते हैं। क्योंकि, हम कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकते। कई बार जो बॉर्डर पार कराने आते हैं, उन्हीं के खिलाफ कार्रवाई होकर रह जाती है। कई बार कार्रवाई नहीं भी होती है। ऐसे में इस सिंडिकेट के बड़े सरगना तक पहुंचने की कोशिश नहीं होती, जिससे ये कानून से बच जाते हैं।

## बच्चे के सामने ईंट से कूचकर महिला की हत्या



**पटना।** में एक महिला की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। मृतका के पति के अनुसार वो अपने दोस्तों के साथ शराब पार्टी कर रहा था। इसी बीच गाली देने पर सभी में मारपीट शुरू हो गई। झगड़े के बाद दोस्तों ने महिला की ईंट से कूच कर हत्या कर दी और फरार हो गए। मामला राजीवनगर रोड नंबर-25 ऊ का है। मृतका की पहचान प्रियंका कुमारी (25) के रूप में हुई है। ये समस्तीपुर की रहने वाली है। प्रियंका पिछले 7 साल से रेंट के मकान पर पति-पत्नी और एक बच्चा (7) के साथ राजीव नगर में रह रही थी। पति मेघनाथ साह ने बताया कि सोमवार को रात 8:30 बजे मैं अपने दोस्त प्रकाश उर्फ जेपी और लालू उर्फ मुखिया के इंद्रपुरी स्थित रुम पर गया था। वहां हमने पहले शराब पार्टी की। फिर बीच बीच में दोनों एक दूसरे पर कमेंट करने लगें। उन्होंने मुझे गाली दी तो मैंने भी गाली दिया था। बात इतनी बढ़ गई कि कमरे में ही मारपीट शुरू हो गई। दोनों मुझे कमरा में बंद कर पीटने लगें। मैंने इसी बीच अपने छोटे भाई दिलखुश को बुला लिया। फिर दिलखुश ने मुझे वहां से निकाला। दोनों भाई कमरे से बाहर आए और दिलखुश साइकिल से इंद्रपुरी रोड नंबर-14 अपने रेंट के मकान पर चला गया और मैं वहां से अपने घर रेपीडो बुक कर इंद्रपुरी रोड नंबर 25-D के लिए निकला। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। आरोपी पालीगंज के रहने वाले हैं। पटना के इंद्रपुरी में किराए के मकान में रहकर बोरिंग लगाने और मिट्टी ढुलाई का काम करते हैं। मृतका के बेटे ने बताया है कि ईंट से मार कर दो लोगों ने मेरी मां की हत्या कर दी है। वो बाइक से आए थे। बता दें कि 12 मार्च 2018 को मेघनाथ साह की शादी प्रियंका से हुई थी। बोरिंग रोड में काम के सिलसिले में मेघनाथ साह जाता था, इसी दौरान दोस्ती जेपी से हुई थी। जेपी के घर पर कभी-कभी मुखिया भी आता था, इसी दौरान उससे भी परिचय हुआ। पिछले 3 साल से तीनों के बीच दोस्ती थी।

## पटना में पति दूसरा निकाह कर रहा था, पत्नी पहुंच गई

**पटना।** के एक मैरिज हॉल में सोमवार देर रात हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। एक महिला अपने पति की शादी रुकवाने पहुंची। महिला ने दावा किया कि उसने 6 साल पहले उसने लव मैरिज की थी, लेकिन अब वह उसे रखने से तैयार नहीं और दूसरी शादी कर रहा है। महिला ने कहा कि, अब वो मुझसे बात भी नहीं करता है। चोरी छिपे यहां शादी कर रहा है। मैं अब तक उसे 15 लाख रुपए दे चुकी हूं। सहरसा से पहुंची प्रेमिका रिजवाना खातून (28) ने मैरिज हॉल में घंटों हंगामा किया। पटना महिला कोषांग की कोऑर्डिनेटर शिल्पी कुमारी ने समझाने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद प्रेमी फारूक अब्दुल्ला (38) ने देर रात दूसरी शादी कर



ली। रिजवाना खातून का दावा है कि फारूक अब्दुल्ला ने 2019 में सहरसा में उसकी शादी हुई थी। घटना फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के रानीपुर स्थित अलवा कॉलोनी के मैरिज हॉल की है। महिला कोषांग की कोऑर्डिनेटर शिल्पी कुमारी ने बताया कि, रिजवाना खातून और फारूक अब्दुल्ला का मामला कोर्ट में चल रहा है। अगर फारूक अब्दुल्ला ने जबरन दूसरी शादी की है, तो यह गैरकानूनी है। इस निकाह में उसकी मदद करने वालों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी।रिजवाना खातून मूल रूप से सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर की रहने वाली है। उनके पहले पति से दो बच्चे हैं। रिजवाना ने बताया कि उनके पहले पति से तलाक के बाद 2016 में फारूक अब्दुल्ला उनकी जिंदगी में आया। फारूक ने तीन साल तक उसे प्यार और शादी का झांसा दिया, जिसके बाद 2019 में दोनों ने लव मैरिज कर ली। दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे। रिजवाना खातून एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। सोमवार को रिजवाना को सूचना मिली कि फारूक किसी दूसरी लड़की से शादी करने जा रहा है। सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में रिजवाना सहरसा से पटना पहुंची और महिला कोषांग में इसकी शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद महिला कोषांग की कोऑर्डिनेटर फुलवारी शरीफ थाने की मदद से मैरिज हॉल में पहुंची। महिला कोषांग कोऑर्डिनेटर शिल्पी कुमारी ने बताया कि रिजवाना ने दावा किया है कि फारूक उनका पति है। दोनों ने शादी की है, अब वह दूसरी शादी करने जा रहा है। लड़के और लड़की के परिजनों को फिलहाल शादी रोकने के निर्देश दिए गए हैं। अगर इसके बावजूद भी फारुख जबरदस्ती दूसरी लड़की से शादी करता है, तो उस पर मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा जाएगा।

## ट्रैफिक सुधारने के मिशन पर प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए दूसरे फेज की कार्रवाई

**पटना।** शहर में कल से फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान की दूसरे फेज की शुरूआत हुई है। दिसंबर महीने के लिए बने एडवांस कैलेंडर के तहत यह अभियान जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. के निर्देश पर चलाया जा रहा है। डीएम खुद इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और सभी एसडीओझएसडीपीओ को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को पूरी सख्ती और प्रभावी तरीके से चलाया जाए। पटना प्रमंडल के



आयुक्त ने हाल ही में बैठक कर साफ कहा था कि पटना में ट्रैफिक व्यवस्था सुधरनी चाहिए और इसके लिए लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए। उसी निर्देश पर डीएम और रस्ढ कार्तिकेय के. शर्मा ने कई टीमें गठित की हैं। कई विभाग की टीम उतरी सड़क पर अभियान में नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, अग्निशमन, बिजली, वन प्रमंडल, पुल निर्माण निगम सहित कई विभागों की टीमें शामिल हैं। यह ड्राइव जिला नियंत्रण कक्ष की निगरानी में चल रहा है। 5 सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल बनाई गई अभियान की निगरानी के लिए डीएम ने एक स्पेशल मॉनिटरिंग टीम बनाई है, जिसमें शामिल हैं- 1. पुलिस अधीक्षक (यातायात) 2. एडीएम (नगर व्यवस्था) 3. पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था) 4. अपर नगर आयुक्त/नगर कार्यपालक पदाधिकारी 5. सिटी मजिस्ट्रेट (जिला नियंत्रण कक्ष) यह टीम संयुक्त रूप से फील्ड में सक्रिय रहकर पूरे ऑपरेशन को मॉनिटर करेगी। फिर से अतिक्रमण किया तो सीधे FIRजलाधिकारी ने साफ कहा है कि बार-बार

# नीतीश ने तेजस्वी से कहा- ऐ खड़ा हो ना भाई

## विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को खड़े होकर प्रणाम करवाया; CMनेता प्रतिपक्ष स्पीकर को कुर्सी तक लाए

**पटना।** 18वीं विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन स्पीकर का चुनाव हुआ। बीजेपी के विधायक प्रेम कुमार निर्विरोध स्पीकर चुने गए। जिसके बाद सदन के नेता नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी कुमार साथ में उन्हें चेयर तक लेकर आए। निर्वाचन के बाद सदन में 'भारत माता की जय' और 'जय श्रीराम' के नारे लगे। स्पीकर चुने जाने पर नीतीश कुमार ने प्रेम कुमार को बधाई दी। साथ ही उनके काम की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को खड़े होकर विधानसभा अध्यक्ष को प्रणाम करने को कहा। इस दौरान तेजस्वी उठ ही रहे थे, तभी नीतीश कुमार ने कहा- ए खड़ा हो न भाई। इसके बाद सभी विधायकों ने स्पीकर का अभिवादन किया। प्रेम कुमार को बधाई देते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, 'मैं आपको शुभकामनाएं देना चाहता हूं। आपसे यही उम्मीद रहेगी कि सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष को साथ-साथ लेकर चलिएगा। हम सभी को भरोसा है कि आप किसी को निराश नहीं कीजिएगा।' 'हमलोग एक हीं मोटिव से यहां आए हैं। हम लोग संकल्प से काम करें। बेरोजगारी, गरीबी को दूर करें। विपक्ष आइना दिखाता है। सत्ता से ज्यादा विपक्ष को ध्यान दें। सीएम नीतीश को शुभकामनाएं। वह स्वस्थ रहें।'स्पीकर बनने के बाद प्रेम कुमार ने कहा, 'सर्वसम्मति से चुना जाना मेरी लिए हर्ष से ज्यादा जिम्मेदारी का विषय है।' विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव 4 दिसंबर को होगा। 3 दिसंबर दोपहर 12 बजे तक इसके लिए नामांकन किया जा सकता है। सदन की कार्यवाही कल बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।इससे पहले 5 विधायकों ने शपथ ली। सबसे पहले मदन सहनी ने शपथ ली, उसके बाद लौरिया विधायक विनय बिहारी को शपथ लेनी थी। शपथ से पहले वो भोजपुरी की गाथा सुनाने लगे। जिस पर प्रोटेम स्पीकर ने टोका। विनय बिहार- धीरन के धीर हिए वीरन के बानी, भुरकुट हिए भोज के कुंवर के कहानी हमारी भोजपुरी भगवान कहिल बाने महोदय



प्रोटेम स्पीकर- जो आपको दिया गया है, उसे पढ़िए विनय बिहार- शपथ तो लेंगे ही, लेकिन इतने लोगों में भोजपुरी कविता नहीं पढ़ सकता क्या प्रोटेम स्पीकर-आप अपनी शपथ पढ़िएविनय बिहार-मैं तो गायक बनकर ही, भोजपुरी गाकर ही विधायक बना हूं। इसके बाद विनय बिहारी ने शपथ पढ़ना शुरू किया। विनय बिहारी के बाद जीवेश मिश्रा ने संस्कृत में शपथ ली। 7 विधायकों में से 5 ने आज शपथ ली। दो बाहुबली विधायक कुचायकोट से अमरेंद्र कुमार पांडेय और मोकामा से अनंत सिंह आज भी गैरहाजिर हैं। कार्यवाही शुरू होने से पहले जदयू के हाथ से गृह विभाग चले जाने पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा, गृह विभाग चला गया ये सुर्खियों में है, लेकिन उससे बड़ा वित्त विभाग हमें मिला,उस पर बात नहीं होती है। वहीं सदन पहुंचे प्रेम कुमार ने कहा, 'जो जिम्मेदारी मिल रही है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। सदन में हर किसी का सम्मान होगा।' अनंत सिंह, अमरेंद्र पांडेय आज भी गैरहाजिर पहले दिन भाजपा और जदयू के कुल सात विधायक शपथ नहीं ले पाए थें। आज 5 विधायकों ने शपथ ली, लेकिन जदयू के दो बाहुबली विधायक कुचायकोट से अमरेंद्र कुमार पांडेय और मोकामा से अनंत सिंह आज भी गैरहाजिर रहे। अमरेंद्र पांडे का भतीजा बीमार है। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा है। इसके कारण जीत के बाद वे सर्टिफिकेट लेने भी नहीं पहुंचे थे। जिला प्रशासन की टीम जीत का सर्टिफिकेट लेकर दिल्ली अस्पताल गई थी।



जबकि अनंत सिंह चुनाव के पहले से ही जेल में हैं। विजय चौधरी ने 10 साल पुराना किस्सा साझा करते हुए कहा कि 2 दिसबंर 2015 में मैं इसी तरह से निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुना गया था। उस वक्त आप नेता प्रतिपक्ष थे, और आपने, सीएम नीतीश कुमार के साथ मुझे आसान तक पहुंचाया था। आज मैं आपकी नई शुरूआत के लिए बधाई देता हूं। जेडीयू से गृह विभाग छीने जाने पर विजय चौधरी ने कहा, गृह विभाग जदयू से छीन गया ये तो सुर्खियों में है, लेकिन उससे भी बड़ा विभाग वित्त और वाणिज्य, हमारे पास है। इस पर कोई चर्चा नहीं करता। इन बातों में मत पड़िए। हमें वाणिज्य कर और वित्त विभाग मिला है, आप लोग इसकी चर्चा क्यों नहीं करते?विधान सभा स्पीकर चुने जाने से पहले प्रेम कुमार ने कहा है कि सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों जरूरी है। दोनों का साथ होना जरूरी है। मेरी कोशिश रहेगी कि दोनों को साथ लेकर चलें। लोकतंत्र में यह जरूरी है। विपक्ष के कमजोर होने के सवाल पर वह बोल रहे थे। सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल का अभिभाषण होना है। राज्यपाल सदन में बिहार सरकार की नीतियों, उपलब्धियों तथा आगे की दिशा को प्रेजेंट करेंगे। वहीं चौथे और पांचवें दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। विपक्ष और सत्ता पक्ष, दोनों अपनी-अपनी बातों को जोरदार तरीके से सदन में रखेंगे। साथ ही अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा, जिस पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना के इंद्रपुरी में चोर की पिटाई



**पटना।** के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी मकान संख्या-43 में चोरी के दौरान रंगेहाथ एक चोर पकड़ा गया। जिसके बाद घर के लोगों ने दो चार थप्पड़ लगाने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। मकान मालिक अमित कुमार सिंह ने बताया कि बहन की शादी में सभी लोग घर लॉक कर के आरा गए थे। इसी बीच देर रात घर में लगभग 3 से 4 की संख्या में चोर घूस गए। इत्तफाक से अमित और उनके दो चार परिजन देर रात लगभग 2:30 बजे शादी समारोह से पटना लौट आए। गेट पर पहुंचें तो देखा दरवाजा खुला है। इसके बाद यह लोग समझ गए कि कोई लॉक तोड़कर चोरी की नीयत से घुसा है। घर के अंदर यह लोग तेजी से घुसकर चोरों को ढूंढने लगें। इसी दौरान एक चोर पकड़ा गया। जबकि उसके 3 साथी छत फांदकर भाग निकले। चोरी का हो हल्ला सुनकर पड़ोसी भी जग गए। वहां अमित के दरवाजे पर भीड़ जमा हो गई। इस दौरान लोगों ने चोर की पिटाई की और उसे चार थप्पड़ भी लगा दिए। फिर डायल-112 पर कॉल कर के पुलिस के हवाले कर दिया। डायमंड रिंग और शादी का बैग लेकर भागे आवेदन के मुताबिक पकड़े गए चोर के दूसरे साथी घर से एक डायमंड की अंगूठी और शादी के कपड़ों से भरा बैग चोरी कर के भागे हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि उसके जानने वाले रुपए का लालच देकर चोरी करने के लिए बुलाकर लाए थे। मकान मालिक आए तो वो सभी छत फांदकर भाग गए। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पटना में दो पक्ष में पथराव, युवक जख्मी



**पटना।** के गौरीचक थाना क्षेत्र के रामगंज में जमीन के विवाद को लेकर दो गुटों के बीच जमकर पथराव हुआ। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना जमीन की नापी के दौरान हुई, जिसमें एक गुट ने दूसरे पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। घटना का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। रामगंज निवासी सुबोध कुमार ने गौरीचक थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी 56 डिसमिल खानदानी जमीन पर पड़ोसी राजीव कुमार और संजीव कुमार 2021 से ही पिलर गाड़कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे।सुबोध के अनुसार, पूर्व में गांव के लोगों के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके तहत राजीव और संजीव के कब्जा की गई 16 फीट जमीन के बदले उन्हें दूसरी जगह जमीन दी गई थी। हालांकि, 1 दिसंबर 2025 (सोमवार) को जब उनकी जमीन की नापी होनी थी, तो राजीव और संजीव ने फिर विवाद शुरू कर दिया। एक पक्ष की ओर से अमीन बुलाकर नापी कराई जा रही थी, तभी दूसरे पक्ष ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान सुबोध कुमार के सिर पर ईंट लगने से वह घायल हो गए। गौरीचक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मंगलवार को जांच शुरू करने की बात कही है।

### भागलपुर में ट्रेन से गिरकर शख्स की मौत



**भागलपुर।** में ट्रेन से गिरकर एक शख्स की मौत हो गई। मृतक फुलसिया निवासी मनोज मंडल (50) हैं। जो मजदूरी करके परिवार चलाते थे। घटना उस समय हुई जब वे पैसेंजर ट्रेन से अम्मा पाली से अपने घर लौट रहे थे। पक्की सराय के पास पैर फिसलने से वे ट्रेन से नीचे गिर गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देखते हुए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। एक घंटे इलाज के बाद मनोज ने दम तोड़ दिया। घटना घोंघा स्टेशन स्थित धूलियां-अम्मा पाली रूट की है। घर के इकलौते कमाऊ सदस्य थे मनोज मंडल अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके 3 बेटे और 2 बेटियां हैं। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां फुलमनी देवी ने बताया कि रोज की मजदूरी से ही घर का चूल्हा जलता था। अचानक दुर्घटना ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही घोगा थाना पुलिस टीम मायागंज अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी।

### हेलमेट पहनकर घर से निकलें, लगातार चलेगा वाहन जांच अभियान



**दरभंगा।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र सहित पूरे दरभंगा शहर में बड़े पैमाने पर स्पेशल वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर शहर से लेकर ग्रामीण थाना क्षेत्रों तक पुलिस टीम सड़कों पर उतरकर अभियान को आगे बढ़ा रही हैं। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि सभी थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर वाहन चेकिंग किया जा रहा है। हेलमेट, प्रदूषण प्रमाणपत्र, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन कागजात की विशेष जांच की जा रही है। साथ ही अवैध हथियार, नशीले पदार्थ व अन्य संदिग्ध वस्तुओं की भी गहन जांच हो रही है। एसएसपी ने कहा कि जिला के थाना अध्यक्ष, डीएसपी स्तर के अधिकारी भी सड़क पर उतरकर निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गलती करने वाले वाहन चालकों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा, चालान और कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।इस अभियान से वाहन चालकों में डर और सतर्कता दोनों देखने को मिल रही है। रेलवे स्टेशन, बाघ घर मोड़ के पास चेकिंग के दौरान बाइक चालक इरफान ने बताया कि मैं बिना हेलमेट घर से निकल पड़ा था। मैं केवटी प्रखण्ड के जलवारा का रहने वाला हूं, स्टेशन जा रहा था। बिना हेलमेट आने के कारण 1000 का चालान काटा गया है। आगे से कभी गलती नहीं करूंगा, हेलमेट पहनकर ही घर से निकलूंगा।कागजातों की हो रही जांच विशेष पुलिस टीम ने शहर के अलग-अलग चौक-चौराहों पर मोर्चा संभाल लिया है। अधिकारी मौके पर पहुंचकर वाहन चेकिंग और पुलिसकर्मियों के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं। एसएसपी के निर्देश पर यह अभियान लगातार दिन-रात चलेगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आये और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके।



कॅरियर गाइडेंस देश व दुनिया में आज हेल्थ सेक्टर का जितना विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आगे चलकर काबिल फिजियोथैरेपी की मांग और बढ़ेगी। फिजियोथैरेपी विज्ञान की ऐसी विधा है जिसके अंतर्गत शारीरिक व्यायाम के जरिए व्यक्ति के रोगों व व्याधियों का उपचार किया जाता है।

# फिजियोथैरेपी वक्त की मांग

फिजियोथैरेपिस्ट का काम रोगियों में किसी बीमारी, चोट, अक्षमता या बढ़ती उम्र की वजह से उपजी शारीरिक व्याधियों का उपचार करना है। आज लोग बीमारी के उपचार के लिए समग्र नजरिया अपनाने लगे हैं। इसकी वजह से दुनिया भर में फिजियोथैरेपिस्ट्स की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है।

## काम का दायरा

फिजियोथैरेपिस्ट्स अस्पतालों, विकलांगों की लिए बने पुनर्वास केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए बने स्कूलों, स्वास्थ्य संगठनों के



अलावा डिफेंस मेडिकल प्रतिष्ठानों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी अपनी सेवाएं देते है। इंजुरी व फ्रैक्चर्स, जोड़ों के दर्द, खिंचाव, मोच, स्ट्रोक्स के उपचार में काबिल फिजियोथैरेपिस्ट की सेवाएं कारगर साबित होती हैं।

## बढ़ती मांग

आज जिस तरह के अत्याधुनिक अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र व क्लीनिक्स खुल रहे है और हेल्थ सेक्टर का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि फिजियोथैरेपिस्ट की मांग आगे चलकर और बढ़ेगा। कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुद को फिट रखने व फिटनेस संबंधी सुझाव लेने के लिए फुलटाइम पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की सेवाएं लेते हैं। विदेशों में और खासकर अमेरिका कनाडा व आस्ट्रेलिया जैसे देशों में पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की जबदस्त मांग है।

## योग्यता

फिजियोथैरेपी में कोई डिग्री अथवा डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए अभ्यर्थी को फिजिक्स, केमिस्ट्री या बायोलॉजी के साथ 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अस्पताल व क्लीनिक्स अमूमन ऐसे लोगों को रोजगार देते है, जिनके पास फिजियोथैरेपी में बैचलर डिग्री (बीपीटी) हो। बीपीटी करने के बाद छात्र यदि चाहें तो अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। फिजियोथैरेपी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने से लेकर दो साल तक हो सकती है। डिग्री स्तर अवधि



तीन से चार साल तक होती है। प्रतिष्ठित संस्थान कॉमन टेस्ट सीईटी के जरिए बीपीटी में छात्रों की दाखिला देते है।

## व्यक्तिगत योग्यता

फिजियोथैरेपिस्ट्स बनने के चाह रखने वाले अभ्यर्थियों में लंबे समय तक खड़े रहकर काम करने की क्षमता होनी चाहिए। काबिल फिजियोथैरेपिस्ट वही है जो मरीज की जरूरत को अच्छी तरह समझ सके, उसके प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए। सफल फिजियोथैरेपिस्ट बनने के लिए व्यक्ति में इन खूबियों के अलावा मानवीय संरचना का सम्पूर्ण ज्ञान होना भी अति आवश्यक है।

## पारिश्रमिक

इस क्षेत्र से जुड़े कोई फ्रेश ग्रेजुएट किसी हॉस्पिटल या क्लीनिक में टेनी फिजियोथैरेपिस्ट के तौर पर 8,000 से 12,000 रूपए वेतन पाने की उम्मीद कर सकता है। हालांकि प्रतिष्ठित अस्पतालों में आपको और भी अच्छा वेतन मिल सकता है। अनुभव हासिल करने के बाद आपके वेतन में खासा इजाफा हो सकता है। अनुभवी फिजियोथैरेपिस्ट चाहे तो निजी क्लीनिक खोल कमाई कर सकते है।

# डायटीशियन

## कॅरियर का बेहतर विकल्प

आहार जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम जो आहार लेते है उसका शरीर में पाचन किया जाता है। प्रकृति ने विभिन्न खाद्य-पदार्थो को भोजन का रूप दिया है जिसे कच्चा या पका कर हम उपयोग करते है ऐसे पदार्थ हमारे पाचक अंगों द्वारा पचा लिए जाते हैं, जिनसे ऊतकों का निर्माण एवं पोषण होता है। चलने, फिरने दौडने या अन्य शारीरिक कार्य करते रहने से शरीर के भीतर के ऊतक टूटते-फूटते एवं घिसते रहते है। भोजन द्वारा हमारे शरीर की संरचना तथा मरम्मत के लिए विभिन्न पोषक तत्व मिलते रहते है, जिनसे हमें शक्ति मिलती हैऔर हमारे शीरीरिक के विभिन्न अंग अपना कार्य सुचारू रूप से करते रहते हैं सन्तुलित आहार और सही आहार हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है लिहाजा हमारी शारीरिक जरूरतों के अनुसार कितने पोषक तत्वों की जरूरत होती है और कौन से खाद्य-पदार्थ से सेहत को नुकसान पंहुच सकते है, इसका जवाब डायटीशियन ही बता सकता है। जीवनशैली में आ रहे बदलावों और उसके दुष्परिणाम के चलते डायटीशियन एक बेहतर केरियर ऑप्शन के रूप में उभरा है। यह कोर्स अपनाकर आप अपना ही नहीं दूसरो की सेहत का भी ख्याल रख सकते है। एक डायटीशियन के रूप में आप नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग, बीमार, अभिनेताओं और खिलाडियों तक की डाइट का चार्ट बना सकते है। डायटीशियन लोगों को सलाह देता है, कि उसे स्वस्थ रहने के लिए किस तरह का भोजन करना चाहिए। डायटीशियन का कार्य जितना आसान दिखाई देता है वास्तव में वह उतना आसान नहीं है, क्योंकि रोगियों के लिए व्यक्तिगत आहार योजना बनाते हुए विभिन्न क्लीनिकल घटकों को ध्यान में रखना होता है। साथ ही रोगियों की जीवनशैली, खान-पान की आदतों पर भी विचार करना होता है। कॉरपोरेट स्तर पर डायटीशियन की मांग बढ रही है और पांच सितारा होटलों में भी डायटीशियनों की सेवाएं ली जा रहीं हैं।



# करादे- दुश्मन को बिना किसी हथियार से हराने की तकनीक

कराटे निहत्थे लड़ने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है। जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है।

कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं। इन सभी भागों को कड़ी मेहनत और प्रैक्टिस से कठोर बनाया जाता है। एक कराटे एक्सपर्ट कई इंच मोटी लकड़ी को अपने हाथ या पैर से तोड़ सकता है। सही टाइमिंग, कुशलता तथा जज्बा तो इसके लिए जरूरी है ही साथ ही जरूरी होती है शारीरिक कठोरता।

कराटे के खेल में वार को शरीर के संपर्क में आने से एक इंच पहले ही रोक लिया जाता है। कराटे में मैच सिर्फ 3 मिनट के होते है। एक खेल के तौर पर इसमें कुशलता का स्तर परखने के लिए दोनों में नकली लड़ाई और औपचारिक परीक्षण दोनों का आयोजन किया जाता है। यदि प्रतियोगी अच्छे से वार न कर पाए तो जज अपना फैसला मूवमैंट्स और डिफेंस तकनीक के आधार पर सुना सकते हैं जजों द्वारा खिलाडियों के प्रदर्शन को वैसे ही रेटिंग दी



जाती है, जैसे जिम्नास्टिक में होता है। कराटे एशिया में विकसित हुआ जिसे कई शताब्दियां लग गईं और 17वीं शताब्दी के दशक में जाकर यह कला के रूप में व्यवस्थित होने लगा। 1920 के दशक में यह जापान में बहुत प्रसिद्ध हुआ। आज पूरे विश्व में कई स्कूल कराटे की ट्रेनिंग देते हैं। 1970 में कराटे वर्ल्ड चैम्पियनशिप टाइटल की स्थापना की गई थी।

प्राचीन चीन से शुरू और जापान में प्रसिद्ध हुआ युद्ध कौशल (मार्शल आर्ट) कराटे आज पूरे विश्व में अत्यधिक लोकप्रिय है। कराटे खेल भी, कला भी कराटे निहत्थे लड़ने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है।

जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है। कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं।



## स्वरोजगार

# कागज़ उद्योग

देश में सामाजिक-आर्थिक विकास की दृष्टि से कागज़ उद्योग देश का सबसे पुराना और अति महत्वपूर्ण उद्योग है। इस उद्योग का अनुमानित आकार 25000 करोड़ रुपये ( 5.95 बिलियन डॉलर) है। विश्व के कागज और कागज बोर्ड उत्पाद में इसका हिस्सा लगभग 1.6 प्रतिशत है। इस उद्योग से 1.20 लाख लागों को प्रत्यक्ष रूप से और 3.40 लाख लोगों को परेक्ष रूप से रोजगार मिला है। अधिकतर पेपर मिल पिछले लम्बे अर्से से कार्य कर रहे हैं और इस प्रकार वर्तमान समय में इनमें पुरानी से लेकर अति आधुनिक तकनीक वाली दोनों प्रकार की प्रौद्योगिकियाँ इस्तेमाल हो रही हैं।

पिछले पाँच वर्षो से कागज़ की खपत लगभग 6 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ रही है। कागज़ उद्योग को कागज के उत्पादन की किस्म के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है; जैसे क्रीमवोव, मैपलिथो, कोपलर, कोटेड पेपर, इंडस्ट्रियल पेपर और स्पेसिटी पेपर। इंडिस्ट्रयल पेपर अधिक मात्रा में इस्तेमाल होता है, जो कि कुल खपत का लगभग 60 प्रतिशत है। अभी तक कागज उद्योग की वृद्धि सकल घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि के बराबर रही है और पिछले कुछ वर्षो के दौरान इसमें औसतन 6-7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्तर पर भारत में कागज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और यह उत्साहवर्धक स्थिति को दर्शाता है। आर्थिक संवृद्धि के साथ कागज की खपत में भी अत्याधिक उछाल आने की संभावनाएँ है और यह 2015-16 तक 13.95 मिलियन टन तक पहुँच सकता है। भावी अनुमान यह है कि कागज की खपत में सकल घरेलू उत्पाद के गुणांकों में वृद्धि होगी और इस प्रकार प्रति व्यक्ति 1 किलाग्राम खपत की वृद्धि से उसकी मांग में 1 मिलियन टन की वृद्धि होगी। उद्योग के अनुमानानुसार वर्ष 2012-13 तक कागज़ उत्पादन 8.4 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ा है, जबकि कागज की खपत 9 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ी है। कम खर्च व लागत में कागज उद्योग स्वरोजगार का बेहतर जरिया बन सकता है।




# पैरा-मैडीकल कोर्सेज में संवारें कॅरिअर

यदि आपकी बारहवीं परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नहीं हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।

मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजैक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है।

इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी , एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑफ्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एंड ऑर्थोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरेपी एंड ऑक्यूपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी, एम.एससी, बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

संस्थान

- पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल एजुकेशन एंड रिसर्च, सैक्टर-11,चंडीगढ़- 1600012
- पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल साइंसेज, रोहतक- 124001, हरियाणा।
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली- 110007

# रायपुर वनडे से पहले स्टेन का बड़ा बयानः रोहित-विराट का जलवा कायम, डी कॉक पर सबकी निगाहें



**रांची (एजेंसी)।** रायपुर में भारत के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिए, रांची में पहले वनडे में शून्य पर आउट होने के बाद वरिष्ठ बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक को कुछ साबित करना होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे बुधवार को रायपुर में होगा। भारत सीरीज में 1-0 से आगे है।

रांची में पहले वनडे में विराट कोहली (135), केएल राहुल (60) और रोहित शर्मा (58) ने यादगार बल्लेबाजी की, जिससे भारत 349/8 पर पहुंच गया। 11/3 से पिछड़ने के बाद, मैथ्यू ब्रीट्ज़के (72), मार्को जेनसन (70) और कॉर्बिन बॉश (67) की प्रोटियाज तिकड़ी ने प्रोटियाज को जीत के करीब पहुंचाया। दूसरे वनडे से अपनी उम्मीदों पर बात करते हुए, जियोस्टार विशेषज्ञ स्टेन ने कहा कि मुझे लगता है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का प्रदर्शन जारी रहेगा। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूँ कि कौन से तेज़ गेंदबाज़ और कौन से स्पिनर कुछ दिलचस्प करते हैं। यह अब तक बल्लेबाज़ों के लिए स्वर्ग रहा है, तो कौन से गेंदबाज़ दूसरे वनडे में अच्छा प्रदर्शन करेंगे? क्विंटन डी कॉक ने पहले वनडे में कोई रन नहीं बनाया था, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें अपनी बात साबित करनी होगी। वह ऐसे गेंदबाज़ हैं जिन पर दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर बनाने के लिए निर्भर करेगा।

इस साल वनडे से संन्यास लेने के बाद सफ़ेद गेंद से वापसी करने के बाद से, डी कॉक ने वनडे में दक्षिण अफ्रीका के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चार मैचों में 79.66 की औसत और 91 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 123* रन रहा है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भारत के खिलाफ है, उन्होंने भारत के खिलाफ 51.28 की औसत से 1,077 रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं तथा उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 135 रन है।

# महिला क्रिकेटरों स्नेह राणा, प्रतीका रावल और रेणुका सिंह का हुआ प्रमोशन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) ने 2025 विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीन खिलाड़ियों स्नेह राणा, प्रतीका रावल और रेणुका सिंह ठाकुर को प्रमोशन दिया है। रेलवे ने इन तीनों को ही आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन देते हुए ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी- स्पोर्ट्स) के पद पर नियुक्त किया है। इन तीनों खिलाड़ियों को अब ग्रुप बी गजेटेड ऑफिसर के बराबर वेतन और सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) की इस पहल से महिला क्रिकेटरों को न केवल आर्थिक सुरक्षा मिलेगी बल्कि प्रशासनिक जिम्मेदारी भी मिलेगी।

गौरतलब है कि महिला क्रिकेट विश्व कप का आयोजन इस बार भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हुआ था। इसके खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार खिताब जीता था।

राणा सहित तीनो ही क्रिकेटरों ने इस सम्मान और प्रमोशन के लिए रेलवे का आभार जताते हुए कहा है कि इससे उनको और बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी। राणा को

राणा हाल ही में महिला प्रीमियर लीग नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी टीम में शामिल किया। गत सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलने के बाद राणा अब जेमिमा रोड्रिग्स और शैफाली वर्मा के साथ कैपिटल्स की ओर से खेलती नजर आयेंगी।

# वैभव सूर्यवंशी की नाबाद शतकीय पारी बेकार गई, महाराष्ट्र के खिलाफ हारा बिहार



**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रतिभावान बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 61 गेंद में नाबाद 108 रन की पारी के बावजूद बिहार को मंगलवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में महाराष्ट्र के खिलाफ तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर बिहार ने 14 साल के सूर्यवंशी की नाबाद पारी से तीन विकेट पर 176 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और सात छक्के मारे और टूर्नामेंट के इतिहास में शतक जड़ने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। इसके जवाब में महाराष्ट्र ने कप्तान पृथ्वी साव की 30 गेंद में 66 रन की पारी के अलावा नीरज जोशी(30), रंजीत निकम (27) और निखिल नाईक (22) की पारियों से पांच गेंद शेष रहते सात विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की। मोहम्मद इजहार (22 रन पर दो विकेट) और सकीबुल गनी (50 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाकर बिहार को मैच में बनाए रखा लेकिन महाराष्ट्र ने अंततः धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले सूर्यवंशी ने सात छक्के जड़ बिहार की ओर से टी20 पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने आयुष लोहारुका (नाबाद 25) के साथ चौथे विकेट के लिए 75 रन जोड़े। सूर्यवंशी ने अंतिम ओवर में अर्शिन कुलकर्णी पर चौके के साथ शतक पूरा किया। जाधवपुर यूनिसर्विटी मैदान पर गोवा ने मध्य प्रदेश को सात विकेट से हराया। मध्य प्रदेश के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गोवा ने सुयश प्रभुदेसाई (नाबाद 75) और अभिनव तेजराणा (55) के अर्धशतक से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर171 रन बनाकर जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश ने इससे पहले हरप्रीत सिंह के 80 रन की बदौलत छह विकेट पर 170 रन बनाए।

# आईपीएल2026 नीलामीः 2 करोड़ बेस प्राइस पर ग्रीन, लिविंगस्टोन; वेंकटेश-बिश्नोई लिस्ट में, मैक्सवेल क्यों नहीं?




**मुम्बई (एजेंसी)।** कैमरून ग्रीन, लियाम लिविंगस्टोन, रवि बिश्नोई, वेंकटेश अय्यर और मथीशा पथिराना उन 45 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में 2 करोड़ रुपये के उच्चतम आधार मूल्य के साथ प्रवेश किया है। कुल 1,355 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है और 30 नवंबर को पंजीकरण बंद होने के बाद सोमवार को फ्रेंचाइजी के साथ साझा किया। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अधिकतम 25 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति है और इस साल 77 स्थान उपलब्ध हैं, जिनमें 31 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं।

आईपीएल सभी दस टीमों से इच्छा सूची प्राप्त करने के बाद इस सूची को छोटा करेगा। 16 दिसंबर को अबू धाबी में दिन भर चलने वाली नीलामी से पहले, फ्रेंचाइजी को अपनी शॉर्टलिस्ट जमा करने के लिए 5 दिसंबर तक का समय दिया गया है। भारतीय खिलाड़ियों में, प्रमुख भूमिकाओं में विशेषज्ञ खिलाड़ी बड़ी बोलियां आकर्षित कर सकते हैं, लेकिन सुर्खियाँ ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर टिकी हैं, जिन्होंने पीठ की चोट के कारण 2025 की मेगा-नीलामी को छोड़ दिया था। जिन टीमों के मजबूत रुचि दिखाने की उम्मीद है, उनमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) (64.3 करोड़ रुपये का पर्स) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) (43.4 करोड़ रुपये) शामिल हैं, दोनों के पास स्वस्थ बजट हैं।


केकेआर, विशेष रूप से वेस्टइंडीज के टी20 दिग्गज आंद्रे रसेल के हाल ही में आईपीएल से संन्यास लेने के बाद, ग्रीन पर आक्रामक रूप से काम कर सकता है। ग्रीन की बहुमुखी प्रतिभा, वह क्रम में कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं, सीम-अप गेंदबाजी कर सकते हैं, और क्षेत्ररक्षण में भारी योगदान दे सकते हैं, उन्हें इस साल सबसे अधिक मांग वाले नामों में से एक बनाता है। केकेआर ने वेंकटेश अय्यर सहित नौ खिलाड़ियों को रिलीज़ किया, जिनकी कीमत उन्हें पिछले साल की मेगा-नीलामी में 23.5 करोड़ रुपये लगी थी। अब उनके पास भरने के लिए 12 स्थान हैं, जिनमें छह विदेशी शामिल हैं। पांच बार की चैंपियन सीएसके में नौ रिक्तियां हैं, जिनमें से चार विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं।

इस नीलामी से पहले रिलीज़ किए गए कई खिलाड़ियों ने 2 करोड़ रुपये की शीर्ष मूल्य सीमा को चुना है। इसमें श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी शामिल हैं, जिन्हें सीएसके ने पिछले साल 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ के रूप में उनकी कीमत के बावजूद, चोट से जूझने के बाद रिलीज़ कर दिया था। इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन, जिन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 8.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, भी एक निराशाजनक सीज़न के बाद खुद को पूल में वापस पाते हैं।

भारतीय खिलाड़ियों में, वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई, दोनों ने खुद को 2 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर सूचीबद्ध किया है। बिश्नोई, जिन्हें पिछले साल लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, को फ्रैंचाइज़ी के साथ चार सीज़न बिताने के बाद जाने दिया गया। इस लंबी सूची में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का नाम शामिल नहीं है। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पिछले सीज़न में उन्हें 4.2 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन अब 37 वर्षीय मैक्सवेल की 2025 सीज़न के बीच में उंगली में फ्रैक्चर हो गया और उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को शामिल किया गया है, जिन्हें रिटेन किया गया है।

# शास्त्री बोले, गंभीर की जगह मैं होता तो हार की पूरी जिम्मेदारी लेता

मुम्बई।भारतीय क्रिकेट टीम के के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने टेस्ट क्रिकेट में टीम के खराब प्रदर्शन पर निराशा जतायी है।शास्त्री के अनुसार टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेने से कोच कोच गौतम गंभीर बच नहीं सकते।कोच के अलावा टीम के खराब प्रदर्शन के लिए खिलाड़ी भी जिम्मेदार हैं क्योंकि जिस प्रकार से लगातार विकेट गिरे उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। जहां तक विकेट को स्पिनरों से अधिक



सहायता मिलने की बात है।उसका भी बहाना नहीं चलेगा क्योंकि हम शुरुआत से ही ऐसे ट्रैक पर खेलते रहे हैं।2012 से 2024 तक घरेलू धरती पर एक भी सीरीज नहीं हारने वाली भारतीय टीम गंभीर के हेड कोच बनने के बाद 2 घरेलू सीरीज हारी है।उसे पिछले साल न्यूजीलैंड ने 3-0 से हराया। वहीं अब दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से पराजित किया है।शास्त्री ने कहा कि अगर ये उनके साथ होता तो वह सारी जिम्मेदारी स्वयं ले लेते।उन्होंने कहा कि गुवाहाटी में जिस प्रकार 100 रन पर एक विकेट से 130 रन पर 7 विकेट गिरे हैं।ये टीम खराब भी नहीं है।उनके पास बहुत प्रतिभा है। खिलाड़ियों को भी कुछ जिम्मेदारी लेनी चाहिए।आप क्रिकेट खेलने की जब शुरुआत करते हैं, तब से स्पिन खेले हैं।' जब ने उनसे ये पूछा कि क्या वह मुख्य कोच गंभीर का बचाव कर रहे हैं, तब शास्त्री ने कहा, मैं (उनका) बचाव नहीं कर रहा।सौ फीसदी वह भी जिम्मेदार हैं।शास्त्री जब कोच थे तब विराट कोहली टीम के कप्तान थे।उस समय भारतीय टीम घर में हराने और सीरीज जीतने की ताकत रखती थी।शास्त्री-कोहली के समय में भारतीय टीम अपनी धरती पर केवल दो टेस्ट हारी थी।शास्त्री भारत के सबसे सफल कोच में से एक हैं।उनके कार्यकाल में 2017 से 2021 तक भारत का टेस्ट में जीत का रिकार्ड 65 का रहा था।

# लंबी अवधि के प्रारूप मुझे रास आते हैं, विकेटों के बीच दौड़ने पर कोहली से सलाह लेता हूं : तिलक वर्मा

मुम्बई।भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को लंबे प्रारूपों में खेलना रास आता है और वह विराट कोहली से फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में सलाह ले रहे हैं ताकि आने वाले मौकों का पूरा फायदा उठा सकें। तेइस वर्षीय इस खिलाड़ी ने अब तक सिर्फ चार वनडे खेले हैं जबकि उन्हें टेस्ट टीम में मौका मिलने का इंतजार है।उन्होंने



कहा कि मौजूदा वनडे श्रृंखला में टीम में कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की मौजूदगी से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। तिलक ने 'जियोस्टार' से कहा, '' वनडे और टेस्ट क्रिकेट मेरे खेल के मुताबिक है और मैं इसका अधिक लुत्फ उठाता हूं। मैं और वनडे खेलने के लिए उत्साहित हूं। जब रोहित भाई और विराट भाई एक ही टीम में होते हैं, तो आत्मविश्वास का स्तर बिल्कुल अलग होता है।'' उन्होंने रोहित और कोहली की तारीफ करते हुए कहा, ''उनके पास अपार अनुभव और ज्ञान है।मैं बेहतर होने के लिए उनसे ज्यादा से ज्यादा सलाह लेने की कोशिश करता हू।' इस युवा वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि वह कोहली से खास तौर पर फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में सलाह लेते रहे हैं क्योंकि वह इस मामले में वह उत्कृष्टता हासिल करना चाहते हैं।तिलक ने कहा, ''मैं विराट भाई से काफी बात करता हू, खासकर फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में उनकी सलाह लेता हूं।मुझे भी दौड़ना पसंद है और मुझे लगता है कि इस मामले में मैं काफी तेज हूं। '' दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा वनडे श्रृंखला के बारे में तिलक ने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुझे जब भी मौके मिलेंगे, मैं उन मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ करना चाहूंगा।मैं वनडे और टेस्ट में भी खुद को साबित करना चाहता हूं।

# जूनियर महिला वर्ल्ड कप : भारत की नामीबिया पर बड़ी जीत, 13-0 से हराया

**सैंटियागो (चिली) (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने पूल सी के अपने पहले मैच में नामीबिया को 13-0 से रौंद कर महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सेंट्रो डेपोटिवों डे हॉकी सेस्पेड एस्टाडियो नैशनल में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कनिका सिवाच ने (12वें, 30वें, 45वें) मिनट और हिना बानो (35वें, 35वें, 45वें) मिनट में शानदार हैट्रिक लगाकर स्कोरिंग में सबसे आगे रहीं, जबकि साक्षी राणा ने (10वें, 23वें) मिनट में दो गोल किए।



भारत के शानदार प्रदर्शन में बिनिमा धन ने (14वें), सोनम ने (14वें), साक्षी शुक्ला ने (27वें), इशिका ने (36वें), और मनीषा ने (60वें) मिनट में एक-एक गोल किया। भारत ने शुरू में ही लय बना ली और विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। 10वें मिनट में सफलता मिली जब साक्षी राणा ने एक तेज रिवर्स फ्लिक से गोल किया। कनिका सिवाच ने जल्द ही एक जबरदस्त फिनिश के साथ अपना दूसरा गोल किया। इससे पहले बिनिमा धन और सोनम के तेज स्ट्राइक ने पहले क्वार्टर के आखिर तक स्कोर 4-0 कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में भी एकतरफा मुकाबला जारी रहा जब राणा ने अपना दूसरा गोल किया, और साक्षी शुक्ला ने पेनल्टी-कॉर्नर ड्रैगफ्लिक को गोल में बदला। सिवाच ने हाफ-टाइम से ठीक पहले एक और गोल करके बढ़त को 7-0 कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में भी उसी लय के साथ शुरुआत की। हिना बानो ने जल्दी-जल्दी दो गोल किए, जिसमें एक टॉप-कॉर्नर फिनिश भी शामिल था, इसके बाद इशिका ने एक रिबाउंड पर गोल करके स्कोर डबल-डिजिट तक पहुंचाया।

बानो ने पेनल्टी-कॉर्नर डिफ्लेक्शन से अपनी हैट्रिक पूरी की और सिवाच ने कुछ ही पल बाद अपनी हैट्रिक पूरी करके स्कोर को आखिरी क्वार्टर में 12-0 कर दिया। कई रोटेशन के बावजूद, भारत का दबदबा बना रहा और मनीषा के आखिरी पेनल्टी-कॉर्नर पर किए गए गोल ने 13-0 की जीत पूरी की। भारतीय टीम बुधवार को अपने अगले ग्रुप-स्टेज मैच में जर्मनी भिड़ेगी।

# 38 की उम्र में रोहित की आक्रामक पारी देखकर हैरान हैं इरफान पठान



मुम्बई।पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में आकामक बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाने के लिए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है।रोहित ने पहले ही एकदिवसीय में शानदार पारी के साथ ही दिखाया है कि अभी उनमें काफी क्रिकेट बचा है।टेस्ट और टी20 से संन्यास लेने के बाद रोहित की यह पारी दिखाती है कि उनका फार्म अब भी बरकरार है।इसी को लेकर पठान ने कहा कि 38 साल की उम्र में जिस प्रकार से रोहित ने बल्लेबाजी की है।उससे उनकी फार्म का अंदाजा होता है।पठान ने कहा, रोहित अपने करियर के सबसे अच्छे दौर में दिख रहे हैं।वह 38 साल के हो गये ये लगता ही नहीं है।उन्होंने फिटनेस में काफी सुधार किया है पर जिस तरह उन्होंने हालातों को देखकर बल्लेबाजी की है।उससे अंदाजा होता है कि वह किस मानसिकता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।रोहित ने इस मैच में एक और बड़ा विश्व रिकॉर्ड बनाया है।उन्होंने तीन छक्के लगाकर एकदिवसीय में तेजी से अपनी 350 छक्के पूरे किये हैं।

# राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से खिलाड़ियों को लाभ होगा : लवलीना बोरगोहेन



नई दिल्ली।ओलंपिक पदक विजेता महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा है कि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी से उभरते हुए खिलाड़ियों को लाभ होगा। बोरगोहेन ने मेजबानी मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे युवा प्रतिभाओं को खेलों में आगे बढ़ने और वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ता है। भारतीय मुक्केबाज़ ने कहा कि यह देश के लिए एक अच्छा है क्योंकि जब देश में कोई बड़ी प्रतियोगिता होती है, तो खिलाड़ियों को और भी अवसरा मिलते हैं। यह गुजरात में आयोजित होगा, इसलिए वहां के खिलाड़ियों को विशेष लाभ होगा। इससे पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 100वें राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी के अधिकार मिलने पर प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की सामूहिक प्रतिबद्धता ने वैश्विक खेल मंच पर भारत का स्थान मज़बूती से स्थापित किया है। बररहाल खिलाड़ी इन खेलों की तैयारियों को शुरु करने लगे हैं।निशानेबाज सरबजोत सिंह ने कहा कि 2030 में होने वाले इन खेलों को लेकर वह उत्साहित है।उन्होंने कहा कि यह ये खेल अहमदाबाद में आयोजित होगी, जिसमें खिलाड़ियों को अच्छी सुविधा मिल जाएगी।उन्होंने कहा कि इन खेलों में देश को कई पदक मिलना तय है।उन्होंने बताया कि वह हर दिन चार से पांच घंटे अभ्यास कर रहे हैं।वहीं हाल में कजाकिस्तान में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक विजेता आदित्य मालरा ने कहा है कि देश में राष्ट्रमण्डल खेलों को लेकर काफी उत्साह है, क्योंकि पहले भारत के खिलाड़ी बाहर इन खेलों को खेलने जाया करते थे, लेकिन अब बाहर विदेशों के खिलाड़ियों को भी भारत में यह खेल खेलने का अवसर मिल रहा है।मिलेगा।

# SMAT: हार्दिक पांड्या की पेशेवर क्रिकेट में धमाकेदार वापसी, ठोका शानदार अर्धशतक, बड़ौदा जीती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबे समय बाद पेशेवर क्रिकेट में लौटे हार्दिक पांड्या ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT) में आते ही ऐसा प्रभाव छोड़ा कि पूरे भारतीय क्रिकेट जगत की नजरें उनकी ओर टिक गईं। हैदराबाद में खेले गए इस मुकाबले में हार्दिक ने सिर्फ 42 गेंदों पर नाबाद 77 रन ठोककर बड़ौदा को पंजाब पर यादगार जीत दिला दी। यह पारी न सिर्फ उनकी बल्लेबाजी की पुरानी चमक को दर्शाती है, बल्कि उनके ऑलराउंड कौशल का भी शानदार उदाहरण है। उनकी यह वापसी आने वाले दिनों में भारतीय टीम संयोजन के लिए भी बड़े संकेत देती है।

### हार्दिक की आतिशी पारी ने पलटा मैच का मोमेंटम

बड़ौदा के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपनी वापसी मैच को एक विशेष मौके में बदल दिया। 42 गेंदों में नाबाद 77 रन की तूफानी पारी में सात चौके और चार छक्के शामिल थे। उनकी बैटिंग में वही पुरानी ताकत, टाइमिंग और मैच को हाथ में लेने की क्षमता साफ दिखाई दी। पारी की शुरुआत ठंडी थी, लेकिन हार्दिक ने आते ही रफ्तार पकड़ी और पंजाब बॉलिंग अटैक की लाइन-लेथ को पूरी तरह हिला दिया। एक समय मुश्किल लग रहा लक्ष्य हार्दिक की आक्रामक बल्लेबाजी से बेहद आसान हो गया।

### शिवालिक शर्मा के साथ 101 रन की गेम-चेंजिंग पार्टनरशिप

हार्दिक के दमदार प्रदर्शन का सबसे अहम हिस्सा रहा शिवालिक शर्मा के साथ उनकी 101 रन की साझेदारी। शिवालिक ने 32 गेंदों पर 47 रन बनाए और बेहद समझदारी से रिटायर्ड आउट होकर हार्दिक को एंड पर स्ट्राइक रखने का मौका दिया।

इस साझेदारी ने मैच का पूरा रूख बदल दिया और बड़ौदा को अंत में मजबूत स्थिति में पहुंचाया। टीम को आखिरी 15 गेंदों पर 30 रन चाहिए थे, लेकिन नए बल्लेबाज जितेश शर्मा के आने के बाद चीजें और आसान हो गईं।



### बड़ौदा का दबदबा

जितेश शर्मा ने आते ही तेजी से रन जोड़े और हार्दिक का शानदार साथ निभाया। केवल 9 गेंदों में बड़ौदा ने जरूरी रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। लक्ष्य भले ही बड़ा लग रहा था, लेकिन हार्दिक की शानदार टाइमिंग और आक्रामक अंदाज ने पंजाब की गेंदबाजी को बेअसर कर दिया।

### हार्दिक का गेंदबाजी प्रदर्शन : महंगा लेकिन प्रभावी

बल्लेबाजी के अलावा हार्दिक ने गेंद से भी योगदान दिया। हालांकि उनका चार ओवर का स्पेल थोड़ा महंगा रहा (52 रन), लेकिन उन्होंने 1 विकेट चटकाया। उनकी गेंदबाजी की लय अभी पूर्ण रूप से लौटती नहीं दिखी, लेकिन वापसी मैच को देखते हुए यह प्रयास सराहनीय माना जा रहा है। आने वाले मुकाबलों में वे और बेहतर लय में लौट सकते हैं।

### पंजाब की तेज शुरुआत भी नहीं दिला सकी जीत

पंजाब की ओर से अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 19 गेंदों में फिफ्टी लगाकर शानदार शुरुआत दी। उनके अलावा अनमोलप्रीत सिंह ने 32 गेंदों में 69 रनों की दमदार पारी खेली। इन दोनों की तेज बल्लेबाजी से पंजाब का स्कोर मजबूत दिख रहा था, लेकिन उनकी गेंदबाजी हार्दिक और शिवालिक की साझेदारी को रोक नहीं पाई।

### ग्रुप सी की स्थिति, गुजरात शीर्ष पर

इस जीत के बाद ग्रुप सी में बड़ौदा और पंजाब दोनों के दो-दो मैच पूरे हो चुके हैं। वहीं गुजरात चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में सबसे आगे है। हार्दिक की यह वापसी न सिर्फ बड़ौदा के लिए राहत लेकर आई है, बल्कि भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए भी एक बड़ा सकारात्मक संकेत है, जो उन्हें फिर से अपने पुराने अंदाज में देखने के लिए उत्सुक थे।

# इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए घोषित की टीम, वुड की जगह जैक्स को शामिल किया



ब्रिसबेन। इंग्लैंड ने गुरुवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां शुरु हो रहे दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम में बदलाव करते हुए तीन साल से टीम से बाहर चल रहे स्पिन ऑलराउंडर विल जैक्स को चोटिल मार्क वुड की जगह शामिल किया है। दूसरा टेस्ट मैच 4 दिसंबर से गाबा मैदान में खेला जाएगा। यह इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है। पर्थ में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद इंग्लैंड ने एक स्पिनर को भी रखने का फैसला किया है।जैक्स को शुएब बशीर पर इसलिए वरीयता दी गयी है क्योंकि वह बल्लेबाजी भी अच्छी करते हैं।जैक्स ने इससे पहले इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैच खेले हैं और 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में पांच विकेट लिए थे।

**इंग्लैंड टीम इस प्रकार है :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

## बस्ती में कई कारणों से दो लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटाए

बस्ती (एजेंसी)। विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का कार्य तेजी से चल रहा है। सोमवार को जनपद के 74.26 फीसदी मतदाताओं का डाटा डिजिटाइज्ड हो गया। अभी भी 25 फीसदी मतदाताओं का डिजिटाइजेशन का कार्य होना बाकी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 19 लाख 430 मतदाता हैं। इनमें से 14 लाख 12 हजार आठ मतदाताओं का डाटा डिजिटाइज्ड हो गया है। इनमें से 816 मतदाताओं ने खुद अपना डाटा फीड किया। एसआईआर के दौरान 48326 मतदाता ऐसे चिह्नित किए गए हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। इनके डाटा को बीएलओ ने परिवार वालों से कलेक्ट किया। इनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है और निर्वाचक नामावली में कटे मतदाता के तौर पर डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। यह कुल मतदाताओं का 2.54 फीसदी है। जिले में 35656 मतदाता ऐसे हैं, जो अब्सेंट हैं। उनको बीएलओ खोज नहीं पाए। जानकारी के मुताबिक स्थाई तौर पर 114709 मतदाता स्थाई तौर पर दूसरी जगह पर शिफ्ट हो गए। 23267 मतदाता ऐसे हैं, जो दूसरी जगह पर इनरोल्ड हैं और उनका नाम दूसरी जगह से काट दिया जाएगा। अन्य कारणों से 2777 मतदाताओं का नाम सूची से हटाया गया है। इस प्रकार कुल दो लाख 24 हजार 835 मतदाताओं का नाम सूची से हटाया है। इनका डाटा डिजिटाइज्ड कर दिया गया है।

## बलरामपुर में बस-ट्रक की टक्कर, आग लगने से तीन नेपाली यात्रियों की मौत, 24 झुलसे

बलरामपुर (एजेंसी)। बलरामपुर के फुलवरिया बाईपास पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सोनौली से दिल्ली जा रही एक पैसेंजर बस अनियंत्रित होकर हाई-टेंशन लाइन और ट्रांसफार्मर से टकरा गई। टक्कर के बाद बस में आग लग गई। हादसे में तीन यात्रियों की झुलसकर मौत हो गई। बस के टकराने के बाद गर्म कपड़े ले जा रहे एक ट्रक में भी आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के समय बस में ज्यादातर यात्री नेपाल के थे। हादसे में 24 अन्य यात्री भी घायल हुए, जिनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को बहराइच और लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बाकी मामूली घायल यात्रियों को दिल्ली और नेपाल के लिए रवाना किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने घायलों के परिजनों से संपर्क कर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस का ड्राइवर और कंडक्टर अभी तक लापता हैं। पुलिस और स्थानीय प्रशासन उनके खोजने में जुटे हुए हैं। हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रशासन लगातार संपर्क बनाए हुए है। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी जरूरी राहत और सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

## तुलसी निकेतन आवासीय परिसर का व्यापक पुनर्विकास, 20 हजार लोगों को मिलेगा आवास

गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद के सबसे पुराने और जर्जर हो चुके तुलसी निकेतन आवासीय परिसर का व्यापक पुनर्विकास करना, ताकि करीब 20 हजार से अधिक निवासियों को सुरक्षित और आधुनिक आवास मिल सकें। गुरुवार को जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के बीच परियोजना के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह प्रोजेक्ट पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। पुनर्विकास की लागत न तो प्राधिकरण पर आएगी और न ही आवंटियों पर, जिससे निवासियों पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। एनबीसीसी इस प्रोजेक्ट को परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) के रूप में दो चरणों में पूरा करेगा। समझौता हस्ताक्षर के बाद, आठ सप्ताह में एनबीसीसी प्राधिकरण को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपेगा, जिसमें क्रियान्वयन मॉडल का आंकलन होगा। शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर डीपीआर (विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार की जाएगी। वर्तमान स्थिति: जीडीए ने वर्ष 1989-90 में 7.83 हेक्टेयर भूमि पर यह योजना विकसित की थी। कुल 2,292 फ्लैट (2004 ईडब्ल्यूएस और 288 एलआइजी) और 60 दुकानें बनाई गई थीं। वर्तमान में यहां 20 हजार से अधिक लोग निवास करते हैं। योजना के 16 एकड़ क्षेत्र में निजी डवलपर्स के सहयोग से नई बहुमंजिला आवासीय इमारतें बनाई जाएंगी। यह पुनर्विकास योजना तुलसी निकेतन के निवासियों को सुरक्षित और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी... भारतीयों के एच-1बी वीजा में एक साल में ही 40 प्रतिशत की कमी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी के बाद भारतीयों के एच2-1बी वीजा में एक साल में ही 40 फीसदी की कमी आई है। यूएससीआईएस के आंकड़ों के मुताबिक 2015 से अब तक एच-1बी वीजा की मंजूरी मिलने में 70 फीसदी की कमी आई है। वहीं एक साल में ही यह 37 फीसदी कम हो गया। भारत की पांच सबसे बड़ी आईटी कंपनियों में टीसीएस के ही सबसे ज्यादा कर्मचारियों को एच-1बी वीजा मिला है। वहीं भारत की कंपनियों को कुल 4.5 हजार एच-1बी वीजा ही जारी हो सके हैं, जो कि इस दशक में सबसे कम हैं। टीसीएस का भी रेजेक्शन रेट 7 फीसदी तक बढ़ा है। 2024 में टीसीएस के 4 फीसदी आवेदन ही रद्द हुए थे। इस साल टीसीएस के 5293 कर्मचारियों को अमेरिका में अपनी नौकरी जारी रखने की अनुमति मिली है। वहीं भारत से अमेरिका जाने वाले कर्मचारियों को इस साल टीसीएस के केवल 846 लोगों को ही एच-1बी वीजा दिया गया है। जबकि 2024 में यह संख्या 1452 के करीब थी। अमेरिका में भारत की टॉप आईटी कंपनियों में पहले नंबर पर टीसीएस है, जिसका रिजेक्शन रेट 7 प्रतिशत है। इसके बाद इंफोसिस का रिजेक्शन रेट 1 प्रतिशत, एचसीएल अमेरिका का 1 फीसदी, एलटीआई माइंडट्री का 1 फीसदी और विप्रो का 2 फीसदी है। अमेरिका में एच-1बी वीजा के मामले में अमेजन, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल सबसे आगे हैं। टॉप एच-1बी वीजा पिटिशन वाली 25 कंपनियों में केवल तीन भारतीय हैं। टीसीएस के अलावा बाकी कंपनियों का रिजेक्शन रेट कम है। इसकारण कंपनियां अब आवेदन ही कम करवा रही हैं। अमेरिका में एच-1बी वीजा की नीति को लेकर एलन मस्क ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारतीयों से अमेरिका ने खूब पैसा कमाया है। मस्क ने कहा कि तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भारतीय अप्रवासियों की प्रतिभा ने अमेरिका को बहुत लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि वैश्विक कंपनियों में शीर्ष पदों पर भारतीय मूल के लोग हैं। बता दें कि बीते कुछ समय से ही ट्रंप और मस्क के रिश्तों में दरार पड़ गई है।

# संचार साथी एप पर मुखर हुई प्रियंका गांधी वाड्रा... केंद्र सरकार लोगों की जासूसी करवा रहीं

### कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने एप को मनहूस उपकरण बताया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संचार साथी एप की विपक्ष द्वारा की जा रही आलोचना का जवाब देकर, विरोधी पार्टियों से संसद में व्यवधान पैदा न करने का आग्रह कर आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार सभी मुद्दों पर बहस को तैयार है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि उन्हें मुद्दे खोदने की ज़रूरत नहीं है। कामकाज की एक सूची तैयार की गई है, और उसमें कई मुद्दे हैं। उन्हें नए मुद्दे ढूँढ़ने और संसद को बाधित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हर चिंता का अपना महत्व है, लेकिन संसद की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए उनका इस्तेमाल करना सही नहीं है। हम विपक्षी नेताओं से बातचीत करने वाले हैं, मैं पहले से ही उनके संपर्क में हूँ... हम उनके मुद्दों को कम नहीं आंक रहे हैं, लेकिन देश में एक नहीं, कई मुद्दे हैं।

दरअसल कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दूरसंचार विभाग के हालिया आदेश की आलोचना की जिसमें संचार साथी एप को जासूसी एप बताया गया है। यह हास्यास्पद है। नागरिकों को निजता का अधिकार है। हर किसी को अपने परिवार और दोस्तों को संदेश भेजने की निजता का अधिकार होना चाहिए, वे भी बिना सरकार की नज़र में आए... वे इस देश को हर रूप में तानाशाही में बदल रहे हैं। संसद इसलिए नहीं चल रही है, क्योंकि केंद्र सरकार किसी भी विषय पर बात करने से मना कर रही है। विपक्ष को दोष देना बहुत आसान है। वे किसी भी विषय पर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं... एक स्वस्थ लोकतंत्र चर्चा की माँग करता है... धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने और यह देखने के बीच एक बहुत ही महीन रेखा है कि भारत का हर नागरिक अपने फ़ोन पर क्या कर रहा है। इस तरह से काम नहीं करना चाहिए।

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने भी दूरसंचार विभाग (डीओटी) के उन निर्देशों की आलोचना की, जिसमें मोबाइल हैंडसेट पर संचार साथी एप को पहले से इंस्टॉल करना अनिवार्य बताया गया है। उन्होंने इस निगरानी का एक मनहूस उपकरण बताया। डीओटी ने निर्माताओं और आयातकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि एप पहली बार इस्तेमाल करते ही दिखाई दे और सुलभ हो और उस निष्क्रिय न किया जा सके। बाज़ार में पहले से मौजूद उपकरणों के लिए, कंपनियों को सॉफ्टवेयर अपडेट के ज़रिए ऐप को आगे बढ़ाने के लिए कहा गया है।

## हैदराबाद-कुवैत इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी, मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग



हैदराबाद (एजेंसी)। हैदराबाद से कुवैत जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 86 को मंगलवार सुबह बम होने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान जैसे ही राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ा, तुरंत बाद हैदराबाद एयरपोर्ट को धमकी वाला ईमेल प्राप्त हुआ। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने तत्काल फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया। सुबह करीब 9 बजे विमान की मुंबई में सुरक्षित लैंडिंग हो गई। सभी 173 यात्री और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यात्रियों के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की जा रही है। लैंडिंग के बाद विमान को मुंबई एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया। बम डिस्पोजल स्क्वायड, सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूर्ण सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। प्रारंभिक जांच में अब तक कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। सुरक्षा एजेंसियां धमकी भरे ईमेल की उत्पत्ति और साजिश की गहन जांच कर रही हैं। फिलहाल फ्लाइट को कुवैत के लिए रवाना करने पर फैसला जांच पूरी होने के बाद लिया जाएगा। बता दें इससे पहले भी कई बार विमान और स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। जिसके चलते विमानों की आपात लैंडिंग कराना पड़ी तो कई स्कूलों को खाली कराया गया।

## तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट: तिरुवल्लूर में रेड अलर्ट, कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**- मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह**

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में मौसम विभाग ने भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। चेन्नई मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना गहरा अवदाब कमजोर होकर निम्न दबाव क्षेत्र में तब्दील हो गया है, लेकिन इसके असर से अगले दो दिनों तक तटीय और आंतरिक जिलों में तेज बारिश की संभावना बनी हुई है।

मौसम विभाग ने बताया कि यह निम्न दबाव क्षेत्र चेन्नई से करीब 40 किलोमीटर दूरी पर स्थित है और तमिलनाडु-पुडुचेरी तट से लगभग 25 किलोमीटर दूर समुद्र में केंद्रित है। इसके कारण कई जिलों में भारी वर्षा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

तिरुवल्लूर जिले में अत्यधिक भारी बारिश की आशंका के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया है। चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और रानीपेट जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहाँ बहुत भारी बारिश हो सकती है। वेल्लोर, तिरुवन्नामलाई, विलुप्पुरम, कल्लाकुरिची और कुड्डालोर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

3 दिसंबर को नीलगिरी, इरोड और कोयंबटूर जिलों में बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, तेनकासी, थेनी, डिंडीगुल, तिरुप्पूर, नामक्कल और सेलम जिलों में भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट लागू रहेगा।

मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है और तटीय क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने को कहा है। प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में राहत दल तैनात कर दिए हैं। लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ है, जबकि स्कूलों को बंद रखने पर भी स्थानीय प्रशासन विचार कर रहा है। आने वाले 24 से 48 घंटे राज्य के कई जिलों के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहने वाले हैं।

## मुस्लिम ज्ञानवापी हिंदुओं को सौंप दें, हिंदू भी अब कोई नया दावा पेश ना करें

### -केके मुहम्मद ने की मंदिर-मस्जिद विवादों में संयम बरतने की अपील



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के पूर्व रीजनल डायरेक्टर केके मुहम्मद ने मंदिर-मस्जिद विवादों में संयम बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि चर्चा के सेंटर में अब सिर्फ तीन जगहें- राम जन्मभूमि, मथुरा और ज्ञानवापी होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मुसलमानों को अपनी मर्जी से ये जगहें सौंप देनी चाहिए। केके मुहम्मद ने हिन्दुओं से भी कहा कि वे अब नया दावा पेश ना करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि दावों को बढ़ाने से और ज्यादा दिक्कतें पैदा होंगी। केके मुहम्मद की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब मंदिर-मस्जिद विवाद से जुड़ी कई याचिकाएं देश भर की अदालतों में पेंडिंग हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केके मुहम्मद ने बताया कि राम जन्मभूमि के अलावा मथुरा और ज्ञानवापी दो और जगहें हैं जो हिंदूओं के लिए उतनी ही ज़रूरी हैं जितनी मुसलमानों के लिए मक्का और मदीना हैं। अयोध्या विवाद पर बात करते हुए केके मुहम्मद ने 1976 में बीबी लाल की अगुआई में बाबरी मस्जिद की खुदाई में खुद के शामिल होने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह विवाद एक कम्युनिस्ट इतिहासकार के असर की वजह से बढ़ा। उनके मुताबिक कम्युनिस्ट इतिहासकारों ने मुस्लिम कम्युनिटी को इस बात के लिए मनाया कि वे मस्जिद के नीचे मंदिर होने के सबूत को खारिज कर दें। मुहम्मद के मुताबिक ज्यादातर मुसलमान शुरू में विवादित जगह पर मंदिर बनाने की इजाजत देकर मामले को सुलझाने के पक्ष में थे। उन्होंने कहा कि इतिहासकार आर्कियोलॉजिस्ट नहीं थे और खुदाई के किसी भी स्टेज पर वह उस जगह पर नहीं गए थे। उन्होंने झूठी बातें फैलाने की आलोचना की और उस समय लोगों की राय पर असर डालने वालों के बीच सीधी जानकारी की कमी की ओर इशारा किया।

मोहम्मद ने कहा है कि उस बहुत जरूरी समय में एक कम्युनिस्ट इतिहासकार ने इन सब चीजों में दखल दिया और मुस्लिम समुदाय को यकीन दिलाया कि प्रोफेसर लाल ने उस जगह की खुदाई की थी और उन्हें ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे मंदिर के पहले से होने का पता चले। तो यह उनकी बनाई हुई चीज थी। इसलिए मुसलमानों के पास कोई और रास्ता नहीं था। उन्होंने कहा कि वे कभी उस जगह पर नहीं गए थे, न खुदाई से पहले, न खुदाई के दौरान और न ही खुदाई के बाद।

केके मोहम्मद ने कहा कि इसलिए बिना सब्जेक्ट जाने, कम्युनिस्ट इतिहासकार इस तरह की झूठी कहानियां फैला रहे थे। इसलिए किसी को तो इसका जवाब देना ही था। इसलिए पहली बार प्रोफेसर बीबी लाल जिन्होंने टीम को लीड किया था, उन्होंने इसका करारा जवाब दिया। मंदिर-मस्जिद बहस के बड़े मुद्दे पर केके मुहम्मद ने सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हमें बहुत सावधान रहना चाहिए। उन्होंने राम जन्मभूमि के साथ-साथ मथुरा और ज्ञानवापी को हिंदू समुदाय के लिए खास महत्व वाली जगहों के तौर पर पहचाना और मुसलमानों के लिए उनकी अहमियत मक्का और मदीना जितनी बताई।

उन्होंने आगे कहा कि इसलिए मुसलमानों को अपनी मर्जी से ये तीन जगहें सौंप देनी चाहिए। धार्मिक जगहों से जुड़ी दूसरी याचिकाओं के बारे में सवालों के जवाब में केके मुहम्मद ने कहा कि इन तीनों के अलावा हिंदू समुदाय की तरफ से कोई और मांग नहीं आनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी और दावे करने से समस्या हल नहीं होगी और आगे टकराव का खतरा रहेगा। उन्होंने ऐसी मांगों को लेकर अंदरूनी कंट्रोल की कमी पर भी कमेंट किया और कहा कि हिंदूओं के अंदर की समस्या को कंट्रोल करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने ताजमहल के बारे में कुछ हिंदू संगठनों के आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया और उन्हें झूठा बताया। सांस्कृतिक विरासत के बचाव पर केके मुहम्मद ने कहा कि सरकार से जो उम्मीदें थीं खासकर उन जगहों की सुरक्षा को लेकर वे पूरी नहीं हुईं। उन्होंने मौजूदा समय को आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया का काला युग बताया, और खास तरक्की न होने की आलोचना की।

## डिजिटल अपराध में तेज़ी से बढ़ोतरी, सेक्सटॉर्शन और साइबर अपराध के ज़रिए मुंबईकरों से 127 करोड़ रुपये ठगे गए




**मुंबई (एजेंसी)।** इन दिनों मुंबई में डिजिटल अपराध में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है और सेक्सटॉर्शन एवं साइबर अपराध की वजह से मुंबईकरों से 127 करोड़ रुपये ठगे जाने की खबर सामने आई है। बताया गया है कि सेक्सटॉर्शन के मुकाबले तीन गुना ज़्यादा लोग साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं। साइबर अपराध में शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, क्रिप्टोकरेंसी स्कैम और प्रोविडेंट फंड स्कैम शामिल हैं। सेक्सटॉर्शन जैसे ही साइबर अपराध जैसे डिजिटल अपराध में तेज़ी से बढ़ोतरी होने से लोगों के बीच चिंता का माहौल है। खबर है कि 2022 से अगस्त 2025 के बीच मुंबई में सेक्सटॉर्शन के 193 और साइबर अपराध के 603 मामले दर्ज किए गए। इन डिजिटल अपराधों में लोगों से 127.6 करोड़ रुपये ठगे गए हैं। दरअसल

राज्य साइबर विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरनेट एक्सेस और जागरूकता की कमी की वजह से सेक्सटॉर्शन और साइबर अपराध जैसे वर्चुअल क्राइम बढ़ रहे हैं। सेक्सटॉर्शन में सायबर अपराधी चैट या वॉट्सअप ऐप वीडियो कॉल के दौरान मॉर्फ्ड, आपत्तिजनक इमेज दिखाकर लोगों को ब्लैकमेल करते हैं ताकि उनसे पैसे ऐंठे जा सकें। इस बीच, साइबर अपराध में अपराधी सोशल मीडिया पर लोगों को टारगेट करते हैं और अपनी असली पहचान छिपाते हैं। मुंबई के पवई इलाके में रहने वाले एक युवा मैनेजर ने क्वेक ब्वाक डी नाम के डेटिंग ऐप पर दिव्या नाम की एक महिला से दोस्ती की। 20,000 रुपये चार्ज करने के बाद, दिव्या ने पीड़ित का निजी वीडियो उसके भाई, दोस्तों और उसकी कॉन्टैक्ट लिस्ट के सदस्यों को भेज दिया। फिर उसने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट न करने का वादा करके मैनेजर से 2 लाख रुपये ऐंठ लिए। इस बीच, मलाड की एक छात्रा को छह महीने तक साइबर अपराध का सामना करना पड़ा। जब पुलिस ने मुंबई से सटे मीरा रोड से आफताब को गिरफ्तार किया, तो उन्हें पता चला कि पीड़िता उसे कॉलेज में इग्नोर कर रही थी। इसीलिए वह उसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर उसे परेशान कर रहा था।

## एण्डटीवी पर आर्यन प्रजापति का ड्रामेटिक मेकओवर!



एजेंसी

**मुंबई :** अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और एक्सप्रेसिव एक्टिंग के लिए मशहूर आर्यन प्रजापति, जो हप्पू की उलटन पलटन में ऋतिक का किरदार निभा रहे हैं, ने हाल ही में दर्शकों को अपने बिल्कुल नए अवतार से चौंका दिया। शो के नए बेटिंग-थीम्ड ट्रैक के लिए पहली बार आर्यन को पूरी तरह बदला हुआ लुक अपनाना पड़ा, जिसमें उन्हें खुद को बचाने के लिए एक अलग पहचान में दिखाया गया है। आर्यन ने इस चुनौती को बड़ी उत्सुकता और आत्मविश्वास के साथ स्वीकार किया। उनका यह मेकओवर कहानी में नया ट्विस्ट लाता है और बतौर कलाकार उनकी बढ़ती वर्सेटिलिटी भी दिखाता है।

अपने इस बदलाव के बारे में आर्यन प्रजापति उर्फ ऋतिक ने कहा, पहली बार मुझे पूरी तरह से एक अलग लुक में आना पड़ा, और सच कहूं तो यह एक साथ रोमांचक और अजीब दोनों था। इस कहानी में ऋतिक को अपनी पहचान छिपानी थी, इसलिए मुझे बिल्कुल नया अवतार लेना पड़ा। जब मैंने मेकअप के बाद खुद को आईने में देखा, तो यकीन ही नहीं हुआ कि यह मैं हूं! इसकी तैयारी में काफी धीरज रखना पड़ा, क्योंकि हेयर और मेकअप सेट करने से लेकर एक्सप्रेशन्स और बॉडी लैंग्वेज बदलने तक, ताकि लुक नैचुरल लगे। मैंने जारा वारसी और सोनल पंवार दीदी से भी मदद ली और देखा कि लड़कियां कैसे बैठती, बात करती और रिएक्ट करती हैं, ताकि परफॉर्मेंस मजेदार भी रहे और असली भी, बिलकुल ऋतिक की तरह। यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मजा बहुत आया क्योंकि इससे मुझे अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आने का मौका मिला। इस अनुभव ने महसूस कराया कि एक एक्टर के पास कितने रंग होते हैं, बस जरूरत होती है तो सिर्फ एक मौके की।

आर्यन प्रजापति को ऋतिक के रूप में देखिये, हप्पू की उलटन पलटन में, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 10 बजे सिर्फ एण्डटीवी पर!

## कर्नाटक में सिद्धरमैया और डीके के बीच समझौता... तूफान के आने से पहले की शांति

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के विपक्षी दलों और राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कर्नाटक के नाटक को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच 'समझौता' अस्थायी है। उन्होंने कहा, यह तूफान से पहले की शांति और एक 'रणनीतिक समायोजन' है। लेकिन कांग्रेस ने मुद्दे पर भ्रम पैदा करने के लिए विपक्ष और मीडिया को जिम्मेदार ठहराया। एक महीने से चल रहे सत्ता संघर्ष के बाद दोनों नेताओं ने शनिवार को सिद्धरमैया के आवास पर नाश्ते पर मुलाकात कर मतभेदों के दूर होने की बात कही। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने बाद में प्रेसवार्ता को संबोधित किया, एकता का प्रदर्शन कर ऐलान किया कि वे पार्टी आलाकमान का कहना मानने वाले है। इस तरह, उन्होंने मुख्यमंत्री परिवर्तन पर विवाद को खत्म करने की कोशिश की। कथित तौर पर 2023 में कर्नाटक में सरकार बनाते समय सहमति बनी थी कि ढाई साल के कार्यकाल के बाद शिवकुमार मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने हैं, और ढाई साल नवंबर 2025 में पूरे हुए।

राज्य की मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रकाश शेषराघवचार के मुताबिक जिस बैठक के परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हुआ, वह ''हर असहमति को सुलझाने के बारे में कम और कामकाजी सद्भाव को बहाल करने के बारे में अधिक थी''। उन्होंने दावा किया, ''यह केवल एक अस्थायी समझौता है। एक बार जब कोई राजनीति में अति महत्वाकांक्षी होता है, तब आप उस शख्स को कुछ समय के लिए शांत करा सकते हैं, लेकिन यह फिर से उभरेगा।' बीजेपी नेता शेषराघवचार के मुताबिक, शिवकुमार ने अपने समर्थकों को उनके पक्ष में आवाज उठाने के लिए उकसाया था। इसके बाद ''शिवकुमार के समर्थक विधायक दिल्ली गए और कुछ संत भी उनके समर्थन में आए। अब डीके पीछे नहीं हट सकते। इस बात से उनकी प्रतिष्ठा को धक्का लगेगा। अब उनके सामने करो या मरो की स्थिति है, जिसे उन्होंने खुद न्यौता दिया है। हो सकता है कि मीडिया या किसी और माध्यम से इस नए सिरे से शुरू करने के लिए वह कुछ समय तक चुप रहें।''

भाजपा नेता ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस अब दो गुटों में बंट चुकी है और इसकी लड़ाई राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जैसी हो गई है, जहां गुटबाजी ने चुनाव में इसकी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया है। अन्य विपक्षी पार्टी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के विधान पार्षद (एमएलसी) टी ए शरवण ने बताया कि इस विवाद ने दोनों नेताओं और उनकी पार्टी को जनता के सामने पहले ही बेनकाब किया है, लेकिन अब वे अपने झगड़े को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''राज्य के लोग एकता के इस प्रदर्शन को स्वीकार नहीं करने वाले है। कर्नाटक सरकार लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में असमर्थ है और विकास कार्यों को करने में विफल रही है। इसलिए, मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने नाटक का मंचन किया।''

वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक रामकृष्ण उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने सिर्फ सुलह-समझौते का काम किया है, जो ज्यादा दिन नहीं रहने वाला है। उन्होंने कहा, ''कल की नाश्ते पर बैठक आलाकमान के आदेश पर हुई थी, इस उन्होंने (मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने) स्वेच्छा से नहीं किया था। उनके बीच पहले से ही मतभेद थे। नाश्ते पर बैठक और प्रेसवार्ता आलाकमान द्वारा पूरी तरह से सुनियोजित कदम था। वरिष्ठ पत्रकार उपाध्याय ने कहा, ''सिद्धरमैया और शिवकुमार ने ठीक वहीं किया, जो उन्हें बताया गया था, कि वे साथ हैं, उनमें एकता है, उनके बीच कोई मतभेद नहीं हैं और वे कांग्रेस आलाकमान की बातों पर अड़े रहने वाले है। लेकिन इतने महीनों और पिछले एक हफ्ते से चल रही तीखी खींचतान के बाद, क्या समाधान की कोई संभावना है? नतीजा शून्य है।''



उनके अनुसार, नाश्ते की बैठक में कुछ भी हासिल नहीं हुआ, क्योंकि इसमें स्पष्टता का अभाव था कि क्या आलाकमान ने डीके को मुख्यमंत्री बनाने के संबंध में कोई वादा किया था। कांग्रेस प्रवक्ता एम. लक्ष्मण ने जोर देकर कहा कि दोनों नेताओं के बीच किसी भी समय कोई मतभेद नहीं था। लक्ष्मण ने बताया कि ''मतभेदों का विमर्श भाजपा और जनता दल (एस) और मीडिया के एक वर्ग का नतीजा है। अगर कोई समझौता हुआ था, तब वह कांग्रेस का अंदरूनी मामला था और फैसले पार्टी को लेने थे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**